राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 91
लखनऊ, सोमवार 18 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





भाजपा में न मतभेद था, न है, न होगा : केशव प्रसाद मौर्य 03

परिवारवाद व भ्रष्टाचार में सबसे आगे महाआघाड़ी गैंग : पुष्कर सिंह धामी 12


## नेताजी की 85वीं जयंती पर बीजेपी ने होर्डिंग लगवाकर किया नमन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की 85वीं जयंती के अवसर पर लखनऊ स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के बाहर एक होर्डिंग लगाई गई है। इसमें नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है।

होर्डिंग में मुलायम सिंह यादव के साथ उनकी बहू और बीजेपी नेता अपर्णा यादव की तस्वीर भी साफ दिखाई दे रही है। इस होर्डिंग को बीजेपी कार्यकर्ता चौधरी विवेक बलियान ने लगवाया है। होर्डिंग पर लिखा है-श्रद्धेय नेताजी को 85वीं जयंती पर शत-शत नमन।

इस कदम ने राजनीतिक गलियारों में चर्चा छिड़ गई है। अपर्णा यादव, जिन्होंने 2022 में बीजेपी का दामन थामा था, उनके नेताजी से जुड़ाव को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। चर्चा है कि यह कदम नेताजी के सम्मान में उठाया गया है। सपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने इस पर नाराजगी भी जताई है। वहीं, बीजेपी ने इसे अपर्णा यादव की व्यक्तिगत श्रद्धांजलि बताया है।

## डीआरडीओ ने किया लंबी दूरी की पहली हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण

▸ भारत महत्वपूर्ण व उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियों की क्षमताओं वाले चुनिंदा देशों के समूह में शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लंबी दूरी की पहली हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया है।



रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि यह परीक्षण शनिवार को देर रात ओडिशा के तट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया। इस हाइपरसोनिक मिसाइल को सशस्त्र बलों के लिए 1,500 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर विभिन्न पेलोड ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। मिसाइल को विभिन्न डोमेन में तैनात विभिन्न रेंज प्रणालियों द्वारा ट्रैक किया गया था। उड़ान डेटा ने सफल टर्मिनल युद्धाभ्यास और उच्च सटीकता के साथ प्रभाव की पुष्टि की है। इस मिसाइल को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल कॉम्प्लेक्स, हैदराबाद की प्रयोगशालाओं के साथ-साथ विभिन्न अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और उद्योग भागीदारों द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। उड़ान-परीक्षण डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों और सशस्त्र बलों के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में उड़ान-परीक्षण को ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि बताया, जिसने भारत को महत्वपूर्ण और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियों की क्षमताओं वाले चुनिंदा देशों के समूह में डाल दिया है। उन्होंने सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग को बधाई दी।

### स्पेसएक्स इसरो के जीसैट-एन-2 उपग्रह को करेगा प्रक्षेपित

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के उन्नत संचार उपग्रह जीसैट-एन2 को स्पेसएक्स सोमवार को अमेरिका के फ्लोरिडा में केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स 40 (एसएलसी-40) से जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में प्रक्षेपित करेगा। दो घंटे की विंडो दोपहर 1.31 बजे ईटी पर खुलेगी। स्पेसएक्स ने अपनी वेबसाइट पर कहा यदि आवश्यक हो तो मंगलवार, 19 नवंबर को सुबह 4.33 बजे ईटी पर खुलने वाली दो घंटे की विंडो के दौरान बैकअप अवसर उपलब्ध है। चरण पृथक्करण के बाद पहला चरण जस्ट रीड द इंस्ट्रक्शन्स ड्रोनशिप पर उतरेगा जो अटलांटिक महासागर में तैनात होगा। इसरो ने कहा जीसैट-20 इसरो द्वारा विकसित एक संचार उपग्रह है और इसे स्पेसएक्स फाल्कन 9 द्वारा लॉन्च किया जाएगा। यह फाल्कन की 19वीं उड़ान होगी। यह एक वाणिज्यिक मिशन होगा। हालांकि इसरो के एलएमवी-3 में जीटीओ में 4,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को प्रक्षेपित करने की क्षमता है लेकिन भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने इसे एलन मस्क के स्वामित्व वाले स्पेसएक्स के अमेरिका से फाल्कन-9 लॉन्च वाहन का उपयोग करके लॉन्च करने का विकल्प चुना। इसका वजन 4,700 किलोग्राम है।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीन के अंदर लगाए गए आईईडी बरामद, किया निष्क्रिय

**बलरामपुर।** बलरामपुर झारखंड सीमा पर स्थित सामरी पाट इलाके में आज रवि?वार को सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबल के जवानों को निशाना बनाने के लिए यहां नक्सलियों ने एक आईईडी को प्लांट किया था, जिसे समय रहते जवानों ने बरामद कर माओवादियों की साजिश को विफल कर दिया। बलरामपुर के एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि, सुरक्षाबल के जवानों ने बलरामपुर झारखंड बॉर्डर पर सघन सर्चिंग अभियान चला रखा है। यहां सर्चिंग के दौरान फोर्स की टीम को सामरी के पुदांग इलाके में एक आईईडी मिला। इस आईईडी को नक्सलियों ने सड़क के किनारे जमीन में प्लांट कर रखा था। आईईडी को जब्त करने के बाद फोर्स की बीडीएस टीम को बुलाया गया और आईईडी को डिफ्यूज किया गया। बम निरोधक दस्ते के जिला प्रभारी मंजीत सिंह के नेतृत्व में टीम ने आईईडी को डिफ्यूज किया है।

### दिल्ली सरकार की विफलताओं पर आरोप पत्र तैयार करेगी भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली सरकार की विफलताओं के खिलाफ आरोप पत्र तैयार करने के लिए समिति का गठन किया है। इस समिति में विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता संयोजक की भूमिका में होंगे। इसके अलावा समिति में पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी, पार्टी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा, सरदार आरपी सिंह, आरती मेहरा, राजा इकबाल सिंह, सुनीता कांगड़ा, कपिल मिश्रा, हरीश खुराना, रिचा मिश्रा और गुलशन विरमानी का नाम शामिल हैं।

### सिद्दीकी हत्याकांड का एक आरोपी आकोला में गिरफ्तार

**मुंबई।** पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के एक आरोपित को मुंबई पुलिस ने रविवार को आकोला जिले में गिरफ्तार किया है। इस मामले में मुंबई पुलिस द्वारा यह 25वीं गिरफ्तारी है। गिरफ्तार किए गए आरोपित सलमानभाई इकबालभाई वोहरा पर बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में आर्थिक मदद करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार हो गई है. अपराध शाखा के अधिकारियों के मुताबिक, गुजरात के आनंद जिले के पेटलाड के रहने वाले सलमानभाई इकबालभाई वोहरा को महानगर से 565 किलोमीटर दूर अकोला के बालापुर से गिरफ्तार किया गया। 12 अक्टूबर को बांद्रा ईस्ट के निर्मल नगर इलाके में जीशान सिद्दीकी के ऑफिस के पास पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने वोहरा को लेकर कुल 25 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### गैस चैंबर बनी दिल्ली, कल से ग्रैप चार की पाबंदियां होंगी लागू

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में रविवार को वायु प्रदूषण खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया। राजधानी गैस के चैंबर में बदलती दिखाई दी। बढ़ते खतरे को देखते हुए केंद्र की वायु गुणवत्ता प्रबंधन समिति ने आपात बैठक कर सोमवार से ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान 4 की पाबंदियों को लगाने का फैसला किया है। कल से राजधानी में ग्रेप 4 लागू हो जाएगा। रविवार को केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन समिति ने बताया कि सोमवार सुबह आठ बजे से ग्रेडेड एक्शन प्लान (ग्रेप)-4 की पाबंदियां लागू की दी जाएंगी। दिल्ली-एनसीआर में रविवार रात 8 बजे कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 462 दर्ज किया गया। प्रदूषण का स्तर बेहद गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है।

## भारत व नाइजीरिया के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं

▸ दोनों देशों ने तीन अहम समझौता ज्ञापनों पर किया हस्ताक्षर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और नाइजीरिया के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम, सीमा शुल्क सहयोग और सर्वेक्षण सहयोग पर तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी 17 से 18 नवंबर 2024 तक नाइजीरिया की राजकीय यात्रा पर हैं। उन्होंने अबुजा में नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के साथ आधिकारिक वार्ता की। दोनों नेताओं के बीच एक निजी बैठक हुई, जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई।

दोनों नेताओं ने संबंधों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए इस बात पर सहमत जताई कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, शिक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने नाइजीरिया को कृषि, परिवहन, सस्ती दवा, नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल परिवर्तन में भारत के अनुभव की पेशकश की। राष्ट्रपति टीनूबू ने भारत द्वारा पेश विकास सहयोग साझेदारी और स्थानीय क्षमता, कौशल और पेशेवर विशेषज्ञता बनाने में इसके सार्थक प्रभाव की सराहना की। दोनों नेताओं ने रक्षा और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। उन्होंने आतंकवाद, समुद्री डकैती और कट्टरपंथ से संयुक्त रूप से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। राष्ट्रपति टीनूबू ने वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट्स के माध्यम से विकासशील देशों की चिंताओं को बढ़ाने के भारत के प्रयासों को स्वीकार किया। प्रधानमंत्री ने पश्चिमी अफ्रीकी देशों के आर्थिक संगठन के अध्यक्ष के रूप में नाइजीरिया द्वारा निभाई गई भूमिका और बहुपक्षीय और बहुलवादी निकायों में इसके योगदान की सराहना की।

### प्रधानमंत्री मोदी को मिला नाइजीरिया का सर्वोच्च सम्मान

**नई दिल्ली।** नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' पुरस्कार से सम्मानित किया। इससे पहले यह सम्मान सिर्फ महारानी एलिजाबेथ को ही मिला है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी यह सम्मान पाने वाले दूसरे विदेशी नेता हैं। इससे पहले 1969 में ब्रिटेन की महारानी को इस सम्मान से सम्मानित किया गया था। यह किसी देश की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाने वाला 17वां ऐसा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है। इसको गौरव का क्षण बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं इसे बहुत विनम्रता से स्वीकार करता हूँ और इसे भारत के लोगों को



समर्पित करता हूँ। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि भारत और नाइजीरिया के संबंध आपसी सहयोग, सद्भाव और परस्पर सम्मान पर आधारित हैं। दो वाइब्रेंट लोकतंत्र और डायनेमिक अर्थव्यवस्था के रूप में हम मिलकर दोनों देशों के लोगों की भलाई के लिए काम करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और नाइजीरिया मिलकर दोनों देशों के लोगों और पूरे अफ्रीका महाद्वीप की समृद्धि के लिए मिलकर आगे बढ़ेंगे।

### एनपीपी ने भाजपा के नेतृत्व वाली मणिपुर सरकार से समर्थन लिया वापस

**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा नेतृत्व वाली नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने रविवार को मणिपुर की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। उन्होंने भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा को लिखे पत्र में मणिपुर में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इस संकट को हल करने में विफल रहने के लिए एन बीरेन सिंह सरकार की आलोचना की गई है। कॉनराड संगमा ने पत्र में लिखा, हमें दृढ़ता से लगता है कि बीरेन सिंह नेतृत्व वाली मणिपुर राज्य सरकार संकट को हल करने और सामान्य स्थिति बहाल करने में पूरी तरह विफल रही है। वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए नेशनल पीपुल्स पार्टी ने मणिपुर में बीरेन सिंह नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन तत्काल प्रभाव से वापस लेने का फैसला किया है। सरकार के एक अन्य सहयोगी दल कूकी पीपुल्स अलायंस ने एक वर्ष पहले एनडीए से हटने की घोषणा की थी। नेशनल पीपुल्स पार्टी के समर्थन वापस लेने से सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि राज्य में भाजपा के पास पूर्ण बहुमत है। 60 सदस्यों वाली मणिपुर विधानसभा में भाजपा के 32 विधायक, एनपीपी के सात, एनपीएफ के पांच, जेडीयू के छह, कांग्रेस के पांच, केपीए क दो तथा निर्दलीय तीन विधायक हैं।

## उप्र विधान सभा उपचुनाव : सभी नौ सीटों पर आज थम जाएगा प्रचार

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में कानपुर की सीसामऊ समेत नौ विधान सभा सीटों पर 20 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार का शोर सोमवार की शाम 5 बजे थम जाएगा। प्रचार के अंतिम चरण में रविवार को सभी उम्मीदवारों ने अपनी ताकत दिखाने का पूरा प्रयास किया। वोटरों को रिझाने के लिए उम्मीदवारों ने सभी प्रकार के जतन किए। सत्ताधारी दल और विपक्षी दलों के नेता चुनावी क्षेत्रों में डटे हुए हैं।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सोमवार को भाजपा वाहन जुलूस निकालकर अपनी ताकत का अहसास कराएगी। वहीं सपा की ओर से सांसद डिंपल यादव कानपुर में रोड शो कर वोटरों को अपने उम्मीदवार के पक्ष वोट देने की अपील करेंगी। सभी दल अपनी ताकत झोंकने की तैयारी करने में लगे हैं। अब पुलिस ने एक एड्वाइजरी जारी की है, जिसमें चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद को लेकर दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस एडवाइजरी में कहा गया है कि चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद 18 नवंबर की रात 12 बजे से पूरी विधानसभा में सघन निरीक्षण किया जाएगा। ऐसे में सीसामऊ विधानसभा में जो मतदाता नहीं हैं, उनके



घुसने पर प्रतिबंध रहेगा। किसी राजनीतिक दल का पदाधिकारी और प्रभारी अगर कानपुर में रुकता है, तो उसे अपने ठहरने के स्थान के बारे में बताना होगा। प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद संबंधित पदाधिकारी का आवागमन केवल दल कार्यालय और ठहरने के स्थान के बीच ही होगा। पुलिस का कहना है कि इस दौरान विधानसभा में आने वाले गेस्ट हाउस, सामुदायिक भवन आदि की जांच कर यह देखा जाएगा कि कहीं पर कोई बाहरी व्यक्ति तो ठहरा हुआ नहीं है। होटल, लॉज और गेस्ट हाउस में ठहरने वाले व्यक्तियों की भी जांच की जाएगी। इसके अलावा आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा। वहीं 20 नवंबर को सीसामऊ में होने वाले मतदान को लेकर सार्वजनिक अवकाश भी घोषित कर दिया गया है। इसके अलावा मतदाताओं को बताया गया है कि अगर उनके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं हैं, तो वह अन्य विकल्पों से मतदान कर सकते हैं।

### कैलाश गहलोत ने मंत्रिमंडल व आप की प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मंत्रिमंडल एवं आम आदमी पार्टी (आप) की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। श्री गहलोत ने आज इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को एक चिट्ठी भी लिखी है। उन्होंने पत्र में इस्तीफा देने की वजह लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं करना बताया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि शीशमहल जैसे कई शर्मनाक और अजीबोगरीब विवाद हैं जो अब सभी को संदेह में डाल रहे हैं कि क्या हम अभी भी आम आदमी होने में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा अगर दिल्ली सरकार अपना अधिकांश समय केंद्र से लड़ने में बिताती है तो दिल्ली के लिए वास्तविक प्रगति नहीं हो सकती। मेरे पास आप से अलग होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

## विद्यार्थी जीवन से आती है चुनौतियों को अवसर में बदलने की क्षमता : बिरला

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि दुनिया की 21वीं शताब्दी भारत की शताब्दी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। हर दिशा में भारत आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व क्षमता के कारण दुनिया में भारत का विश्वास बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि भौतिक संसाधनों में तेजी से आगे बढ़ रहा भारत आज आध्यमिक, धर्म और संस्कारों के कारण दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। दुनिया के विकसित देशों के अंदर भी उस विकसित देश को आगे बढ़ाने में भारत के नौजवानों का योगदान है। रविवार को प्रेमनगर नंदा की चौकी स्थित एक स्कूल



के वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि हर चुनौतियों को अवसर में बदलने की क्षमता विद्यार्थी जीवन से आती है। आज विद्यार्थी जीवन में ऐसे संस्कार व शिक्षा दिए जाने की आवश्यकता है कि दुनिया की 21वीं शताब्दी भारत की शताब्दी हो। यह जिम्मेदारी नौजवानों की है। भारत में कई ऐसी शख्सियत हैं जिन्होंने अभावों में रहकर कठिन चुनौतियों से विज्ञान व तकनीकी में बड़े अविष्कार किए हैं। पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के जीवन से बड़ी प्रेरणा मिलती है।

### बालाघाट में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़, जवान घायल

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में रूपझर थाना क्षेत्र की सोनगुड्डा पुलिस चौकी के तहत कुंदुल जंगल में रविवार को दोपहर पुलिस सर्चिंग पार्टी और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दोनों तरफ से गोलियां चलीं, जिसमें हॉकफोर्स का एक जवान घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया रेफर किया गया है। बालाघा के पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि रविवार सुबह 11 से दोपहर 12 बजे के बीच पुलिस को जीआरबी डिवीजन के नक्सलियों के होने की जानकारी मिली थी। हॉक फोर्स की टीम ने सर्च अभियान चलाया। फोर्स जब रूपझर थाना अंतर्गत सोनगुड्डा चौकी के कुंदुल जंगल में थी, तभी हॉक फोर्स और नक्सलियों में आमना-सामने हो गया।

## कांग्रेस ने कभी भी देश को महत्व नहीं दिया

एजेंसी

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने रविवार को कोल्हापुर की चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस ने कभी भी देश को महत्वपूर्ण नहीं समझा। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की विभाजन नीति का ही परिणाम है कि देश का विभाजन हो गया।

कांग्रेस के कालखंड में आतंकवाद बढ़ा, लेकिन नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद किसी ने भी देश की ओर टेढ़ी नजर से नहीं देखा। ये नया भारत है, कोई छेड़ेगा तो उसे छोड़ेंगे नहीं। योगी आदित्यनाथ आज कोल्हापुर जिले में एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। योगी आदित्य नाथ ने कहा कि ये चुनाव न सिर्फ सत्ता के लिए, बल्कि महाराष्ट्र



और देश के लिए भी अहम है। एक तरफ एनडीए गठबंधन है और दूसरी तरफ नैतिकता से रहित गठबंधन है। महाविकास अघाड़ी में नूरा कुश्ती चल रही है। पवार और ठाकरे के बीच लड़ाई चल रही है और वे खुद को और देश को खतरे में डाल देंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास देश को धमकाने का रहा है। अगर कांग्रेस न होती तो ये देश कभी न टूटता। अगर देश न टूटा होता तो आज पाकिस्तान न होता। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर बाला साहेब ठाकरे होते तो क्या वे कांग्रेस के साथ गठबंधन करते? लेकिन उद्धव ठाकरे ने बाला साहेब के मूल्यों को किनारे रखकर कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया।

### जो चुनाव टालेंगे वो हारेंगे



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अयोध्या में कहा कि जिन्होंने चुनाव टाले हैं वे हारेंगे।
अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा को उपचुनाव हारने का एहसास हो गया था, इसी कारण चुनाव टाल दिए गए। सपा नेता ने कहा कि 13 नवंबर को उपचुनाव होने वाले थे। बाहर रहने वाले लोग त्योहारों पर छुट्टी पर घर आए थे। उन्होंने मन बना लिया था कि 13 नवंबर को भाजपा को हराकर वापस काम पर जाएंगे।

## समाजवादी पार्टी ही आपकी सच्ची हितैषी, जो सबको साथ लेकर चलती है

### डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने करहल विस में प्रत्याशी के पक्ष में बनाया माहौल, मोहल्ला काजी, सब्जी मण्डी, सदर बाजार व ग्राम नवीपुर पोस्ट हाजीपुर नेरा (बरनाल) में भी मिला अपार समर्थन

समृद्धि न्यूज

**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने मैनपुरी की विधानसभा करहल के कई क्षेत्रों में डोर-टू-डोर जन सम्पर्क कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर भारी बहुमत से जिताने की मतदाताओं से अपील की। इस विधानसभा पर उपचुनाव हो रहा है। पहले यहां से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को जनता ने जिताया था।

लोकसभा सांसद बन जाने पर यह विधानसभा खाली हुई। जिस पर उप चुनाव कराया जा रहा है। इस सीट पर मैनपुरी के पूर्व सांसद तेजप्रताप सिंह यादव चुनाव लड़ रहे हैं। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव ने करहल विधानसभा के मोहल्ला काजी, सब्जी मण्डी, सदर बाजार में सघन जन सम्पर्क कर मतदाताओं के बीच अपनी बात रखी और सपा सरकार में कराये गये विकास कार्य व जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए मतदाताओं से कहा कि समाजवादी पार्टी ही समाज की सच्ची हितैषी है। हमारी पार्टी सर्व समाज की बात करती है। किसी के बहकावे में न आयें। कुछ लोग मतदाताओं को धर्म और जाति के नाम पर गुमराह करने का काम कर रहे है। उस पर ध्यान न दें। जैसे आपने लोकसभा चुनाव में अपार समर्थन देकर जिताया। वैसे ही भाई तेज प्रताप सिंह यादव को भारी मतों से जिताकर विधानसभा पहुंचाने का काम करें।



करहल के कई क्षेत्रों में डोर-टू-डोर जनसंपर्क के दौरान डॉ. जितेंद्र सिंह यादव



बुजुर्ग महिला से आशीर्वाद लेते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

जन सम्पर्क के दौरान डा0 जितेन्द्र सिंह यादव का स्थानीय लोगों ने जगह-जगह माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने करहल विधानसभा की ग्राम नवीपुर पोस्ट हाजीपुर नेरा (बरनाल) में डा0 आरके शर्मा के यहां चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचकर माथा टेंका और कथा सुन रहे श्रोताओं से समक्ष अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भगवान के दरबार से कोई खाली हाथ नहीं जाता। हम सपा प्रत्याशी भाई तेज प्रताप सिंह यादव के लिए आप सबसे वोट मांग रहे हैं, तो सभी ने उनसे कहा कि पहले से अधिक मतों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी की जीत होगी। डन्होंने कई अन्य क्षेत्रों में भी जन सम्पर्क किया।

# जिलेभर के सरकारी, निजी अस्पतालों में अफसरों ने परखी अग्नि सुरक्षा-व्यवस्था

- जिला अस्पताल पहुंचे सीडीओ, अग्नि व विद्युत सुरक्षा इंतजामों को परखा, दिए निर्देश
- सीडीओ संग सीएमओ, सीएफओ ने भी देखे सुरक्षा इंतजाम



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

चिकित्सालयो में विद्युत सुरक्षा और फायर सेफ्टी प्रबंध को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, सीएफओ डॉ एआर शर्मा संग जिला अस्पताल मोतीपुर (ओयल) एवं सभी एसडीएम, एमओआईसी ने अपने तहसील क्षेत्र के सरकारी और निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया। अग्नि सुरक्षा और विद्युत सुरक्षा के इंतजामों को परखा।

रविवार को सीडीओ अभिषेक कुमार पूरे दलबल के साथ अचानक जिला चिकित्सालय पहुंचे, अस्पताल में सीडीओ के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने आग से निपटने के लिए लगाए गए फायर यंत्रों की जांच की। सीडीओ ने खुद अस्पताल में लगे सेंट्रल फायर सिस्टम को चेक किया और उचित दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा वार्डों में लगाए गए अग्निशमन यंत्रों की भी जांच की गई और जिसमें उनके एक्सपायरी भी देखी गई। सीडीओ अभिषेक कुमार ने सीएमएस को निर्देशित किया कि अस्पताल में सुरक्षा मानकों, इमरजेंसी हालात से निपटने की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। अधिकारियों ने अस्पतालों में आग बुझाने संबंधी व्यवस्थाओं का लिया जायजा लेकर पैरामेडिकल स्टाफ को समय समय पर अग्निशमन यंत्र से आग बुझाने का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के निर्देश दिए।

सीडीओ ने जिला चिकित्सालय में 02 दिन के भीतर फायर सेफ्टी ड्रिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्रमशः एनआरसी, चिल्ड्रन वार्ड, पीकू वार्ड में विद्युत एवं अग्नि सुरक्षा के इंतजामों की पड़ताल की। उन्होंने भर्ती बच्चों के संबंध में तिमारदारों एवं प्रभारी सीएमएस डॉ आरपी वर्मा से जानकारी ली। उन्होंने फायर पंप का भी जायजा लिया। निर्देश दिए कि पंप चलाकर जहां-जहां लीकेज आदि की समस्या दिखे उसे तत्काल दुरुस्त कराए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### एसडीएम की अध्यक्षता में तहसीलस्तर पर टीमें गठित, करेंगी फॉयर एवं विद्युत ऑडिट

डीएम ने जनपद लखीमपुर-खीरी के समस्त सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों का फॉयर एवं विद्युत ऑडिट कराये जाने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रत्येक तहसील स्तर पर टीमें गठित की गई है। इस टीम मेंअधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (संबंधित तहसील) मुख्य अग्निशमन अधिकारी/ अग्निशमन अधिकारी (संबंधित तहसील) शामिल है।

चिकित्सालय में फायर सेफ्टी के लिए अत्याधुनिक उपकरणों की क्रियाशीलता को भविष्य में भी सुनिश्चित रखा जाए। जिलेभर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं निजी चिकित्सालय में एसडीएम की अगुवाई में एमओआईसी, अग्निशमन विभाग के उत्तरदाई अफसरो ने विद्युत एवं फायर सेफ्टी प्रबंधन की जमीनी हकीकत जानी और संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। वही उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार सिंह ने सीएफओ के साथ निजी चिकित्सालय अनुपम नर्सिंग होम गुप्ता नर्सिंग होम सृजन नर्सिंग होम सहित अन्य चिकित्सालयों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों के संबंध में गहन पड़ताल की।

## मेला में उमड़ा जनसैलाब, खूब हुई खरीदारी

**ईसानगर खीरी।** ईसानगर क्षेत्र के ढुठवा मेला में काफी संख्या में लोग पहुंचे और मेले का आनंद लिया। धौरहरा तहसील क्षेत्र के ईसानगर क्षेत्र में लगने वाला ढुठवा मेला शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा से शुरू हो गया था जो हफ्ते भर चलेगा।लगातार बड़ी संख्या मे मेले में आए लोगों ने खूब खरीदारी की। मेले में मुख्य रूप में मिठाइयां, खिलौने, लाइया, जलेबी आदि खूब बिका। वहीं निरंकार व हरीश जैसे भूत पूर्व बच्चों ने झूले और सर्कस का आनंद उठाया। क्षेत्र की मशहूर मिठाई ढुठवा मेला में खूब बिकी, मीना बाजार भी गरम रही। खूब बिका हर माल। सुरक्षा व्यवस्था की कमान ईसानगर प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार गंगवार, के साथ अन्य स्टाप के सहयोग से बेहतर रही।



# गोली लगने से युवक घायल, जिला अस्पताल रेफर

- घायल ने गंगापुर गांव के कुछ युवकों पर गोली चलाने का आरोप लगाया

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना मैलानी क्षेत्र के अंतर्गत बांकेगंज पुलिस चौकी के गांव ग्राम प्रतापपुर ग्रन्ट नं 10 के निवासी अरुण सिंह के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अवस्था में सीएचसी बांकेगंज लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय लखीमपुर के लिए रेफर कर दिया गया। घायल अरुण कुमार ने गंगापुर गांव के कुछ युवकों पर गोली चलाने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। घायल अरुण कुमार ने बताया कि सुबह वह अपने खेत से घर वापस आ रहा था। उस समय गंगापुर गांव के निवासी मदन, प्रताप, गोविंद, विकास ने गोली मार दी। गोली चलने की बात पूरे क्षेत्र में फैल गई। जानकारी मिलने के बाद एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी बांकेगंज लाया गया। थाना प्रभारी मैलानी, बांकेगंज, कुकरा,



संसारपुर के चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मैलानी थाना प्रभारी ने मौका मुआयना करके घटना की जानकारी ली। उन्होंने गोली मारने की बात संदिग्ध मानी। आसपास खड़े लोगों ने बताया कि दोनों पक्षों में जमीन को लेकर विवाद हुआ है। आरोपित व्यक्ति घायल का भांजा है। शनिवार सुबह लगभग 11 बजे अरुण और उसकी पत्नी ने गंगापुर निवासी अपने बहनोई तेजा सिंह को बुरी तरह से पीटा था। जब वह अपने खेत में काम कर रहा था। जिसके बाद बांकेगंज अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें लखीमपुर जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया गया था। जहां उनका इलाज अब भी चल रहा है। उनके पैर में फैक्चर भी है। पुलिस को इसकी तहरीर भी दी गई थी। तेजा सिंह की बहन ने बताया कि रात में भी अरुण और उसके कुछ साथी पसियापुर गांव में साउंड चला रहे मदन को मारने के लिए अरुण और उसके कुछ साथी गांव में गए थे। वहां जब लोगों ने दौड़ाया तो वह बाइक गांव में ही छोड़कर भाग गया। मौके पर पुलिस भी गई थी और वह अरुण की बाइक को पुलिस चौकी ले आई थी। सुबह मेरा भतीजा चारा लेने के लिए गया हुआ था। वह चारा लेकर जैसे ही घर आया पुलिस ने फोन करके उसे चौकी बुलाया वह तुरंत अपनी बाइक लेकर चौकी चला गया। घटना के समय दो युवक गोला सब्जी लेने गए हुए थे। मदन के चचेरे भाई विजय ने बताया कि प्रताप चाचा तेजा सिंह के साथ कल से ही लखीमपुर अस्पताल में है। पुलिस चाहे तो इसकी भी जांच कर सकती है एक तो हमारा परिवार चाचा की हालत को लेकर पहले से ही परेशान है ऐसे में यदि पुलिस हम ही लोगों पर दबाव बनाती है तो यह हमारे साथ अन्याय ही होगा। घटना के संदिग्ध होने के कारण घायल अरुण ने गोली चलाने का आरोप लगाया है। यदि गोली सामने से चलाई जाती तो घुटने के नीचे पीछे की ओर नहीं लगती। दूसरे यदि कोई हत्या करने के इरादे से आता तो वह गोली पैर पर नहीं चलाता शरीर के ऊपरी हिस्से पर चलाता। तीसरा पुलिस के एक बार फोन करने से आरोपी पुलिस चौकी नहीं पहुंच जाते। आमतौर पर हत्या और हत्या का प्रयास करने वाले घटना के बाद फरार हो जाते हैं। जबकि मदन को पुलिस ने फोन करके बुलाया तो वह तुरंत अपनी बाइक लेकर पुलिस चौकी पहुंच गया।ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस में दिए गए प्रार्थना पत्र और अपने बहनोई की हालत गंभीर देखते हुए उसने स्वयं को बचाने के लिए किया है। गोला क्षेत्राधिकारी ने भी मामले के संदिग्ध होने के कारण जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होने की बात कही है।

# श्री रामलीला में नारद मोह की लीला हुआ मंचन

**उचौलिया खीरी।**

उचौलिया में चल रही रामलीला में शनिवार को नारद मोह लीला का मंचन किया गया जिसे देखकर दर्शक भाव-विभोर हो गए। देर रात तक ग्रामीण रामलील देखने के लिए जुटे रहे। रामलीला में दिखाया गया कि जब नारद जी पर्वत पर तपस्या कर रहे थे। तो इंद्र का सिंहासन डोलने लगा। तपस्या भंग करने के इंद्र ने काफी प्रयास किए, लेकिन वह नारद जी की तपस्या भंग नहीं कर सका। इससे नारद जी के अंदर अंहकार हो गया। जब भगवान श्री हरि विष्णु ने सोचा कि नारद को घमंड हो गया तो घमंड तोड़ने के लिए उन्होंने अपनी लीला रची। माया से शील नगरी का निर्माण किया और उसमे राजकुमारी का स्वयंवर रख दिया। नारद जी भी स्वयंवर पहुंचे और राजकुमारी के रूप को देखकर मोहित हो गए। वह ऐसा उपाय सोचने लगे जिससे राजकुमारी उन्हीं के लिए अपना वर चुने। जब



उन्होंने भगवान विष्णु को याद किया और उनसे हरिरूप मांगा। भगवान ने उन्हें बंदर का रूप दे दिया। वह स्वयंवर में पहुंचे तो राजकुमारी ने उनकी ओर देखा भी नहीं और जयमाला भगवान के गले में डाल दी। जब नारद जी ने देखा मेरे साथ विष्णु ने छल किया है तो वह क्षीर सागर पहुंचे और कहां की तुमने मेरे साथ छल किया है। इस तरह से मैं स्त्री वियोग में घूम रहा हूं भटक रहा हूं उसी तरह से तुम भी एक दिन स्त्री वियोग में बन वन भटकोगे। हरि विष्णु ने कहा की यह मेरी ही लीला थी। नारद ने कहा मुझसे गलती हो गई बिष्णु ने कहा ठीक है तव नारद ने कहा हे प्रभु यह वानर हीआपकी सहायता करेगें। भोलेनाथ का अभिनय इंद्रपाल प्रजापति नारद का अभिनय शंभू इंद्र का विनय विष्णु कश्यप कुशवाहा कामदेव का अभिनय राममिलन प्रजापति ने किया। अन्य कलाकारों में गोधन सिंह कुशवाहा शिवम सक्सेना रामकुमार कुशवाहा रामवीर कुशवाह कृष्ण बिहारी कुंज बिहारी अतुल सक्सेना जगमोहन लाल पुनीत गुप्ता सर्वेश विश्वकर्मा आदि लोगों का सहयोग रहा।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को मारी टक्कर, दोनों बाइकसवार गंभीर

- कोतवाली धौराहरा क्षेत्र की है घटना

**ईसानगर खीरी।**

कोतवाली धौराहरा क्षेत्र के रेहुआ धौरहरा मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों के सीएचसी ख़मरिया में भर्ती कराया। जहां दोनों की हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकुमार पुत्र भूरेलाल व राकेश पुत्र भूरेलाल निवासी पहाड़ियापुर थाना धौरहरा अपनी बाइक से घर जा रहे थे शनिवार की रात सरसवा चौराहे पर पीछे से आ रही ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गम्भीर रूप से जख्मी हो गए घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल राकेश व रामकुमार सरकारी अस्पताल खमरिया में भर्ती करवाया जहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद दोनों लोगों को हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



# जिले में उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धताः एआर कॉपरेटिव

- तहसील पर एडीसीओ, ब्लॉक पर एडीओ नोडल नामित, मोबाइल नंबर जारी, सहकारी समितियां के साथ 11 गन्ना सहकारी समितियों पर उर्वरक वितरण की सुविधा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में किसानों की समस्याओं का ध्यान रखते हुए उर्वरक की उपलब्धता बनाये रखने हेतु जनपद के 131 सहकारी समितियों (बी-पैक्स) के माध्यम से सकिय किसानों / सदस्यों को रबी एवं खरीफ अभियान के दौरान ऋष्ण वितरण एवं बीज, खाद, नैनो यूरिया आदि का वितरण किया जाता है। यह जानकारी एआर कॉपरेटिव रजनीश प्रताप सिंह ने दी। रबी अभियान की बुआई का पीक सीजन चल रहा है। जिसे किसानों द्वारा फॉस्फेटिक उर्वरक की लगातार मॉग की जा रही है। बी-पैक्स समितियों का उर्वरक वितरण में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इसका संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्यवाही करते हुए सीतापुर उर्वरक रैक प्वाइंट से 6 नवंबर को सामान्य कृभको फास्फेटिक उर्वरक 614 मै.टन एनपीके 12:32:16 जनपद लखीमपुर को प्राप्त हुई थी। समितियों एवं कृषकों की मॉग को दृष्टिगत रखते हुए 24 बी-पैक्स समितियों यथा बड़ागाँव, कंचनपुर, भदूरीगोपालपुर, पैला, दाउदपुर, रमुआपुर, भीरा, ग्रन्ट नं.-10, कुकराटाउन, अलीगंज, बस्तौली, गोकन, मूड़ागालिब, कलुआमोती, सुतेहरा, चुरईपुरवा, खैरीगढ़, नौरंगाबाद, भेड़ौरी, जसनगर, सिंगाही खुर्द, धौरहरा, बम्भौरी एवं सुजानपुर को प्रेषित की जा चुकी है तथा अवशेष फास्फेटिक उर्वरक अन्य समितियों को मॉग के आधार पर प्रेषण किया जा रहा है। इसके पूर्व प्रीपोजिशनिंग फास्फेटिक उर्वरक एनपीके 12:32:16 बी-पैक्स समितियों ग्रन्ट नं.-18, अवगांवा, पसगंवा, सुतेहरा, बनिकागॉव, भानपुर, भूलनपुर, गौरिया, जलालपुर, जड़ौरा एवं सिकन्द्राबाद को फास्फेटिक उर्वरक का आवंटन कर प्रेषण कर दिया गया है।

### सभी समितियों पर नैनो यूरिया, नैनो डीएपी भी उपलब्ध

जिले की लगभग सभी समितियों पर नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी भी उपलब्ध है। जिसका उपयोग किसान अपनी फसल में सुविधानुसार कर सकते हैं। समितियों पर उर्वरक प्रातः 10 बजे से लेकर सायं 05 बजे तक नियमानुसार वितरण किया जाता है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर विभाग द्वारा कार्यवाही भी की जा रही है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि जनपद में 11 गन्ना सहकारी समितियों विकास खण्ड लखीमपुर में सहकारी गन्ना समिति लि., लखीमपुर, सहकारी गन्ना समिति लि., अरनीखाना, सहकारी गन्ना समिति लि., फरधान विकास खण्ड गोला में सहकारी गन्ना समिति लि., गोला विकास खण्ड बिजुआ में सहकारी गन्ना समिति लि., भीरा, विकास खण्ड मोहम्मदी में सहकारी गन्ना समिति लि., मोहम्मदी, सहकारी गन्ना समिति लि., जंगबहादुरगंज विकास खण्ड मितौली में सहकारी गन्ना समिति लि., मैगलगंज विकास खण्ड पलिया में सहकारी गन्ना समिति लि., पलिया, सहकारी गन्ना समिति लि., सम्पूर्णानगर एवं विकास खण्ड धौरहरा सहकारी गन्ना समिति लि., ऐरा के माध्यम से भी उर्वरक वितरण किया जाता है।

**11 गन्ना सहकारी समितियों पर उर्वरक वितरण की सुविधा**

**फास्फेटिक उर्वरक से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु कंट्रोल रूम पर करें संपर्क:** एआर कॉपरेटिव रजनीश प्रताप सिंह ने बताया कि जिला स्तर पर फास्फेटिक उर्वरक से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित है। जिसके प्रभारी प्रतीक कुमार शुक्ला जिनका मोबाइल नं0-7007918909 पर सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। साथ ही यह भी अवगत कराया कि जनपद में किसानों को उर्वरक की समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिये निरन्तर उर्वरक उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**समितियां को भेजी 1135 एमटी डीएपी:** एआर कॉपरेटिव रजनीश प्रताप सिंह ने बताया कि गत दिवस सीतापुर में रैक आई है, जिसमें 1135 एमटी डीएपी जनपद लखीमपुर खीरी को मिली है, जिसे 59 बी-पैक्स एवं अन्य सहकारी समितियां को आवंटन के अनुसार प्रेषित किया जा रहा है, जिससे ब्लॉक और तहसील में पर्याप्त उर्वरक की उपलब्धता बनी रहेगी।

**तहसील पर एडीसीओ, ब्लॉक पर एडीओ नोडल नामित, मोबाइल नंबर जारी:** एआर कॉपरेटिव ने बताया कि जनपद में किसानों की समस्या के निराकरण के लिये ब्लाक स्तर पर सहायक विकास अधिकारी (सह0) एवं तहसील स्तर पर अपर जिला सहकारी से वार्ता कर सम्पर्क कर सकते हैं। जिनका मोबाइल नं0 बी-पैक्स के सूचना पट पर अंकित है। तहसील लखीमपुर में अपर जिला सहकारी अधिकारी के मोबाइल नंबर 9450030435, मोहम्मदी में 9415658492, मितौली में 6388086443, धौरहरा में 8545036994, गोला में 9453227704 और निघासन / पलिया के लिए मोबाइल नंबर 9453628181 पर संपर्क कर अपनी समस्या का निदान कर सकते हैं। वही ब्लॉक स्तर पर बेहजम के लिए एडीओ कोऑपरेटिव के मोबाइल नंबर 7905528359, गोला में मो नं. 9455845410, मोहम्मदी 8687948286, लखीमपुर 8707543987 धौरहरा 9582696761, पलिया 8630233596, ईसानगर 9140117164, नकहा 9415977022, बिजुआ 6396280711, मितौली 7905528359, बॉकेगंज 9455845410, पसगवॉ 8687948286, रमियाबेहड़ 9582696761, निघासन 9453628181, फूलबेहड़ 9453227704 पर संपर्क कर अपनी समस्या का निदान करा सकते हैं।

## नन्दौरी और भरवलिया के बीच पक्के पुल के निर्माण की मांग

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नन्दौरी और भरवलिया गांव के निवासियों को वर्षो से पक्के पुल के अभाव में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र के लोग जान जोखिम में डालकर नाव के सहारे नदी पार करने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा, और अन्य जरूरी कामों के लिए नदी पार करना एक कठिन चुनौती बन चुका है। विशेष रूप से रात के समय, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गो और बीमार व्यक्तियों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर पिछले 15-20 वर्षो से पक्के पुल की मांग की जा रही है, लेकिन



अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कई बार बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने पर संपर्क पूरी तरह कट जाता है, जिससे आपातकालीन स्थितियों में भी लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उतरौला विकास मंच के अध्यक्ष आदिल हुसैन ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री और उपजिलाधिकारी से नन्दौरी और भरवलिया के बीच पक्के पुल के निर्माण की मांग की है।

# गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है रोशननगर मौलवी साहब की मजार

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

रोशननगर में गंगा जमुनी तहजीब पर हो रहे मेले मे मुस्लिमो की अपेक्षा हिंदू सिख समुदाय के लोगों की भीड़ उमडी। मौलवी साहब बाबा के चार दिवसीय सालाना उर्स के पहले दिन क्षेत्र से लेकर दूर दराज से आए तमाम अकीदतमंदो ने मजार पर चादरपोशी कर मन्नत मांगी। बता दें कि स्वर्गीय रहमान अली के बेटे फरीद खां की देख रेख में चल रहे उर्स में ख़ादिम रमजान मियां शाह, शमीम अहमद ने अकीदतमंदो से मजार पर चादरपोशी कराई। दोपहर में कुल शरीफ की फातिहा की गई। बच्चे ने यहां लगे



मेला में चर्खी, झूले और हिंडोले जम्पिंग झूला का जमकर लुत्फ उठाया। उर्स में दूर दराज के दुकानदार आते हैं मजार के ख़ादिम रमजान शाह ने बताया कि उर्स बुधवार तक चलेगा। मान्यता है कि उर्स के दौरान जो भी अकीदतमंद मौलवी साहब की मजार पर चादरपोशी कर फातेहा कराता है। उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है। खास बात यह है कि मजार पर सभी धर्मो के लोग चादरपोशी कर फातिहा कराते हैं।

## जलसा इस्लाहे मुआशिरह का हुआ आयोजन

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मितौली कस्बे की जामा मस्जिद के पास जलसा इस्लाहे मुआशिरह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए हुए उलमाओं ने आपसी भाईचारे को बनाए रखने पर जोर दिया। कस्बे की पुरानी जामा मस्जिद के पास शनिवार देर शाम जलसा इस्लाहे मुआशिरह का आयोजन किया गया। जिंसमे आए हुए उलमाओं ने अपने अपने बयान बयान सुनाए। कार्यक्रम की शुरूआत कुरआन पाक की तिलावत के साथ हुई। इसके बाद फिरोजाबाद से आए मौलाना आदम मुस्तफा ने इस्लाम धर्म के पैगम्बर मोहम्मद साहब के तरीकों को बताया और उस पर अमल करने की अपील की। इसके बाद धामपुर(बिजनोर) से आए मौलाना आशिफ अमानतुल्लाह सानी ने कुरआन पाक की



तालीम पर प्रकाश डाला। इन्होंने बताया कि कुरान की तालीम सबसे बेहतर है दुनियावी तालीम के साथ-साथ कुरान की तालीम भी जरूरी है। कन्नौज से आए मुफ्ती तारिक जमील व उनके साथी मौलाना जहीर ने सरकार की शान में नात शरीफ पढ़ी। इसके अलावा मदरसा के बच्चों में कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम का संचालन मौलाना उबेद अख्तर ने किया। इस दौरान जामा मस्जिद के इमाम मौलाना एजाज अहमद कासमी, मौलाना इबरार अहमद, सदर रोज अली, नईम मिस्त्री, ताहिर हुसैन, सिकन्दर अली, राजू कोटेदार, उमर सलमानी, मुजीब अहमद, आजमी, इलियास ठेकेदार, सादिक अली, निसार, मिंटू कुरेशी, अलियार सलमानी आदि लोग मौजूद रहे।

# बच्चों के मोबाइल चलाने से हो रही आंख की तकलीफों पर विचार-विमर्श

- डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हास्पिटल, साइटसेवर्स इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हास्पिटल, साइटसेवर्स इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में नेत्र स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें बाल नेत्र स्वास्थ्य संबंधी विषयक गोष्ठी, कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल में डॉ ईशा, डॉ मोहित ने बच्चों को आंखों से संबंधित बीमारियों व उससे बचने के तरीकों के बारे में समझाया।



उन्होंने कहा कि बच्चों अधिकांशतः मोबाइल देखते रहते है। जिससे उनकी आंखों में बडी परेशानियां देखने को मिलती है। कार्यक्रम में मायोपिया से किस प्रकार बचाव किया जाए, इसके लिए जागरुक किया। संस्था के विपिन पाण्डेय ने कहा कि बच्चों के नेत्र स्वास्थ्य के लिए पासगवां ब्लाक के जंगबहादुरगंज, मैगलगंज में स्कूल के बच्चों की स्क्रीनिंग व संपूर्ण इलाज कार्यक्रम संस्था द्वारा किया जा रहा है। साइट सेवर्स इंडिया के सहयोग से डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल द्वारा भवनापुर के प्यारे लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज में स्कूल के बच्चों के साथ कला प्रतियोगिताएं कराई गई। सर्वश्रेष्ठ कला बनाने वाली छात्राओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ मजहर, डॉ जगत नंदन, दीपक त्रिपाठी कार्यक्रम अधिकारी जन्मेजय अवस्थी, हिनाशाह, मधु, धीरज सहित विद्यालय व संस्थाओं के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जोन-6 के एसएफआई पर होगी कार्रवाई नगर आयुक्त ने मांगी सबकी लोकेशन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने रविवार की सुबह अचानक सभी सफाई इंस्पेक्टर से उनका लोकेशन मांगना शुरू कर दिया। इस दौरान लोकेशन के साथ अपनी फोटो भेजनी थी। इसमें जोन-6 के एसएफआई रामजी पांडेय का कोई अता-पता नहीं चला। आशंका जताई जा रही है कि वह मौके पर नहीं पहुंचे थे। सुबह करीब 10 बजे तक उन्होंने अपनी फोटो नहीं भेजी थी।

शहर के 100 वार्ड में सभी जगहों से यह फोटो मांगी गई थी। रविवार को अवकाश के दिन अक्सर यह शिकायत आती है, कि कोई सफाई के लिए नहीं आया। ऐसे में नगर आयुक्त ने सभी लोगों से फोटो और लोकेशन मांगी। नगर आयुक्त इद्रजीत सिंह ने बताया कि रामजी पांडेय ने कोई जानकारी नहीं शेयर की है। उन्होंने बताया कि इस मामले उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा टैक्स से संबंधित मामलों में पर भी सभी टैक्स इंस्पेक्टर की मीटिंग बुलाई गई है। पिछले दिनों सदन में पार्षदों ने आरोप लगाया था, कि पूरे शहर में 50 फीसदी से ज्यादा घरों से डोर टू डोर कूड़ा नहीं उठा रहा है। ऐसे में अधिकारियों ने सफाई को लेकर संबंधित फर्म के खिलाफ सख्ती तेज कर दी है।

## ट्रेन की चपेट में आया मंडी समिति का कर्मचारी, मौत

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के आलमनगर में ट्रेन की चपेट में आने से मंडी समिति के कर्मचारी की मौत हो गई। वो ऑफिस से लौट रहे थे तभी हदसे का शिकार हो गए। उनके पास से मिले पहचान पत्र से परिजनों को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संदुरिया बाग संडीला हरदोई के रहने वाले कृष्ण गोपाल शर्मा (43) पुत्र राम किशोर शर्मा मंडी समिति में नौकरी करते थे। लखनऊ में मॉडल सिटी मोहान रोड पारा में पत्नी वंदना और दो बेटियों के साथ रहते थे। रायबरेली जायस में तैनात थे। शनिवार को रात करीब 11 बजे लौट रहे थे।

# अशोक सिंघल ने सनातन धर्म व राष्ट्र सेवा में समर्पित किया जीवन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने सनातन धर्म, हिंदू संस्कृति व राष्ट्र सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया।

सीएम योगी के साथ-साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी अशोक सिंघल की पुण्यतिथि उन्हें श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री योगी ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय



अध्यक्ष श्रद्धेय अशोक सिंघल की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि सिंघल ने सनातन धर्म, हिंदू संस्कृति व राष्ट्र सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन हर भारतवासी, हर सनातनी के लिए पाथेय है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स पर कहा, ''ओजस्वी वक्ता, हिन्दू हृदय सम्राट, भारतीय संस्कृति के संवाहक, श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख स्तम्भ, सनातन व हिंदुत्व के संरक्षण में अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले, कुशल नेतृत्वकर्ता, हम सभी के प्रेरणास्रोत व मार्गदर्शक, विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अध्यक्ष परमपूज्य अशोक सिंघल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मौर्य ने कहा, ''सनातन संस्कृति व भारतीय धार्मिक परम्पराओं व मूल्यों के संरक्षण व संवर्धन में आपके अतुलनीय योगदान के लिए राष्ट्र सदैव कृतज्ञ रहेगा। बता दें कि लंबे समय तक विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अशोक सिंघल का जन्म 27 सितंबर 1926 को उत्तर प्रदेश के आगरा में हुआ और 17 नवंबर 2015 को हरियाणा के गुरुग्राम में उनका निधन हो गया। राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी नेताओं में सिंघल का नाम शामिल था।

### राय का त्यागमय जीवन राष्ट्र सेवा के लिए करता रहेगा प्रेरित

**लखनऊ।** आज ही के दिन यानी की 17 नवंबर को लाला लाजपत राय का निधन हो गया था। आज उनकी पुण्यतिथि है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंजाब केसरी लाला लाजपत राय को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि दी है। वहीं, सीएम योगी ने शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, माँ भारती की स्वाधीनता हेतु अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी, स्वराज व स्वदेशी के प्रबल पक्षधर पंजाब केसरी लाला लाजपत राय को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि! आपका त्यागमय जीवन हम सभी को पूर्ण निष्ठा के साथ राष्ट्र सेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। बता दें कि आज ही के दिन यानी की 17 नवंबर को लाला लाजपत राय का निधन हो गया था। भारत को अंग्रेजों की गुलामी की जंजीरों से आजाद कराने में लाजपत राय ने अहम भूमिका निभाई थी। वह अंग्रेजों के खिलाफशांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। लेकिन उस दौरान अंग्रेजों द्वारा किए गए लाठी चार्ज में लाला लाजपत राय बुरी तरह से घायल हो गई थे। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही उनका निधन हो गया था।

## खबरें एक नजर में

### 18 से आयोजित होगा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सामाजिक संस्था मां गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का आयोजन दिनांक 18 नवंबर 2024 से 16 दिसंबर 2024 तक मा0 काशीराम सांस्कृतिक स्थल, स्मृति उपवन बांग्ला बाजार आशियाना लखनऊ में आयोजित होने वाले महोत्सव का उद्घाटन 18 नवंबर शाम 5 बजे किया जाएगा। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य भारतवर्ष से विलुप्त होती हस्तशिल्प कला को नवजीवन प्रदान करने के साथ रोजगार के अवसर प्रदान करना, कलाकृतियां और भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाना है। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री माननीय बृजेश पाठक समेत अति विशिष्ट अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान, लखनऊ महापौर सुषमा खरकवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव, विधायक राजेश्वर सिंह, विधायक नीरज बोरा, विधायक योगेश शुक्ला, विधायक गौरीगंज अमेठी विधायक राकेश प्रताप सिंह, लखनऊ भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, अमेरिकन चैंबर ऑफ़ कॉमर्स चेयरमैन मुकेश बहादुर सिंह ,पूर्व कैंट लखनऊ विधायक व भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद तिवारी, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, वरिष्ठ समाजसेवीका नम्रता पाठक, भाजपा नेता अमित टंडन संस्था के मुख्य संरक्षक आरके चतुर्वेदीसमाजसेवी संतोष श्रीवास्तव, समीर शेख सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

### जालसाजों ने इलाज कराने आई महिला से की टप्पेबाजी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज इलाके में पथरी का इलाज कराने आई महिला से जालसाजों ने ठगी की। महिला को बातों में उलझाकर उसके गहने उतवा लिए और कागज की गड्डी थमाकर चले गए। मौके से पुलिस घटनास्थल की जांच कर रही है। मड़ियांव की रहने वाली रामा (50) पत्नी रमेश का ठाकुरगंज स्थित भरत अस्पताल में पथरी का इलाज चल रहा है। कुछ समय पहले ऑपरेशन हुआ था। जिसके बाद भी उनके पेट में दर्द बना रहता था। इसी को दिखाने के लिए रविवार को करीब 3.30 बजे आई थी। इस दौरान अस्पताल के पास उन्हें दो लड़के मिल गए। उनको अपनी बातों में उलझाकर सारे जेवर उतरवा लिए। जेवर के बदले में उनको एक नोटों की गड्डी थमा दी। जिसमें एक दम ऊपर एक 100 का नोट और नीचे कागज की कटिंग लगी थी। कुछ देर बाद उन्होंने देखा तो होश उड़ गए। जिसके बाद परिजनों को सूचना दी। घटना का एक सीसीटीवी भी सामने आया है। जिसमें दो लड़के रामा से बातचीत करते हुए दिख रहे हैं। कुछ देर बाद वो कुछ देते हैं और वहां निकल जाते हैं। इसके बाद रामा अस्पताल के अंदर चली जाती हैं। युवक इशारा करके आगे की तरफकुछ दिखाते हैं। फिर वहां से निकल जाते हैं।

### कमता बस स्टैंड पर यात्री की मौत, मची आपाधापी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज लखनऊ के कमता बस स्टैंड पर एक महिला यात्री की मौत हो गई। वह गोंडा से आई थी। रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि उसकी तबीयत खराब थी। परिजन इलाज कराने के लिए लखनऊ लेकर आए थे। महिला की मौत के बाद स्टेशन पर आपाधापी मच गई। लोग मौके पर मदद के लिए पहुंचे। महिला को पानी पिलाने लगे। लेकिन अचानक खराब हुई तबीयत के चलते उसने दम तोड़ दिया। महिला की पहचान गोंडा निवासी जन्नतुल निशा (82) के रूप में हुई है। नाती डब्लू का कहना है कि परिवार के साथ रविवार सुबह 7 बजे दादी को दिखाने आए। 1 बजे लखनऊ पहुंचे। स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर बैठे थे। अचानक दादी की तबीयत खराब होने लगी। इस दौरान उनको पानी पिलाया। पैर रगड़ा। बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन दादी को नहीं बचा सका। परिवार के लोगों का कहना है कि कमता बस स्टैंड में पहुंचकर अस्पताल ले जाने के लिए परिचित का इंतजार कर रहे थे। वह अस्पताल ले जाने के लिए गाड़ी लेकर आ रहा था। जन्नतुल को हार्ट की बीमारी थी। इसीलिए उनको लारी हॉस्पिटल में दिखाना था। दो बजे हार्ट अटैक आया और उनकी मौत हो गई।

### नि:शुल्क मेडिकल कैंप एवं भंडारा व कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम कॉलोनी लौलाई चिनहट लखनऊ में खाटू श्याम बेलफेयर फाउंडेशन की तरफसे नि:शुल्क मेडिकल कैंप एवं भंडारा व कपड़ा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधन निदेशक- संजय रामरायका जी डायरेक्टर- डाव ज्ञानेन्द्र सिंह टीम के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्र की पार्षद माव ममता रावत जी, विशिष्ट अतिथि- माव गौतम रावत जी, प्रदेश सचिव- विजय सिंह यादव, प्रदेश सचिव- एडवोकेट- सायमा खान जी कार्यक्रम में उपस्थित रही। कालोनी निवासी- बृजकिशोर वर्मा,मोव राशिद, समाज सेवक- सरोज कुमार पासवान, अमरजीत, विकास त्रिवेदी,रिजवान एवं अन्य हजारों की संख्या मे कॉलोनी वासी उपस्थिति रहे। उत्साह का माहौल रहा हैं।

### शिव मंदिर में श्री राम कथा समापन पर महाआरती हुआ भंडारे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** खदरा स्थित शिव पार्क, शिव नगर शिव मंदिर निकट पानी की टंकी खदरा बांध रोड श्री राम कथा समापन पर महाआरती के अवसर पर लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कर भंडारा का प्रसाद वितरित किया। कार्यालय मंत्री दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी 7 नवंबर से 17 नवंबर तक आयोजित श्री राम कथा वाचक श्री रमेश भाई शुक्ला द्वारा रसपान कराया गया। इस अवसर पर पर श्री सनातन धर्म जन जागरण सेवा समिति खदरा के पदाधिकारी अध्यक्ष राजेश चंद्र शुक्ला, महामंत्री राकेश अवस्थी, राम अवतार कनौजिया, महानगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, चेतन विष्ट, अभिषेक खरे, राधे श्याम मिश्रा, राम प्रकाश अवस्थी, आदित्य द्विवेदी उपस्थित रहें।

### योगी ने बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''राष्ट्रवाद के सशक्त स्वर, अद्वितीय वक्ता, शिवसेना के संस्थापक आदरणीय बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटिश नमन और विनम्र श्रद्धांजलि! बाल ठाकरे का जन्म 23 जनवरी 1926 को महाराष्ट्र के पुणे में हुआ और 17 नवंबर 2012 को मुंबई में निधन हो गया। ठाकरे ने 1966 में शिवसेना की स्थापना की और अपना करियर एक कार्टूनिस्ट के रूप में शुरू किया था।

### भाषा विवि का नौंवा कन्वोकेशन आज, 1431 को मिलेगी उपाधि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय का 9वां दीक्षांत समारोह 18 नवंबर को होगा। कन्वोकेशन से एक दिन पहले रविवार को कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने कार्यक्रम की डिटेल साझा की। प्रो. एनबी सिंह ने बताया कि दीक्षांत में कुल 1431 स्टूडेंट्स को डिग्री दी जाएगी। इस दौरान 149 मेडल भी दिए जाएंगे। प्रो. एनबी सिंह ने बताया कि मेडल पाने वालों में 89 छात्राएं और 43 छात्र हैं। इनमें 61 गोल्ड मेडल, 45 सिल्वर और 43 कांस्य पदक शामिल हैं। 21 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि भी दी जाएगी। कन्वोकेशन के चीफगेस्ट सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफप्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी) के डीजी प्रो. शिशिर सिन्हा होंगे। इस दौरान उन्हें डीलिट की मानद उपाधि भी दी जाएगी। इस साल विश्वविद्यालय में रिकॉर्ड 2099 स्टूडेंट्स का एडमिशन लिया। व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में सभी सीटों पूर्ण भरी जा चुकी हैं। विश्वविद्यालय ने 5 गांवों को गोद लिया गया है।

### सहकारी उद्यम में परिवर्तन विषय पर गोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के समारोह के चौथे दिन उ0प्र0 राज्य भण्डारण निगम एवं उ0प्र0 उपभोक्ता संघ लि0 के संयुक्त तत्वावधान में राज्य भण्डारण निगम न्यू हैदराबाद लखनऊ के हॉल में सहकारी उद्यम में परिवर्तन विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सहकारिता विभाग परिवर्तन पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। सहकारिता विभाग के उपनिबंधक आलोक सिंह के कुशल संचालन में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया। समस्त अधिकारियों को वृक्ष भेंटकर सम्मानित किया गया।

उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी के नारे का समर्थन करते हुए कहा

# भाजपा में न मतभेद था, न है, न होगा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राज्य में नौ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनावों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे बंटेंगे तो कटेंगे का समर्थन करते हुए रविवार को कहा कि 'एक रहेंगे तो सेफरहेंगे, बटेंगे तो कटेंगे' सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और संकल्प का प्रतीक है। मौर्य ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में किसी भी मतभेद से इनकार करते हुए यह भी साफकिया कि पार्टी का नारा 'एक रहेंगे तो सेफरहेंगे' ही है।

उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) के पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) की गालियों का जवाब उसी तरह देना है, जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल को दिया था। मौर्य ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट संदेश और उनके भाषणों से उभरे नारे- 'एक रहेंगे तो सेफरहेंगे, बटेंगे तो कटेंगे'- हम सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और संकल्प का प्रतीक हैं। इसी पोस्ट में उन्होंने सफाई दी, भाजपा में न मतभेद



था, न है, न होगा। यह नारा मुझ जैसे करोड़ों कार्यकर्ताओं के दिल की आवाज है।श्श् हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का नारा एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे ही है। पोस्ट में मौर्य ने पूछा कि सपा, बसपा (बहुजन समाज पार्टी) और कांग्रेस को इस एकजुटता से पेट में दर्द क्यों हो रहा है? अगर दर्द बर्दाश्त नहीं हो रहा है, तो इलाज कराएं और दवा ले लें। इससे पहले शनिवार को प्रयागराज में आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर किए गए सवाल पर उपमुख्यमंत्री मौर्य ने नाराज स्वर में कहा था, मुख्यमंत्री कोई संबोधन करते हैं तो उस पर मुझसे टिप्पणी क्यों लेना चाहते हो?.. क्या आप मीडिया के मित्र आपस में हमें लड़ाना चाहते हो? आदित्यनाथ ने सहसो के कसेरुआ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था, अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार हमें इसलिए करना पड़ा था क्योंकि हम बंटे थे।

काशी और मथुरा में हमें अपमान इसलिए झेलना पड़ा क्योंकि हम बंटे थे। जब बंटे थे तो कटे थे। भारत में आज सबसे बड़ी चुनौती जाति के नाम पर बांटने वाले लोग हैं।÷उप मुख्यमंत्री ने रविवार को एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, सपा और उनके मुखिया अखिलेश यादव एंड कंपनी द्वारा फैलाए गए फर्जी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की गालियों का जवाब हमें उसी तरह देना है, जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल को दिया था। मौर्य ने कहा कि 2024 (उपचुनाव) में 'कमल' खिलाकर 'साइकिल' को ऐसा पंचर करना है कि सपा के उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो जाए। उन्होंने कहा कि सपा को 2014 (लोकसभा), 2017 (उप्र विधानसभा), 2019 (लोकसभा) और 2022 (प्रदेश विधानसभा) चुनावों में मिली करारी हार के घाव जो अब भी ताजे हैं तथा उन्हें और गहरा करते हुए इस बार समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी÷ बनाने का काम करना है। उप्र में जिन नौ विधानसभा सीट पर चुनाव होने हैं, उनमें कटेहरी (अंबेडकरनगर), करहल (मैनपुरी), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिर्जापुर), सीसामऊ (कानपुर शहर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) शामिल हैं।

### सपा दलित, पिछड़ा व आदिवासी का आरक्षण छीनना चाहती : धर्मपाल

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग धर्मपाल सिंह ने रविवार को कुंदरकी विधानसभा के बूथ संख्या 23 सिरसखेड़ा, बूथ संख्या 27 सिरसखेड़ा और बूथ संख्या 207 खरगपुर जगतपुर में चौपाल को संबोधित कर भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह ठाकुर के पक्ष में मतदान की अपील की। धर्मपाल सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी दलित, पिछड़ा और आदिवासी का आरक्षण छीनना चाहती है। पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार हमेशा दलित, पिछड़ा वर्ग, आदिवासी के हितों को प्राथमिकता देती है। जबकि सपा इन सभी की विरोधी है। कुंदरकी की जनता सपा की इस तुष्टीकरण की राजनीति को पूरी तरह से नकार कर भाजपा उम्मीदवार को इस बार विजयी बनाएगी।

# विकसित भारत के सपने को साकार करेगा एक राष्ट्र, एक चुनाव : दानिश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण एव मुस्लिम वक्फ राज्य मंत्री दानिश अंसारी ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव विकसित भारत के सपने को साकार करेगा। एक राष्ट्र, एक चुनाव देश में विकास की नई नींव रखेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देखा गया यह सपना विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा। इससे समाज के हर वर्ग का कल्याण हो सकेगा। अटल सुशासन पीठ लोक प्रशासन विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रही दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि दानिश आजाद अंसारी अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री ने यह बातें कही।

मंत्री का डॉ उत्कर्ष मिश्र ने स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रो मनुका खन्ना ने की। प्रो. खन्ना ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर चर्चा की गई और इसके सकारात्मक पक्ष को उजागर किया। इस अवसर पर अटल सुशासन पीठ के संयोजक एवं लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो नंद लाल भारती द्वारा अतिथियों का स्मृति चिन्ह



देकर सम्मान किया गया। लोक प्रशासन विभाग के शिक्षक डॉ सुशील सिंह चौहान द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। दो दिवसीय संगोष्ठी के चार तकनीकी सत्रों में शोधार्थियों द्वारा विभिन्न शोध पत्रों का वाचन भी किया गया। सत्र के अंत में विद्वत जनों द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव कराने में आने वाली चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की गई। अपने अनुभवों के आधार पर इसके सफल क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण उपाय भी सुझाए गए। अंतिम दिन विद्वानों द्वारा इस विषय के लाभों और चुनौतियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। गोरखपुर विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो आईडी मिश्र द्वारा राष्ट्रीय चेतना से जोड़ते हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव के महत्व को समझाया गया। बीएचयू के प्रो अभिनव शर्मा ने इस मौके पर एक राष्ट्र, एक चुनाव में आने वाली समस्याओं और बाधाओं पर व्यापक चर्चा की।

# जनता का विश्वास जीतने के लिए 'दल-बल' की परेड करा रही बीजेपी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 20 नवंबर को होने वाले मतदान की तैयारियों के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासन में चुनाव में ''इतनी धांधली'' हो रही है और जनता का विश्वास जीतने के लिए 'दल-बल' की परेड कराई जा रही है।

सपा प्रमुख यादव ने मुरादाबाद जिले की कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में पैदल मार्च कर रहे पुलिसकर्मियों का छह सेकंड का वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए कहा, ''ये जो युद्ध स्तरीय तैयारी है उसे चीन की सीमा समझने की भूल न करें, ये तो उत्तर प्रदेश का कुंदरकी है जहां विधानसभा का उपचुनाव है।'' यादव ने आरोप लगाया, ''दरअसल भाजपा राज में चुनाव को लेकर इतनी धांधली हो रही है कि उत्तर प्रदेश की जनता का कानून-व्यवस्था से विश्वास ही उठ गया है। इसीलिए जनता का विश्वास जीतने के लिए 'दल-बल' की ये परेड कराई जा रही है। सपा प्रमुख ने कहा, ''वैसे मीडिया का मानना है कि ये मन से डर



निकालने की नहीं, मन में डर डालने की प्रक्रिया ज्यादा लग रही है, जिससे सत्ताधारी 'दल' को चुनाव में 'बल' मिले और जनता कम से कम संख्या में वोट डालने के लिए बाहर निकले, जिससे चुनावी घोटाला करने में आसानी हो और घोटाले के गवाह कम हो सकें।' उन्होंने दावा किया, ''लेकिन इन सबके बाद भी जनता ने ठान लिया है कि वो बाहर आएगी और भाजपा को हराने-हटाने को लिए वोट करेगी।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने इस संबंध में निर्वाचन आयोग से आग्रह कि वह वोटिंग कम करवाने की इस साजिश को नाकाम करे। यादव नेघ् कहा, ''इस बार जनता अपने मोबाइल कैमरों के साथ तैनात रहेगी और गड़बड़ी करने वाले किसी भी स्तर के व्यक्ति को अदालत तक ले जाकर दंड दिलवाकर ही मानेगी। सपा अध्यक्ष ने कहा, ''जनता ने 'मतदान भी, सावधान भी' का नारा स्वीकार कर लिया है और अपने वोट की रक्षा के लिए सब कुछ करने को तैयार है।

## स्कूल से लौट रही 8वीं की छात्रा लापता

**लखनऊ ।** आशियाना इलाके में घर से स्कूल जा रही आठवीं की छात्रा लापता हो गई। देर शाम तक छात्रा घर नहीं पहुंची तो खोजबीन शुरू हुई। पड़ोसियों के घर और रिश्तेदारों के बीच खोजा गया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। हालांकि आशियाना कोतवाली पहुंचे परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज करा दी है। संजीव शर्मा बिहार के गोपालगंज के रहने वाले हैं। वह लखनऊ के आशियाना क्षेत्र के औरंगाबाद में परिवार के साथ रहते हैं। बेटी अवनी की उम्र 13 साल है। वह निजी कान्वेंट स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा है। परिजनों के अनुसार बेटी सुबह रिक्शे से स्कूल गई। 2.30 बजे छुट्टी होने के बाद घर वापस नहीं लौटी। शाम के समय जब संजीव घर लौटे तो बेटी नहीं दिखी। वह उसे तलाशना शुरू किए। स्कूल जाकर पता लगाया। इस दौरान प्रिंसिपल ने छुट्टी के बाद स्कूल से निकलने की जानकारी दी। बेटी की दोस्त आकृति से जब पूछा तो उसने कहा कि अवनी एक रिक्शे पर बैठ कर गई है। बेटी को तलाश रहे माता पिता परेशान होकर आशियाना थाने पहुंचे। पुलिस को बेटी के लापता होने की जानकारी के साथ लिखित शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत पर गुमसुदगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर अवनी की तलाश में जुट गई है।

# भगवान मुंडा की 150वीं जयंती पर हुआ कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर, राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान (एनटीआरआई) ने जनजातीय गौरव दिवस का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर संस्थान परिसर और नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में भव्य जनजातीय गौरव यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में जनता की बड़ी भागीदारी देखी गई। इस आयोजन ने लोगों में इस दिन की महत्वता और जनजातीय गौरव दिवस 2024 के राष्ट्रीय उत्सव के प्रति व्यापक जागरूकता उत्पन्न की।

इस विशेष अवसर के उपलक्ष्य में एनटीआरआई ने विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों द्वारा जनजातीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जिसमें राजस्थान, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, असम, मणिपुर और नागालैंड के कलाकार शामिल हुए। कार्यक्रम में डुंगरई लाम, डोमकच, बांस नृत्य, संथाली नृत्य, गवरी, खड़िया नृत्य, भवई और मुंडा नृत्य जैसी देश की विविध और रंगीन सांस्कृतिक परंपराओं के माध्यम से भारत की समृद्ध जनजातीय धरोहर को प्रदर्शित किया गया। आर जया, अपर सचिव, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार। भारत सरकार ने मुख्य अतिथि



▸ जनजातीय गौरव यात्रा में देश की जनजातियों की विविध और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं की प्रस्तुति

के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय की अपर सचिव श्रीमती आर. जया ने अपने संबोधन में जनजातीय गौरव दिवस के महत्व को रेखांकित किया, जो जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के अमूल्य योगदान और बलिदानों को याद करने का दिन है।

उन्होंने कहा कि यह वर्ष विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का प्रतीक है, जो एक ऐसे श्रद्धेय व्यक्तित्व हैं, जिनका जीवन अनगिनत समुदायों को प्रेरित करता है। राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान (एनटीआरआई) द्वारा आयोजित जनजातीय गौरव यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने भारत की अद्भुत जनजातीय विविधताओं पर जोर दिया, जो राष्ट्र के लिए एक गहन एकता और शक्ति का स्रोत हैं। श्रीमती जया ने सरकार के विभिन्न प्रयासों को जनता तक पहुंचाने और जागरूकता बढ़ाने के लिए सक्रिय जनसंपर्क की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण के लिए प्रमुख सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला, जैसे पीएम-जनम, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, और राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन। ये योजनाएँ बुनियादी ढांचे में सुधार, छात्रवृत्तियों के माध्यम से शैक्षिक अवसर बढ़ाने, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और सतत आजीविका को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं। उन्होंने दोहराया कि ये कार्यक्रम जनजातीय समुदायों को जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण और ठोस लाभ प्रदान करने के लिए तैयार किए गए हैं, जिससे उनके समग्र विकास और राष्ट्र की प्रगति में उनकी व्यापक भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# सड़क डामरीकरण व इंटरलॉकिंग का कार्य शुरू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ पूर्वी विधानसभा के शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के लोगों को विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव ने विकास कार्यो की सौगात देने का कार्य शुरू कर दिया है। रविवार को उन्होंने विकास नगर सेक्टर 14 आर.एल.बी. स्कूल से अन्नपूर्णा जनरल स्टोर तक साइड इंटरलॉकिंग और शुक्ला कोचिंग से मजार वाले पार्क तक पेवर द्वारा होने जा रहे डामरीकरण कार्य का मौके पर पहुंचकर भूमि पूजन किया।

इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनके साथ चार्य पर चर्चा कर क्षेत्र की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने अपनी विकास निधि से कराए जा रहे कार्यो और क्षेत्र के लिए प्रस्तावित विकास कार्यो की सूची भी जनता के बीच पढ़कर सुनाई। इस दौरान उनके साथ पार्षद उमेश सनवाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव ने विकास कार्य के पत्थर का पूजन किया और जनता को प्रसाद का वितरण भी किया। स्थानीय लोगों में उनके क्षेत्र में सड़क और इंटरलॉकिंग कार्य के शुरू होने पर खुशी साफ नजर आई। भूमि पूजन कार्यक्रम में पार्षद राकेश कुमार मिश्र, पार्षद हरीश चंद लोधी, दीपक तिवारी, पूर्व पार्षद नरेन्द्र सिंह देवड़ी, राममोहन अग्रवाल, मनोज अवस्थी, मण्डल अध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह, देवजीत पाण्डेय, देशप्रेमी विक्की, श्रीमती नीलिमा त्रिपाठी, रीना गुप्ता, आशुतोष तिवारी, आशुतोष मिश्रा, ब्रजमोहन पाण्डेय, मण्डल महामंत्री संदीप पाठक, शशांक शेखर गोल्डी, अनुराग मिश्र, शांतनु दत्ता, अध्ययन सिंह सैनी एवं पार्टी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जोनल अधिकारी ने किया भरवारा मुख्य मार्ग का निरीक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भरवारा एसटीपी मुख्य मार्ग का निरीक्षण जोनल अधिकारी, जोन-4, जोनल सेनेटरी अधिकारी, जोन-4 व समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान चिनहट द्वितीय वार्ड में हनीमैन चौराहे से तखवा चौराहा होते हुये कठौता चौराहा डिवाइडर तथा ग्रीन वेल्ट, झील रोड एलपीएस विनम्र खण्ड डिवाइडर तथा ग्रीन वेल्ट, रेल विहार विकल्प खण्ड मुख्य मार्ग झील के किनारे की दोनों साइड पर झाड़ियों की काटिंग कूड़े का उठान व सफाई का कार्य कराया गया। भरवारा मल्हौर वार्ड में ऐमिटी यूनिवर्सिटी से भरवारा एसटीपी तक रोड के किनारे दोनों साइड पर झाड़ियों की काटिंग खाली प्लाट की सफाई व कूड़े का उठान कराया गया।

## फॉगिंग के बाद भी डेंगू 25 सौ के पार

**लखनऊ ।** नगर निगम लगातार फागिंग पर जोर दिये है। लेकिन अब मच्छर शायद फागिंग के आदी हो गए है। वैसे तो सर्दी बढ़ने के साथ ही डेंगू के मरीजों की संख्या में गिरावट दर्ज की जा रही है। बीते 24 घंटे में डेंगू के 19 नए मरीज और मलेरिया का एक मरीज मिला है। जानकारी के अनुसार जनवरी से अब तक डेंगू के 2509 और मलेरिया के 482 मरीज मिल चुके हैं। अब डेंगू मरीजों का आंकड़ा 2500 पार कर चुका है। सीएमओ प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि इंदिरा नगर और अलीगंज में सबसे अधिक पांच-पांच मरीज मिले हैं। इसके अलावा आलमबाग में चार, बाजारखाला में तीन, मलिहाबाद व काकोरी में एक-एक मरीज मिला है। वहीं, मलेरिया का एक मरीज बाजारखाला इलाके में मिला है। सीएमओ व मलेरिया की टीम ने 874 घरों तथा आसपास सर्वे किया।

# संविदा कर्मियों की छटनी के विरोध में प्रदेश व्यापी सत्याग्रह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विद्युत संविदा मजदूर संगठन उप्र की प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक में संविदा कर्मियों की प्रदेश व्यापी छटनी के विरोध मे 3 दिसम्बर 2024 को प्रदेश के हर जिले में एक दिवसीय सत्याग्रह करने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष नवल किशोर सक्सेना की अध्यक्षता में संगठन के केंद्रीय कार्यालय नरही में बैठक संपन्न हुई। बैठक में विद्युत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विमल चंद्र पांडे,उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार,संगठन मंत्री राजीव रंजन राय उत्पादन अध्यक्ष सतीश तिवारी सहित संविदा संगठन के प्रदेश प्रभारी पुनीत राय, महामंत्री भोला सिंह कुशवाहा, विनोद श्रीवास्तव, शिव रतन, गुड्डू मिश्रा, अशोक राय, सुनील गोस्वामी , दीपक श्रीवास्तव, मूनीष पाल, अरविंद कुमार, नरेश पाल, राजेश कुमार, धनंजय राजभर, रामदुलारे गुप्ता, अभिमन्यु यादव, रामजीत मिश्रा, चंद्रप्रकाश पाण्डेय, नीरज पाण्डेय, राजू अंबेडकर, प्रियांशु, रविंद्र पटेल, राजी सिंह, आदि प्रमुख लोग मौजूद थे। बैठक में वक्ताओं द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में संविदा कर्मियों की भारी पैमाने पर की जा रही छटनी का विरोध किया गयाद्यसाथ ही संविदा कर्मियों की मांगों को लेकर संगठन द्वारा प्रबंधन के साथ किये गये समझौतों को लागू न किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया गया।

# जेल में बंद कैदी के खाते से निकल गए रुपए

**मैनेजर सहित कैशियर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



जिले में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बड़गांव गोंडा शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक और कैशियर की मिलीभगत से एक जेल में बंद कैदी के खाते से पैसे निकालने का मामला सामने आया है।

18 साल बाद जेल से छूटकर घर लौटे रामभोग को यह पता चला कि उनके खाते से 47,000 रुपये फर्जी हस्ताक्षर के जरिए निकाल लिए गए थे। इस घटना के बाद उन्होंने अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो न्यायालय के आदेश पर उन्होंने गोंडा नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

एफआईआर के मुताबिक कोतवाली देहात गोंडा के ग्राम मोताजोत मलारी निवासी रामभोग पुत्र अशर्फीलाल जो 21 अप्रैल 2004 को हत्या के आरोप में जेल गए थे और 28 जून 2022 तक गोंडा जिला कारागार में बंद रहे। जेल में रहते हुए 18 नवंबर 2014 को उनके सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बड़गांव शाखा स्थित खाते से 47,000 रुपये निकाले गए थे। जब रामभोग को जेल से रिहा होने के बाद इस धोखाधड़ी का पता चला, तो उन्होंने बैंक और पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। हालांकि कोई कार्रवाई नहीं हुई,जिसके बाद उन्होंने 13 जून 2023 को गोंडा पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से शिकायत भेजी। इसके बावजूद जब कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए,तो रामभोग ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर कोतवाली पुलिस को तत्कालीन बैंक मैनेजर और कैशियर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने का निर्देश दिया। आरोप है कि इन दोनों ने जेल में बंद कैदी के खाते से फर्जी हस्ताक्षर करके पैसे निकाले। आपको बता दें कि यह मामला न केवल बैंकिंग धोखाधड़ी से गंभीर अपराधिक कृत्य से जुड़ा है,बल्कि जेल प्रशासन और पुलिस व्यवस्था पर भी सवाल उठाता है कि कैसे एक जेल में बंद व्यक्ति के खाते से रुपए निकाले गए। इस संबंध में नगर कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

# हाईवे पर दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत में चार घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के गोंडा-बहराइच राजमार्ग पर खरगूपुर तथा बहराइच की तरफ से आ रही दो कारों की आर्यनगर चौराहे पर शनिवार की आधी रात जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग जग गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंच गई। इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज गोंडा भेजा गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक गोंडा-बहराइच हाईवे पर शनिवार की रात करीब 11 बजे के आसपास दो कारों की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में दोनो कार के परखच्चे उड़ गये। टक्कर के बाद एक कार जाकर दुकान में घुस गई। इस हादसे में खरगूपुर की तरफ से आ रही कार में पांच लोग सवार थे। जिसमें कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के गांव ककरहा बलमत्थर के रहने वाले केदार सिंह, संत कुमार सिंह तथा धर्मराज सिंह व शाहपुर के रहने वाले शिवनारायण सिंह और सतपाल सिंह घायल हो गए हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस की सहायता से गोंडा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। जबकि बहराइच की तरफ से आ रही दूसरी कार में महाराजगंज जिले के पकड़ी थाना नैनिया के रहने वाले अंगद कुमार तथा मुरादाबाद जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले अरुन सिंह, तथा अमरोहा जिले के रहने वाले राहुल कुमार सवार थे। इन लोगों को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। इस संबंध में आर्यनगर चौकी प्रभारी ने बताया कि दोनों कार को कब्जे में लेकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा करवा दिया गया है। घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है। अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



## बजबजाती नालियां सड़कों पर बहता गंदा पानी बना काशीराम कॉलोनी की पहचान

**भाजपा शासन में उपेक्षित है बसपा शासन में बनाया गया काशीराम कॉलोनी**



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** उ.प्र. की सरकार लगभग 12 वर्ष पहले जब बहुजन समाज पार्टी की थी तब मुख्यमंत्री मायावती ने काशी राम कालोनी के नाम से गरीबों के सिर पर छत देने हेतु कालोनियों को बनवाने की नींव रखी थी और जनपद स्तरीय लगभग कई जगहों पर कालोनियों का निर्माण कर गरीबों को बसाया था। लेकिन अब उन लाखों गरीबों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। समृद्धि न्यूज़ मीडिया टीम के पड़ताल में कांशीराम कालोनी पंतनगर पश्चिम के लोगों ने बताया की यहां सफाई के नाम सिर्फ खानापूर्ति है।जिस तरह नालियां बजबजा रही है,रोड लगभग कई सालों से जर्जर हो गया है।बिना बरसात के रोड पर नालियों का पानी भरा रहता है। नालियां चोक है काफी महीनों से सफाई न होने पर गरीबों के परिवार बच्चों सहित संक्रमण बीमारियों के बीच रहकर जीवन यापन करने को मजबूर हैं लोगों का आरोप है कि इन कालोनियों में न तो कोई अधिकारी आते हैं और न ही कोई जनप्रतिनिधि आते हैं जिससे हमारी परेशानियों का अंत हो सके बल्कि सवाल उत्तर प्रदेश के वर्तमान सरकार पर भी उठ रहा है क्या इन गरीबों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है या योगी राज के जिम्मेदार नेता, जनप्रतिनिधि इनका भी ख्याल करेंगी इन्हीं देखने को मिला है कि कांशीराम कालोनी के लगभग कई वर्षों से जिम्मेदारो के देखरेख के आभाव में जर्जर हो रहा है। जब बहुजन समाज पार्टी की सरकार थी तब इन कालोनियों का निरीक्षण अधिकारी और जन प्रतिनिधियों के द्वारा कर रंगाई पुताई व सफाई का जायजा लेते थे और चुनाव प्रचार का महत्वपूर्ण मुद्दा था। आज इन गरीबों के परिवार और बजबजाती नालियां, रोड पर भरा गंदा पानी इन कालोनियों की पहचान बन चुका है और लोग परिवार व बच्चों सहित यहां रहने को मजबूर हैं।

# जिले में चर्चा का विषय बना विधायक का हत्यारोपी को गले लगाना

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



हत्या जैसी गंभीर घटना में आजीवन कारावास की सजा काटकर शासन द्वारा समय पूर्व रिहाई के आदेश पर मंडल कारागार गोण्डा से छूटकर आए श्यामपाल वर्मा का राजनीतिक रसूख आज भी कायम है।

इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जेल से रिहा होकर बाहर आए सजायाफ्ता व्यक्ति को मेहनौन से भाजपा विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने अपने घर पर बुलाया और गले लगा लिया और अपने हाथों से मिठाई खिलाकर खुशियां साझा की और अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा कि पूर्व जिलापंचायत सदस्य डॉक्टर श्यामपाल वर्मा जी विगत दो दशक में जेल में बंद थे, उनका हमारे बीच न होना मन को बहुत पीड़ा पहुँचाती थी, जेल से उनकी रिहाई के उपरांत कल उनसे मुलाकात कर मिठाई खिलाकर खुशी प्रकट की। यह मेरे लिये अत्यंत भावुक क्षण था, भावुकता में मेरी और डॉक्टर श्यामपाल वर्मा जी की आँखें भर आयी। डॉक्टर श्यामपाल वर्मा जी के स्वस्थ एवं सुखद जीवन की मैं कामना करता हूँ। ये शब्द और तस्वीरें विधायक ने अपने फेसबुक पेज पर शेयर भी की है, जो जिले में चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

# बिना नक्शा व फ्री होल्ड भवन बनाने वालों पर जल्द हो सकती है कार्रवाई : नगर मजिस्ट्रेट

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

विनियमित क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराए और स्वीकृत नक्शा के विपरीत भवन बनाने वालों पर जल्द कार्रवाई होने वाली है।नियत प्राधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से कराए जा रहे सर्वे में तमाम जगहों पर मास्टर प्लान की अनदेखी उजागर हो रही है।जिसपर अब जल्द भवन स्वामियों को नोटिस भेजा जाएगा और आगे इस अभियान को और प्रभावी बनाने की तैयारी चल रही है। विनियमित क्षेत्र में नगर पालिका समेत आसपास के कई भवन शामिल हैं।यहां भवन बनाने से पहले नियत प्राधिकारी कार्यालय से नक्शा पास कराने का नियम है। लेकिन ज्यादातर लोग या तो बिना नक्शा पास कराए भवन बना लेते हैं या फिर नक्शा के अनुकूल भवन निर्माण नहीं कराते।एक अनुमान के मुताबिक विनियमित क्षेत्र में पचीस प्रतिशत भवनों का नक्शा नियत प्राधिकारी कार्यालय से स्वीकृत नहीं है।करीब तीस प्रतिशत भवन स्वामियों ने नक्शा के विपरीत भवन निर्माण कराया है।



**कई रसूखदार भी आ सकते हैं जद में**

ठीक से अगर सर्वे हो तो तमाम बड़े लोगों पर भी कार्रवाई हो सकती है। इसमें कुछ राजनैतिक लोग भी शामिल हैं। जिन्होंने विभागीय तालमेल से सड़क कब्जा कर भवन बना लिया है शहर में कई शापिंग काम्प्लेक्स और स्कूल, मास्टर प्लान के नियमों के विपरीत बने हैं। अग्निशमन विभाग से एनओसी मिले बिना नियत प्राधिकारी कार्यालय से इनका नक्शा पास कर दिया गया है। बिना मानचित्र स्वीकृत कराए व मानचित्र के विपरीत हो रहे भवन निर्माण किया है उन लोगो को नोटिस भेजा जा रहा है।जो लोग बिना नक्शा पास कराए या नक्शे के विपरीत भवन निर्माण कराए हैं उनके खिलाफ अब जल्द कार्रवाई होगी, और ऐसे भवन अब जल्द धराशायी होंगे। -(नगर मजिस्ट्रेट गोंडा)

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई महाराजा सुहेलदेव स्मृति न्यास समिति की बैठक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में महाराजा सुहेलदेव स्मृति न्यास समिति की प्रधान ट्रस्टी/अध्यक्ष/जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में न्यास समिति की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री घोषणान्तर्गत राज्य योजना वर्ष 2020-21 के अन्तर्गत चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल के पर्यटन विकास एवं जीर्णोद्वार के लिए कराये गये कार्यों के सम्बन्ध में सी.एण्ड डी.एस. यूनिट 44 एवं उ.प्र. जल निगम, अयोध्या द्वारा पूर्ण कराये गये कार्यों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अभियन्ता द्वारा प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किया गया। प्रश्नगत योजना के प्रभावी संचालन व रखरखाव के दृष्टिगत पर्यटन निदेशालय, उ.प्र. द्वारा नामित सक्षम/अनुभवी फर्म कन्सलटेन्सी फर्म के.पी.एम.जी. कन्सलटेन्सी की लखनऊ से आयी प्रतिनिधि लिप्सा साहू द्वारा स्मारक स्थल पर पूर्ण कराये गये कार्यों संचालन एवं रख-रखाव हेतु कन्सलटेन्सी फर्म द्वारा तैयार गये आर.एफ.पी. /आर.एफ.क्यू. का प्रस्तुतीकरण महाराजा सुहेलदेव स्मृति न्यास, समिति के समक्ष प्रस्तुतिकरण किया गया। प्रस्तुतिकरण के दौरान समिति के सदस्यों की ओर से संशोधन के लिए प्राप्त सुझावों के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि संशोधित आर.एफ.पी./ आर.एफ.क्यू. पर्यटन सूचना अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाय। योजनान्तर्गत पूर्ण कराये गये कार्यों को हैण्डओवर करने के सम्बन्ध में पर्यटन सूचना अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला स्तरीय समिति के निरीक्षण में पायी गयी कमियों को कार्यदायी संस्था द्वारा दूर कर दिया गया है। डीएम ने निर्देश दिया कि एक बार पुनः जनपद स्तरीय समिति से स्थलीय निरीक्षण कराकर पर्यटन सूचना अधिकारी हैण्डओवर कर लें तदोपरान्त पर्यटन निदेशालय से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए महाराजा सुहेलदेव स्मृति न्यास, को हैण्डओवर करने की कार्यवाही पूर्ण की जाय।

## खबरें एक नजर में

### मशरूम उत्पादन तकनीक विषयक प्रशिक्षण सम्पन्न



**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा द्वारा ग्राम भरहू विकासखंड मनकापुर में एक दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक विषयक प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. अजीत सिंह वत्स, वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा ने मशरूम की विभिन्न प्रजातियों, मशरूम उत्पादन हेतु आवश्यक सामग्री, मशरूम उत्पादन तकनीक आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ढिंगरी एवं बटन मशरूम का उत्पादन कर किसान भाई ज्यादा आय प्राप्त कर सकते हैं। डा.रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने मशरूम के पोषकीय महत्व की जानकारी दी। उन्होने बताया कि मशरूम प्रोटीन का प्रचुर स्रोत है। मशरूम को प्रतिदिन भोजन में शामिल करने की आवश्यकता है। इसके सेवन से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। मशरूम के लिए मशरूम का स्पान, मशरूम उत्पादन बैग, फारमेल्डिहाइड दवा एवं फफूंदीनाशक दवा की जरूरत होती है। 50 लीटर पानी में फारमेल्डिहाइड दवा, फफूंद नाशक दवा एवं 10 किलोग्राम भूसा को रात भर रखते हैं। अगले दिन पानी से भूसा को अलग कर दिया जाता है। भूसा में मशरूम स्पान मिलाकर बैग मे भरकर रख देते हैं। नमी को बनाये रखने के लिए प्रतिदिन पानी का छिड़काव करते हैं। एक माह में मशरूम उग जाता है। डा.डी के श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन ने धान गेंहू के फसल अवशेष को मशरूम उत्पादन के लिए उपयुक्त बताया। इस अवसर पर प्रद्युम्न प्रकाश श्रीवास्तव शिक्षक फातिमा इंटर कॉलेज, श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव, श्रीमती मझिला आदि ने उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### नेशनल पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता द्वितीय चरण की परीक्षा आयोजित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर के बरियार पुरवा स्थित नेशनल पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में राष्ट्रीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की परीक्षा विभिन्न स्कूलों में आयोजित की गई। इस प्रतियोगी परीक्षा में नेशनल पब्लिक स्कूल, मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल, ज्ञान विकास शिक्षा निकेतन, ज्ञानती मेमोरियल पब्लिक स्कूल खैरा गांव, नलिनी एकेडमी बड़गांव और प्रियंका मांटेसरी स्कूल जयनगरा के, 527 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के निदेशक श्री एस पी गुप्ता ने बताया कि इस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष सामान्य ज्ञान की परीक्षा, बच्चों में बौद्धिक, शैक्षिक, मानसिक, कलात्मक, शिक्षा द्वारा सर्वांगीण विकास कर उन्हें राष्ट्र का विकसित, करना। प्रदेश के सभी जिलों के स्कूलों में ऐसी परीक्षा प्रतिवर्ष आयोजित होनी चाहिए। जिससे आज के प्रति स्पर्धा युग में डर की भावना समाप्त कर अपने आप को परीक्षा के अनुरूप तैयार करना, इस परीक्षा संस्था का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर संस्था के प्रधानाध्यापक हनुमान प्रसाद जोशी द्वारा सभी परीक्षा केदो का निरीक्षण किया गया परीक्षा शांतिपूर्वक व सुचारू रूप से संपन्न हुई। इस अवसर पर परीक्षा के सहयोगी वेद प्रकाश, पवन श्रीवास्तव, मीना सिंह, पुष्पा जयसवाल, काजल गुप्ता, कोमल सोनी, नंदिनी सिंह, ओमप्रकाश श्रीवास्तव मौजूद रहे। परीक्षाफल जनवरी के प्रथम सप्ताह में घोषित किया जाएगा।

# गंडारा चौकी इंचार्ज समेत दो लाइन हाजिर

**14 उप निरीक्षक के क्षेत्र में बदलाव**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक ने दो उप निरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया है। इनमें चर्चित गांव गंडारा के चौकी इंचार्ज भी शामिल हैं। इसके अलावा फखरपुर के उप निरीक्षक को लाइन हाजिर करते हुए बैबाही चौकी इंचार्ज को हटा दिया है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने शनिवार रात को जिले के 16 उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है।इनमें बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के चर्चित गांव गंडारा के चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक सुरपति त्रिपाठी और फखरपुर थाने के उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार यादव को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इसके अलावा चौकी इंचार्ज बैबाही राजीव कुमार मिश्रा के क्षेत्र में बढ़ रही चोरियों और जुआ के खेल को लेकर हटाते हुए समतलिया का चौकी इंचार्ज बनाया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक धर्म प्रकाश सिंह को गंडारा चौकी इंचार्ज बनाया है। बाबागंज चौकी इंचार्ज राम गोविंद वर्मा को राजा बाजार चौकी नानपारा, आदित्य कुमार को घाघराघाट से हटाकर थाना जरवल रोड में तैनाती दी है।

राजा बाजार चौकी इंचार्ज राम सुधार यादव को थाना रिसिया, गायघाट के हरिद्वारी तिवारी घाघराघाट, राजेश कुमार को रिसिया से गुरगुट्टा, महेश कुमार को गुरगुट्टा से दरगाह शरीफ, कोतवाली नानपारा के नरसिंह को कोतवाली में ही वरिष्ठ उप निरीक्षक की तैनाती मिली है।

# नानपारा चीनी मिल के पेराई सत्र का डीएम ने किया शुभारंभ

**डीएम ने किसान और बैल को तिलक लगाकर किया स्वागत**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के नानपारा में स्थित श्रावस्ती सहकारी चीनी मिल के पेराई सत्र का रविवार को जिलाधिकारी ने शुभारम्भ किया। बैलगाड़ी से गन्ना मिल को लाए किसान और बैल को तिलक लगाकर स्वागत सम्मान हुआ। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने वैदिक मंत्रोचार के बीच श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. नानपारा के 41वें गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ किया।पेराई सत्र के शुभारम्भ अवसर पर जिलाधिकारी ने मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों की इस बात के लिए सराहना की कि उन्होंने मिल का पेराई सत्र शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि आपके इस कार्य से नि:सन्देह किसानों को फायदा होगा। जिलाधिकारी ने मिल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से किसान हित में कार्य करते रहने की अपेक्षा की। जिलाधिकारी ने मिल अधिकारियों और कर्मचारियों का आहवान्ह किया कि पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि किसी भी गन्ना तौल केन्द्र पर किसानों का शोषण नहीं होना चाहिए अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने तौल केन्द्रों पर किसानों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा उसके आस-पास के मार्गो की आवश्यकतानुसार मरम्मत कराये जाने के निर्देश भी मिल अधिकारियों को दिये। इससे पूर्व पेराई सत्र के शुभारम्भ अवसर पर मिल में हवन पूजा, बैल पूजन, कॉटा पूजन इत्यादि कार्यक्रम परम्परागत से सम्पन्न हुए। जिलाधिकारी ने मिल गेट पर गुलालपुरवा से आये गन्ना कृषक मोतीलाल पुत्र रामचरन द्वारा लायी गयी पहली बैलगाड़ी तथा खुदादभारी से गन्ना कृषक रामसुख पुत्र सुखमंगल की ट्रैक्टर ट्राली की तौल कर पर्ची निकाली। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने मौजूद गणमान्य व संभ्रान्तजन, अधिकारियों एवं गन्ना कृषकों के साथ ढोला में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ किया।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा अश्वनी पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह, चीनी मिल समिति नानपारा के उप सभापति वीर चन्द्र वर्मा, संचालकगण भानु प्रताप सिंह, बालकराम, माधवराम, रानी देवी, माया देवी, श्रीमती अनीता मौर्या, हेमराज, ज्ञानेन्द्र सिंह, योगेश प्रताप सिंह उर्फ बैजु भईया, अखण्ड प्रताप सिंह, घनश्याम सिंह व अन्य डेलीगेट, चीनी मिल के सचिव/प्रधान प्रबन्धक, यमुनाधर चौहान, मुख्य गन्ना अधिकारी गौरव द्विवेदी, वरिष्ठ उप प्रबन्धक, मुख्य अभियन्ता, मुख्य रसायनविद् एवं मुख्य लेखाकार सहित बड़ी संख्या में गन्ना कृषक व गणमान्यजन व संभ्रान्तजन मौजूद रहे।

# जनता-किसानों की समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरे सपाई

**प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष के अगुवाई में रविवार को कार्यकर्ताओं ने समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि को दिया।



समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नन्द यादव की अगुवाई में रविवार को कार्यालय से निकल कर सैकड़ों कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे।सभी ने आम लोगों की समस्या को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले के साथ प्रदेश के किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है। जिससे बुआई पिछड़ रही है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खुलेआम इलाज के नाम पर लूट हो रही है। अभी एक सप्ताह पूर्व ही गलत इलाज के चलते पयागपुर निवासी होनहार युवा की मौत हो गई। इसके अलावा जनपद में सपा कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न को बंद करने शिक्षा का बाजारीकरण रोकने, चिलवरिया चीनी मिल का गन्ना बकाया भुगतान करने की मांग को लेकर सभी ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के प्रतिनिधि को दिया इस दौरान अमरदीप यादव, बलवीर वर्मा, राजित राम, रितेश यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### चंदा नहीं दिया तो मां बेटे को पीटा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के कीर्तनपुर गांव में बिजली का लाइन खराब है। इसे जुड़वाने के लिए गांव के कुछ लोगों ने महिला से चंदा मांगा। विरोध करने पर मां और बेटे की पीट दिया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कोतवाली देहात के कीर्तनपुर गांव निवासी शकीला बेगम पत्नी रमजान और उनके बेटे नान बाबू को पड़ोसियों ने शनिवार शाम सात बजे पीट दिया गया। जिससे दोनों घायल हो गए, शकील की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में मां को लेकर आए नान बाबू ने बताया कि गांव में बिजली लाइन खराब होने पर कुछ लोग चंदा मांग रहे थे। चंदा देने का विरोध किया गया, तो लोग उनसे गुस्सा हो गए हैं। गुसाए लोगों ने सभी ने उसकी पिटाई कर दी। घायल ने कोतवाली में तहरीर देकर केस दर्ज किए जाने की मांग की है। कोतवाल परमानंद तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच के बाद केस दर्ज किया जायेगा।

# नवनियुक्त थानाध्यक्ष का किसान यूनियन ने किया स्वागत

**कहा- किसानों की समस्याओं का समाधान करना आपका कर्तव्य**

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा का भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष (युवा) रजिउद्दीन बच्छन के निर्देश पर स्वागत किया और मिलकर किसानों के न्याय करने की बात कही। इस मौके जिला के जिला प्रभारी तौहीद आलम व रमेश मौर्य उस्मान अली बिपिन चंद्र यादव एडवोकेट शकील अहमद हाफिजुर रहमान नियाज अहमद प्रधान बर्खद्वारापुर आकिफ सभासद और अन्य पदाधिकारी ने पहुंचकर परिसर में स्वागत किया। और कहा किसानों के साथ आपको न्याय करना होगा उनकी समस्याओं का समाधान करना आपका कर्तव्य है।



# सत्य दया कृपा अहिंसा गुणों को अपने अंदर अपनाएं : संत पंकज जी महराज

**जन जागरण यात्रा अपने 96 पड़ाव में बैकुंठा ब्लॉक महसी के लिए कर गई प्रस्थान**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम पट्टी कमालपुर की बाग में जयगुरुदेव सत्संग समारोह का आयोजन हुआ। जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के अध्यक्ष संत पंकज जी ने अपने सम्बोधन में कहा परमात्मा ने अबकी बार मनुष्य शरीर पाने का अमोलक वरदान सबको दे दिया है। गृहस्थ आश्रम में रहकर खेती, दुकान, दफ्तर का काम करते हुए थोड़ा समय भगवान के भजन, खुदा की इबादत के लिए भी निकाले। इससे आपको रोजी-रोटी में बरकत मिलेगी और आपका परलोक भी बनेगा। आप सभी के अंदर रूहानियत का खजाना भरा हुआ है। इसका भेद, इसका राज आपको प्रभु की प्राप्ति करने वाले संत महात्मा फकीर से मिलेगा। यह आत्मा -परमात्मा का गूढ़ ज्ञान है जो दुनिया की विद्या, तालीम की चोटी के ऊपर से प्रारंभ होती है। प्रभु प्राप्ति की साधना के लिए आप सभी सबसे पानू धर्म को अपने विश्वास भाव से एक-दूसरे की सेवा करें। सत्य दया कृपा अहिंसा गुणों को अपने अंदर अपनाए। साथ ही शाकाहारी बने। शराब आदि नशो का प्रत्याग करें। आंखों में मां, बहन, बेटी की पहचान रखकर चरित्रवान रहें। महाराज जी ने प्रभु प्राप्ति की साधना के लिए सुरत शब्द योग ( नाम-योग) का रास्ता बताकर साधना की विधि समझाइ तथा अच्छे समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील किया।कार्यक्रम के बाद जन जागरण यात्रा अपने 96 में पड़ाव बैकुंठा ब्लॉक महसी के लिए प्रस्थान कर गई। आयोजन में प्रशासन का सहयोग रहा। इस अवसर पर रमाकांत चौहान, भूस्वामी मु. इकबाल प्रधान, भीखा सिंह, डॉक्टर रामचंद्र यादव, सहयोगी संगत सीतापुर के राम प्रसाद, परशुराम मौर्य, हरिद्वार सिंह, गजाधर वर्मा आदि मौजूद रहे।

### मण्डल से सिविल सर्विसेज फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** दुग्ध विकास विभाग बहराइच में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत विजय शंकर का एवं युवा कल्याण विभाग विकास वर्मा , क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, का चयन अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में हुआ है। जिसमें वे उ.प्र. की टीम से प्रतिभाग करेंगे। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 9 दिसम्बर से 16 दिसम्बर 2024 तक तिलक मैदान बास्को साऊथ गोवा में किया जाएगा। यह जानकारी डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव अटल सिंह द्वारा दी गई। प्रदेश की टीम में चयन होने पर जिला क्रीड़ा अधिकारी आनंद श्रीवास्तव एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी प्राची पंवार क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी देवेश शुक्ला, सहित सहित सैकड़ों लोगो ने बधाई दिया है।

# मछली विक्रय केन्द्रों पर मत्स्य विभाग ने की छापामारी

**प्रतिबंधित प्रजाति की मछली बिक्री करने पर होगी कार्रवाई**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में प्रतिबंधित मछली के अवैध व्यवसाय की शिकायतें संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम द्वारा तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत ग्राम बारापत्थर स्थित मत्स्य व्यवसाई बशीर अहमद खान, नानपारा क्षेत्र के गंभीरवा बाजार स्थित मत्स्य व्यवसाई कलीम तथा अन्य क्षेत्रों के निकटवर्ती बाजारों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मत्स्य विक्रेताओं के प्रतिष्ठानो एवं टैंकों की जांच की गई। जांच के दौरान प्रतिबंधित मछली नहीं पाई गई। विक्रेताओं द्वारा पंगेशियस व देशी प्रजाति की मछली ग्रास मछली, रोहू मछली आदि का विक्रय किया जा रहा था। सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. कुमार द्वारा मत्स्य विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि जनस्वास्थ्य के दृष्टिगत प्रतिबंधित प्रजाति की मछली का पालन एवं बिक्री पूर्णतया प्रतिबन्धित है।

प्रतिबन्धित मछली का पालन एवं किसी प्रकार का व्यवसाय करते हुए पकड़े जाने पर दण्ड का प्राविधान है। प्रतिबंधित प्रजाति की मछली का पालन एवं व्यवसाय करने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। डॉ. कुमार ने बताया कि निरीक्षण के समय रास्ते में मछलियां ले जाते हुए एक ट्रक की जांच करने पर वाहन में बर्फ में लगी हुई पयास मछली पायी गयी जो प्रतिबन्धित नहीं है। जांच के दौरान वाहन चालक से पूछताछ भी गई तथा दस्तावेज़ों की जांच पड़ताल भी की गई। ए.डी. मत्स्य डॉ. कुमार ने आमजन को सुझाव दिया है कि थाई मांगुर मछली ना खाएं, इसे खाने से कैंसर की बीमारी का खतरा रहता है इसलिए सरकार ने इसकी बिक्री पर रोक लगा दिया है। कुछ दिन पहले ही जनपद में 9.5 कुंटल प्रतिबन्धित मछली को नष्ट करया गया था। दुकानदार किसी भी सूरत में प्रतिबंधित मछली की खरीद-बिक्री न करें।

अगर कोई भी दुकानदार प्रतिबंधित मछली की बिक्री करते पकड़ा गया तो उसके विरूद्ध अनिवार्य रूप से विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

▸ जताई जा रही हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के तेरुखा गांव के पास एक युवक का शव संदिग्ध हालत में खेत में पड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।

**गले और चेहरे पर चोट के स्पष्ट निशानः** रायबरेली के लालगंज कोतवाली क्षेत्र के राणा का पुरवा गांव में 30 वर्षीय युवक का शव रविवार सुबह धान के पैरा के पास संदिग्ध अवस्था में मिला। युवक के गले और चेहरे पर चोट के स्पष्ट निशान थे, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप गांव के एक विद्यालय के प्रिंसिपल बाबूलाल यादव पर लगाया है। उनका कहना है कि प्रिंसिपल के साथ युवक का कुछ विवाद था, जो इस अपराध की वजह हो सकता है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि हर पहलू की जांच की जा रही है और आरोपित को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा।



‘डलमऊ क्षेत्राधिकारी अरुण नौहार ने बताया कि 17 नवंबर की सुबह डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के तेरुखा गांव के पास एक युवक के शव की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। जांच के दौरान शव की पहचान 30 वर्षीय बसन्त लाल के रूप में हुई। क्षेत्राधिकारी और डलमऊ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।’

-अरुण नौहार (डलमऊ क्षेत्राधिकारी)

# शिक्षित करने की सीख मुझे मेरे पूर्वजों से मिली है: सत्येंद्र सिंह

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

स्वामी दयानंद की 200 वीं जन्म जयंती एवं शिव वरदान सिंह व राम वरदान सिंह की स्मृति शेष मे स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज घूराडीह अमावा रायबरेली मे विद्यालय प्रबंधक सत्येंद्र सिंह व पूर्णिमा सिंह द्वारा यज्ञ भजन व प्रवचन प्रसाद वितरण सहित सम्मान समारोह का आयोजन किया गया शनिवार 16 नवंबर से शुरू हुए आयोजन में हवन पूजन यज्ञ भजन प्रवचन के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया तथा आए हुए अतिथियों को स्वामी दयानंद सरस्वती की प्रतिमा भेंट की गई वह आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की पुस्तक सत्यार्थ प्रकाश भी भेंट की गई । व अतिथियों को फूल मालाओं से लाद दिया गया आज रविवार को आयोजन का समापन प्रसाद वितरण कार्यक्रम के साथ संपन्न कराया गया । विद्यालय प्रबंधक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि उनके पिता के पिता शिव वरदान सिंह और राम वरदान सिंह उनके प्रेरणा स्रोत है शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखने की प्रेरणा मुझे मेरे पूर्वजों से ही मिली है। तथा आज आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की रोशनी जन्म जयंती है क्योंकि स्वामी जी ने हम सभी को शांति और प्रेम का संदेश दिया है और वेदों का महत्व बताया है कार्यक्रम के माध्यम से हम भी क्षेत्र को महापुरुषों के संदेश देना चाहते हैं।इस मौके पर राजेंद्र सिंह भूपेंद्र सिंह वेद प्रकाश सिंह देवेंद्र सिंह आदर्श सिंह सचिन सिंह अश्वनी सिंह उर्फ पिंटू सिंह मनोज सिंह शारदा शरण पांडे मारुत सिंह वीर बहादुर सिंह सीमा सिंह कमल सिंह चौहान सतीश सिंह सांवले सिंह सहित हजारों लोग मौजूद रहे।



# गाड़ी सीख रहे दरोगा ने बाइकसवार को मारी टक्कर

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

एक नौसिखिया दरोगा की गाड़ी सीखना एक मोटरसाइकिल सवार को भारी पड़ गया। खबर है कि बोलोरो गाड़ी चलाना सीख रहे एक दरोगा ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया। उपचार के लिए उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हिट एंड रन का यह मामला गदा गंज थाना क्षेत्र के बांसी रिहायक बाबा के पुरवा गांव के पास का है। दरोगा प्रेम सिंह बोलेरो गाड़ी चलाना सीख रहे थे तभी गांव से बाइक सवार युवक अपनी बाइक से घर जा रहा था।दरोगा प्रेम सिंह अपनी बोलेरो को संभाल नही पाए और युवक को टक्कर मार दी। टक्कर मारकर दरोगा रुके भी नही और गाड़ी आगे बढ़ाकर चलते बने। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए गौरा सी एच सी ले जाया गया है।



**बाइक सवार चोटिल, बाइक क्षतिग्रस्तः** बाइक सवार घायल अरविंद के भाई अरुण ने बताया की दरोगा जी ठीक से गाड़ी नहीं चला पा रहे थे। जिन्होंने मेरे भाई की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मेरे भाई के पैर मुंह नाक और अन्य गंभीर चोट आई और मेरी बाइक पूरी तरह से बेकार हो गई। वहीं घायल अरविंद ने बताया कि वह मोटरसाइकिल से जा रहा था तभी सामने से चार पहिया गाड़ी चला रहे दरोगा ने उन्हें टक्कर मार दी जिसके कारण वह चोटिल हो गई और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

**स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रहीः** इस घटना के बाद इलाके में स्थानीय लोग बेहद नाराज हैं और दरोगा की लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि कानून के रक्षक के रूप में जिम्मेदारियों का निर्वहन करने वाले अधिकारियों से ऐसी लापरवाही की उम्मीद नहीं की जाती है। वहीं, स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायल युवक का इलाज जारी है। घटना के बाद, सवाल उठ रहे हैं कि क्या बिना उचित प्रशिक्षण के गाड़ी चलाना एक गंभीर अपराध नहीं माना जाना चाहिए, खासकर जब यह हादसा किसी के जीवन को खतरे में डाल सकता है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# अनियंत्रित होकर कार दुकान में घुसी, युवक घायल



**सूची सलोन, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दुकान में घुस गई। जिससे दुकान पर बैठा युवक घायल हो गया। वहीं दुकान समेत बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचा और कार को कब्जे में ले लिया।सलोन कोतवाली क्षेत्र के सूची निवासी विवेक जोशी पुत्र राधेश्याम घर के सामने लकड़ी के खोखा में दुकान चलाता है।इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर अचानक दुकान में घुस गई। जिससे दुकान में बैठा विवेक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में खोखा समेत एक बाइक टूट गई।स्थानीय लोगों की मदद से कार को बाहर निकला गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां इलाज जारी हैं। वही दुर्घटनाग्रस्त कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

## ब्रह्मभोज का आयोजन आज

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र के अटौरा बुजुर्ग स्थित किसान विद्यालय में 18 नवम्बर को ब्रम्हभोज का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए श्री फाउन्डेसन के चेयरमैन मनोज द्विवेदी(दादाश्री) ने बताया कि पूर्वजो को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिये आयोजित ब्रम्हभोज दोपहर 1 बजे से प्रभु की इच्छा तक चलेगा। इसके लिये सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। समाजसेविका व कांग्रेस नेत्री सुधा द्विवेदी ने लोगो से ब्रम्हभोज में अधिक से अधिक संख्या मैं पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

## बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारयुवक को मारी टक्कर, जिला अस्पताल रेफर

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर रोड पर सेमरपहा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के सामने रविवार को बेकाबू गिट्टी लदे ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। काशीदीन का पुरवा मजरे शोभवापुर गांव निवासी विनोद कुमार (32) पुत्र गयादीन बाइक से सेमरपहा स्थित एटीएम से रुपए निकालने आ रहा था। तभी प्राथमिक विद्यालय के सामने ओवर टेक करते समय उसका संतुलन बिगड़ गया। वह पीछे आ रहे गिट्टी लदे ट्रक के पहियों के नीचे आ गया। राहगीरों ने फौरन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि घायल युवक को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। ट्रक पुलिस के कब्जे में है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# खबरें एक नजर में

## रुक्मिणी विवाह की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रोता

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध बाल्हेश्वर मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन कथा व्यास पं. झिलमिल महाराज ने भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी के विवाह की कथा सुनाई। महारास लीला का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने संगीतमय कथा के दौरान कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनके गाए पांच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव से पार उतर जाता है। वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त नहीं होती है। कहा कि जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहा जाता है। इससे पहले कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग सुनाया। विवाह का भावमय प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। जैसे ही भगवान कृष्ण ने रुक्मिणी के गले में जयमाला डाली। पूरा पांडाल भगवान कृष्ण की जय घोष से गूंज उठा। भक्तों ने पुष्प वर्षा कर कथा का आनंद लिया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता व कांग्रेस नेता दीपेंद्र गुप्ता, रविंद्र सिंह, विनोद, आराध्य गुप्ता, गुड़िया, आरती, चांदनी सहित तमाम महिला पुरुष भक्त मौजूद रहे।

## एक और दस के सिक्कों की स्वीकार्यता पर संकट



**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला बाजार सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में एक रुपए का छोटा सिक्का और रु.10 का बिना रुपए के प्रतीक वाले सिक्कों का प्रचलन अचानक बंद हो गया है। हालांकि, सरकार द्वारा इन सिक्कों को बंद नहीं किया गया है और न ही इन सिक्कों की कानूनी मान्यता समाप्त की गई है। बावजूद इसके, इन सिक्कों का उपयोग अब बाजारों में बंद हो गया है। जब बाहर से आने वाले लोग इन सिक्कों का उपयोग उतरौला में खरीदारी के लिए करते हैं, तो वे अक्सर दुकानदारों से उलझ पड़ते हैं। दुकानदार इन सिक्कों को स्वीकार करने से इंकार कर देते हैं, जबकि अन्य स्थानों पर यही सिक्के सामान्य रूप से चलते हैं। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब ग्राहक और दुकानदार के बीच इन सिक्कों को लेकर विवाद होता है। यह स्थिति इसलिए उत्पन्न हुई है क्योंकि कुछ स्थानों पर इन सिक्कों का उपयोग होता है, जबकि उतरौला में इनकी स्वीकार्यता नहीं है। इससे यह प्रतीत होता है कि स्थानीय दुकानदारों और ग्राहकों को इस बारे में जानकारी का अभाव है। सरकार द्वारा इन सिक्कों की वैधता पर कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं, जिससे लोग भ्रमित हो जाते हैं।

## बाबा फक्कड़ दास मंदिर के महंत बाबा राजेंद्र दास ब्रह्मलीन



**उतरौला (बलरामपुर)।** स्थानीय बाबा फक्कड़ दास मंदिर के महंत बाबा राजेंद्र दास, जिन्हें फौजी बाबा के नाम से जाना जाता था, 16 नवंबर की रात लगभग 11:30 बजे ब्रह्मलीन हो गए। फौजी बाबा भारतीय सेना के पूर्व सैनिक थे और अपनी सैन्य सेवा के पश्चात व बाबा फक्कड़ दास के ब्रह्मलीन होने के पश्चात संन्यास ग्रहण कर जीवन को भगवान की सेवा और मानव कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। महंत बाबा राजेंद्र दास ने अपने जीवनकाल में अध्यात्म, सादगी और सेवा का मार्ग अपनाया। वे लंबे समय से बाबा फक्कड़ दास मंदिर की देखभाल और धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहे। उनके ब्रह्मलीन होने की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बाबा ने मंदिर के उत्थान और समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बाबा के ब्रह्मलीन होने के बाद मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा लगा गया। लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने और अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। बाबा के पार्थिव शरीर को 17 नवंबर को नगर भ्रमण के लिए निकाला गया, जिसमें भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। नगर भ्रमण का मार्ग फक्कड़ दास चौराहा से लेकर उतरौला तक निर्धारित किया गया। उनका अंतिम संस्कार वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार सम्पन्न हुआ। भक्तों का मानना है कि बाबा ने भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में अपना स्थान पाया है।

## टैलेन्ट सर्च प्रतियोगिता में चार सौ पचास प्रतिभागियों ने अपनी क्षमता की दी परीक्षा



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** टैलेन्ट सर्च प्रतियोगिता में चार सौ पचास प्रतियोगियों ने भाग लेकर अपनी क्षमता की परीक्षा दी। तहरीम खान क्लासेज के तत्वावधान में स्थानीय आमिना कान्वेंट स्कूल में आज कक्षा छह से कक्षा आठ तक के 23 विभिन्न विद्यालयों के प्रतियोगी छात्र -छात्राओ ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। तहरीम खान क्लासेज के प्रबंधक शमसुल्लाह खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता को आयोजित करने का उद्देश्य नौनिहालों को प्रतियोगिता के तरीकों को समझना और भविष्य में अपने आप को किसी भी प्रतियोगिता के लिए तैयार करना है। आमिना कान्वेंट स्कूल के प्रबन्धक शब्बू रज़ा ने कहा कि ग्रामीण आंचल में इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे नौनिहालों को अभी से भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए मानसिक रूप से तैयार किया जा सकता है। आमिना कान्वेंट स्कूल के प्रधानाचार्य फसीउल्लाह खान ने प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले छात्र- छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए , उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का परिणाम आगामी 1 दिसम्बर को भव्य कार्यक्रम आयोजित कर घोषित किया जायेगा। प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक आयोजित कराने में अताउल्लाह, एस पी यादव, फ़ैज़, अहमद, वेद प्रकाश, ब्रजेश कुमार, सलिहा, अर्पित श्रीवास्तव,श्री राम साहू आदि ने सराहनीय कार्य किया।

# दो बाइकसवारों की आमने-सामने टक्कर में पांच घायल, तीन की हालत गंभीर

**बलरामपुर।** जिले के महाराजगंज तराई थाना के महाराजगंज-हरैया मार्ग पर गांधीगांव के पास शुक्रवार शाम करीब आठ बजे दो बाईक आमने-सामने टकरा गईं। जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बनघुसरा निवासी 22 वर्षीय सहबे पुत्र चिनके और 21 वर्षीय जावेद पुत्र नानबाबू बलरामपुर किसी काम से गए थे। वहीं दांदव गांव निवासी 15 वर्षीय सुग्रीव पुत्र दयाल, 15 वर्षीय शिवा पुत्र सूबेदार व 19 वर्षीय हरीराम पुत्र मिट्ठू लाल शंकरनगर से गुरु पूर्णिमा पर लगे मेला देखने गए थे। वापस लौटते समय गांधी गांव के पास दोनों की बाइक आमने-सामने से टकरा गई। बाइकों के टकराने पर आसपास के लोग जिसमें सहबे, जावेद व सुग्रीव के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण चिकित्सक ने उन्हें लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। वहीं शिवा और हरिराम का इलाज जिला अस्पताल में भर्ती अगला कराया गया। हरिराम की हालत में सुधार न होने पर उन्हें गोंडा रेफर किया गया है। हादसे के सम्बन्ध में महाराजगंज तराई थाना प्रभारी अखिलेश पांडेय ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मामले की छानबीन की जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जिसमें सहबे, जावेद व सुग्रीव के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण चिकित्सक ने उन्हें लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। वहीं शिवा और हरिराम का इलाज जिला अस्पताल में भर्ती अगला कराया गया। हरिराम की हालत में सुधार न होने पर उन्हें गोंडा रेफर किया गया है।

# कस्बे में अतिक्रमण की पराकाष्ठा पार कर रहे अतिक्रमणकारी

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे में अतिक्रमण की पराकाष्ठा पार कर रहे हैं अतिक्रमणकारी, यात्रियों के बैठने के स्थान पर सब्जी वालों ने कर रखा है कब्जा। स्थानीय कस्बे के अंदर अतिक्रमण अपनी चरम सीमा पर पहुंच रहा है कुछ दिन पूर्व उप जिलाधिकारी महाराजगंज द्वारा हाई कोर्ट के आदेश पर मुख्य बाजार के अंदर अतिक्रमण हटाया गया था, परंतु आज भी स्थिति जस की तस बनी हुई है शिवगढ़ मार्ग से सब्जी मंडी जाने वाला रास्ता अतिक्रमणकारियों की भेंट चढ चुका है, इस मार्ग पर अगल-बगल से साइकिलों का भी निकलना दूभर हो रहा है, सबसे बदतर हालत तो बछरावां के मुख्य चौराहे की है जहां पर यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ सीमेंट की बेंच रखवाई गई थी, इसलिए रखी गई थी ताकि जो यात्री रायबरेली इलाहाबाद प्रतापगढ़ की ओर जाना चाहते हैं उन्हें खड़े होकर बस का इंतजार न करना पड़े, परंतु इस स्थान को भी अतिक्रमणकारियों द्वारा नहीं छोड़ा गया, वास्तव में रायबरेली इलाहाबाद प्रयागराज की तरफ जाने वाली बसें बस स्टॉप के अंदर न जाकर हाईवे पर इसी जगह खड़ी होती है खंबे की बगल में फल विक्रेताओं द्वारा अपना कब्जा जमा लिया गया और राजमार्ग की ओर लगभग आधा दर्जन सब्जी वालों ने इन बैठने के स्थान को अपने सब्जी रखने का जरिया बना लिया, मजे की बात यह है कि चौराहे पर स्थानीय पुलिस से लेकर ट्रैफिक पुलिस तक के सिपाही व थानेदार मौजूद रहते हैं परंतु आने-जाने वाले यात्रियों की परेशानी से किसी का कोई लेना देना नहीं है सब्जी वालों का अतिक्रमण वदस्तूर चल रहा है अब देखना होगा कि क्या पुलिस विभाग के आला अधिकारी इस समस्या पर ध्यान देने का कष्ट करेंगे।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**लालगंज(रायबरेली), समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।क्षेत्र में आय दिन सड़क हादसों में इजाफा होता दिख रहा है।एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है रविवार की शाम लगभग साढ़े 6 बजे लालगंज-रायबरेली मुख्य मार्ग स्थित ऐहार गांव (टोल प्लाजा) के पास अज्ञात



वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जिसमें बाइक सवार राकेश कुमार पाल (38 वर्ष) पुत्र भगौती प्रसाद व रामदेव (40 वर्ष) पुत्र महाराजदीन निवासी पूरे मेहरबान मजरे जमुवावा थाना लालगंज के ही रहने वाले हैं। वहीं सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार लोगों की मौत हुई है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है,अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवाद का हुआ निस्तारण

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में पारिवारिक विवाद पत्रावलियां विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें एक परिवार फहीम खां पुत्र सलीम खाँ जनपद कन्नौज बनाम मासूम रजा बेग सादुल्लानगर बलरामपुर का सफल निस्तारण संभव हुआ। पारिवारिक विवाद निस्तारण में परामर्शदाता देवतादीन दूबे, महिला थाना प्रभारी विनीता चतुर्वेदी, उ.नि. महेन्द्र यादव, महिला कां. ज्योति का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रधानमंत्री आवास में आग से तबाही, सारा सामान जलकर राख

▸ मोहल्लेवालों के प्रयास से बची परिवार की जान, प्रशासन ने जांच का दिया भरोसा

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उतरौला के मोहल्ला पटेल नगर वार्ड नंबर 21 में शनिवार और रविवार की रात एक प्रधानमंत्री आवास में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। शमशेर, पुत्र चिन्नू, के घर में लगी इस आग ने उनके जीवनभर की जमा-पूंजी और सामान को राख में तब्दील कर दिया। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

रात के समय अचानक लगी आग से घर में चीख-पुकार मच गई। मोहल्ले के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घर में फंसे शमशेर और उनके परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला। स्थानीय निवासियों ने अथक प्रयास करके आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक आग ने घर का सारा सामान, राशन और अन्य उपयोगी वस्तुओं को अपनी चपेट में ले लिया। पीड़ित परिवार के पास केवल तन पर पहने कपड़े ही बच सके। शमशेर पैंडल रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनका परिवार पहले ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा था, और अब इस घटना ने उनके जीवन को और मुश्किल बना दिया है। घर में राशन से लेकर रोजमर्रा के इस्तेमाल की हर चीज आग में जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम अवधेश कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और आग से हुए नुकसान का आकलन कराया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। मोहल्ले के निवासियों ने न केवल आग बुझाने में मदद की, बल्कि परिवार को तत्काल राहत पहुंचाने का प्रयास भी किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को जल्द से जल्द इस परिवार की सहायता करनी चाहिए ताकि उनका जीवन दोबारा पटरी पर आ सके। इस घटना ने शमशेर और उनके परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है। प्रशासन और समाज के सहयोग से उन्हें इस कठिन समय से बाहर निकाला जा सकता है। यह घटना एक सबक है कि सुरक्षा उपायों और त्वरित प्रतिक्रिया से ऐसी त्रासदियों को रोका जा सकता है।



# मंडलायुक्त ने निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की



**बलरामपुर।** जनपद में निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा मंडलायुक्त देवीपाटन मंदिर शशिभूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं में कार्य में तेजी लाते हुए लक्ष्य के सापेक्ष भौतिक एवं वित्तीय प्रगति लाए जाने का निर्देश दिया। निर्माणाधीन परियोजनाओ की तृतीय पक्ष से जांच कराते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें जाने का निर्देश दिया। इस पूर्व मंडलायुक्त द्वारा ग्राम बिजलीपुर में टीएचआर (टेक होम राशन) प्लांट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह से प्लांट के सुचारू संचालन की जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम पवन अग्रवाल, सीडीओ हिमांशु गुप्त व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# नाबालिग ई रिक्शा चालक यात्री सुरक्षा को बन रहे खतरा

▸ किताब-कॉपी छोड़ सड़क पर फर्राटे भर रहे नाबालिग, प्रशासन मूकदर्शक

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

नाबालिग ई रिक्शा चालकों की बढ़ती संख्या ने स्थानीय सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को खतरे में डाल दिया है। ऐसे बच्चे, जो किताब-कॉपी लेकर स्कूल जाने की उम्र में हैं, सड़कों पर फर्राटे भरते हुए दिखते हैं। यह न केवल उनकी जान के लिए खतरे का कारण है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर जोखिम उत्पन्न करता है। विभागीय अधिकारियों की चुप्पी और लापरवाही इस स्थिति को और भी चिंताजनक बना रही है।

उतरौला और आसपास के ग्रामीण इलाकों में नाबालिग ई रिक्शा चालकों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। ये बच्चे न तो ड्राइविंग के सही तरीके जानते हैं और न ही उन्हें यातायात के नियमों का कोई ज्ञान है। ट्रैफिक सिग्नल, गति सीमा, या सड़क पर वाहन चलाने के सामान्य कायदे इन बच्चों के लिए अजनबी हैं। बावजूद इसके, यह नाबालिग चालक अपनी जान जोखिम में डालते हुए ई रिक्शा चला रहे हैं, और स्थानीय बाजारों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में तेज गति से फर्राटे भरते हुए नजर आते हैं। नाबालिग चालक सड़क पर हर समय यातायात नियमों की अवहेलना करते हैं। वे ओवरस्पीडिंग, ट्रैफिक सिग्नल की अनदेखी, और वाहन चलाने के लिए मानक सुरक्षा उपायों की उपेक्षा करते हैं। इन चालकों के कारण कई बार छोटे-मोटे हादसे हो चुके हैं, लेकिन यह स्थिति प्रशासन की उदासीनता और लापरवाही के कारण बिगड़ती जा रही है। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के मामले में प्रशासन की चुप्पी बेहद निराशाजनक है। हालांकि, इन बच्चों के माता-पिता और वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन अधिकारी इस मुद्दे पर न तो कार्रवाई कर रहे हैं और न ही इस पर ध्यान दे रहे हैं। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह बच्चों के जीवन को भी खतरे में डालता है। वर्तमान में कई परिवारों की आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि वे अपने बच्चों को ई रिक्शा चलाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। हालांकि यह बच्चों के भविष्य के लिए बेहद हानिकारक है, फिर भी आर्थिक मजबूरी के कारण ऐसे बच्चों को काम पर भेजा जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप ये बच्चे न केवल अपनी शिक्षा को नजरअंदाज करते हैं, बल्कि उनकी सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है।



## कम्प्यूटर शिक्षा विशेषज्ञ भर्ती अभियान की जरूरत

देश में पिछले दो दशक से कम्प्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बढ़ोत्तरी हुई है। एमबीबीएस और बीटेक एमटेक की शिक्षा के बाद कम्प्टूर शिक्षा का ग्राफतेजी से बढ़ा है। बीटेक एमटेक के बाद रोजगार की तलाश में घूमती बेरोजगारों की फौज को देखकर नई पीढ़ी के युवाओ ने यह सोचकर की सरकारे तेजी से हाईटेक हो रही है, ब्लाक स्तर तक कंप्यूटरीकरण हो रहा है तो इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर अत्याधिक आएगे। लेकिन एक लम्बे अरसे से देखा जा रहा है कि इन्टर और गेजुएट, पोस्ट गेजुएट डिग्री के साथ ट्रिपल सी, ओ लेबल, ए लेबल, बीसीए, एमसीए करने के बाद भी इन विशेष शिक्षा के नाम पर किसी सरकार ने कोई ऐसी रिक्तियॉ नही निकाली जिससे यह महसूस किया जाता कि सरकारों को कंप्यूटर विशेषज्ञों की जरूरत है। जबकि वास्तविकता यह है कि लगभग हर विभाग में अब कंप्यूटर विशेषज्ञों की आवश्यकता है। खासतौर से सेना, सचिवालय और पुलिस के साइबर सेलों में इन कंप्यूटर विशेषज्ञों की जरूरत को तो नकारा नही जा सकता। ऐसे में अगर पिछले दस से बीस वर्षो में निकाली गई रिक्तियों पर ध्यान दिया जाए तो उनकी अर्हता में वही पुराना ढर्रा ही अपनाया जा रहा है। ऐसा भी नही है कि अर्हता के साथ अगर प्रतिभागी या आवेदक के पास कंप्यूटर की अतिरिक्त डिग्री या डिप्लोमा हो तो उसे कोई अतिरिक्त लाभ दिये जाने का प्राविधान नही है। जबकि डिजीटल इण्डिया शायद प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री, मुख्यमंत्रियों का नजरिया और बयान बहुत ही विस्तारित रहा है। जबकि कंप्यूटर शिक्षा का महत्व आज के आधुनिक युग में किसी से छिपा नहीं है। जैसे-जैसे तकनीक तेजी से उन्नति कर रही है, वैसे-वैसे कंप्यूटर का उपयोग हर क्षेत्र में बढ़ता जा रहा है। शिक्षा का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। वास्तव में, कंप्यूटर शिक्षा अब न केवल एक आवश्यकता बन गई है, बल्कि यह हमारे बच्चों के भविष्य की नींव भी है। वैसे तो कंप्यूटर शिक्षा का इतिहास 20वीं सदी के मध्य से प्रारंभ होता है। 1950 और 1960 के दशक में, कंप्यूटर बड़े और महंगे उपकरण हुआ करते थे, जो मुख्य रूप से वैज्ञानिक अनुसंधान और सैन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाते थे। उस समय, कंप्यूटर विज्ञान और प्रोग्रामिंग की शिक्षा केवल कुछ चुनिंदा विश्वविद्यालयों में ही उपलब्ध थी। छात्रों को प्रोग्रामिंग भाषाओं जैसे कि फॉर्ट्रान और कोबोल सिखाई जाती थी। 1970 के दशक में माइक्रोप्रोसेसरों के आविष्कार के साथ, कंप्यूटर छोटे, सस्ते और अधिक सुलभ हो गए। इस अवधि में, कंप्यूटर शिक्षा का दायरा बढ़ा और यह स्कूलों और कॉलेजों में पहुंच गई। 1980 के दशक में, व्यक्तिगत कंप्यूटरों की शुरुआत हुई, जिसने कंप्यूटर शिक्षा को और भी व्यापक बना दिया। 1990 के दशक में इंटरनेट का आगमन हुआ। जिसने कंप्यूटर शिक्षा में क्रांति ला दी। इंटरनेट के माध्यम से जानकारी की पहुँच और संसाधनों की उपलब्धता ने शिक्षण और सीखने के तरीकों को बदल दिया। इस दशक में, मल्टीमीडिया उपकरणों का उपयोग भी बढ़ा, जिससे शिक्षा अधिक इंटरेक्टिव और आकर्षक हो गई। कंप्यूटर शिक्षा में अब वेब डिजाइनिंग, ग्राफिक्स डिजाइनिंग, और एनिमेशन जैसे नए विषय शामिल होने लगे। छात्रों को माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, ईमेल, और इंटरनेट ब्राउजिंग जैसे बुनियादी कंप्यूटर कौशल भी सिखाए जाने लगे। 2010 के दशक में स्मार्टफोन, टैबलेट, और अन्य मोबाइल उपकरणों के आगमन ने कंप्यूटर शिक्षा को और भी अधिक सुलभ बना दिया। अब शिक्षा केवल कंप्यूटर लैब तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह किसी भी समय और कहीं भी उपलब्ध हो गई। इस अवधि में, ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म्स, ई-लर्निंग टूल्स, और वर्चुअल क्लासरूम्स ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, और डेटा साइंस जैसे उन्नत विषय कंप्यूटर शिक्षा का हिस्सा बन गए। 2024 के आते तो मानों कंप्यूटर शिक्षा जीवन का एक हिस्सा बन गई या फिर यू कहा जाए कि इसके बिना ज्ञान अधूरा लगने लगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, और बिग डेटा जैसी तकनीकों के आगमन से कंप्यूटर शिक्षा के दायरे में और भी विस्तार हो चुका है। रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, और इंटरनेट ऑफथिंग्स जैसे नए क्षेत्रों में भी कंप्यूटर शिक्षा का महत्व बढ़ रहा है। अब फिर वही सवाल समाने आता है कि अगर कंप्यूटरीकरण का इतना व्यापक स्तर है तो केन्द्र एवं राज्य सरकार के सौ से अधिक विभागों में रिक्त एवं जरूरत के सापेक्ष सृजित पदों पर कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त कर चुके युवाओं के लिए रिक्तियों का अभाव क्यो है। सेना से लेकर पुलिस तक में अब कंप्यूटर विशेषज्ञों की अति आवश्यकता है। साइबर क्राईम के देश भर में हजारों हजार मामले सिर्फ इसीलिए लम्बित है क्योकि साइबर सेलों तक में कंप्यूटर विशेषज्ञों का अभाव है। केन्द्र और राज्य सरकारों ने कम्प्यूटरीकरण के नाम पर हर विभागों एवं कार्यालयों में थोक भाव में कम्प्यूटर लगा डाले लेकिन विशेषज्ञ अर्हता वाले कर्मचारी न होने के कारण वे कम्प्यूटर या तो टाईपराइटर बन कर रह गए या फिर चादर से ढाक दिये गए। यही नही विभागों में कम्प्यटूर सेल बनाए गए लेकिन उन सेलों के प्रभारी भी कम्प्यूटर शिक्षा से न हो कर अन्य शिक्षा क विशेषज्ञ है। कुल मिलाकर देखा जाए तो आने वाले समय में इंजीनियरिंग की तरह देश में कंप्यूटर विशेषज्ञों की एक बड़ी फौज बेरोजगारी की कतार में खड़ी होगी और सरकार जरूरत होने के बावजूद उनका उपयोग नही कर पाएगी। वैसे वक्त का तकाजा है कि अब केन्द्र और राज्य सरकारों को हर विभाग में प्रतिशत के आधार पर कंप्यूटर विशेषज्ञों की भर्ती के लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए। सरकारों द्वारा निकाली जाने वाली रिक्तियों में अर्हता के साथ कम्प्यूटर की अतिरिक्त डिग्री या डिप्लोमाधारी के आवेदन पर विशेष प्राथमिकता देना चाहिए क्योकि शैक्षिक पात्रता के अतिरिक्त अगर उन्हें कम्प्यूटर शिक्षा की अतिरिक्त योग्यता वाला कर्मचारी मिलेगा तो उसके काम काज का स्तर भी व्यापक एवं सरकार हित में होगा।

# सुसंस्कृत, शिक्षित नारियां राष्ट्र की धरोहर

*संजीव ठाकुर*



र्तमान में भारतीय मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, भारत की वित मंत्री निर्मला सीता रमन तथा मंत्री स्मृति ईरानी, किरण बेदी तथा अंतरिक्ष विज्ञानी स्वर्गीय कल्पना चावला ऐसे उदाहरण है इसके अलावा देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तो इतिहास ही रच दिया है उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपना परचम फैला रही है, भारत सरकार में भी सशक्त महिलाएं कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त कर सरकार में अपनी सहभागिता प्रदान कर रही है, अंतरिक्ष में भारतीय मूल की कल्पना चावला ने अपना सर्वस्व त्याग कर राष्ट्र को गौरव बढ़ाया है, अमेरिका की उपराष्ट्रपति भारतीय मूल की कमला हैरिस भी भारत तथा महिलाओं का गौरव बढ़ाकर महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण बनी है, पर दूसरी तरफ भारत की जनसंख्या की 65 महिलाएं ग्रामीण क्षेत्र में केवल 45: शिक्षित है, और शहरी महिलाएं ग्रामीण महिलाओं से थोड़ी ज्यादा शिक्षित हैं पर पूरे 121 करोड़ की जनसंख्या में महिलाओं का भागीदारी का प्रतिशत अत्यंत न्यून है, अत्यंत कम प्रतिशत महिलाएं ही शिक्षा, समानता, निजता के अधिकार का उपयोग कर पा रही, ऐसे में यदि नारी सशक्तिकरण की अवधारणा को माना जाए तो भारत के परिपेक्ष में नारी उत्पीड़न हर क्षेत्र हर प्रदेश तथा देश की राजधानी दिल्ली, मुंबई, कोलकाता तथा बड़े महानगरों में हो रहा है,नारी के ऊपर होते बलात्कार अत्याचार तथा शोषण की कहानियां रोज अखबारों में दिखाई देती है, भारत में नारी सशक्तिकरण की स्थिति बहुत बेहतर नहीं कहा जा सकति है, सर्वे के अनुसार प्रति मिनट भारत में 800 महिलाएं किसी न किसी तरह से प्रताड़ना का शिकार हो रही है,ऐसे में शिक्षित महिलाओं को ही नारी सशक्तिकरण को मजबूत बनाने के लिए शासन प्रशासन से कंधे से कंधा मिलाकर प्रयास करने की जरूरत होगी।

भारत में ही नहीं पूरे विश्व में स्त्रियां उनके नैसर्गिक सम्मान की हकदार हैंस स्त्रियों का यथोचित सम्मान ही किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास की धुरी हैं। पुरानी मान्यताओं को देखते हुए परिवार समाज तथा देश में स्त्रियों को अग्रणी स्थान देना तय किया जाना चाहिए। भारत देश में नारी पूज्यंते हैं, नारी को नौ देवियों का स्वरूप माना जाता है। शास्त्रों में देवी के नौ स्वरूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, महागौरी, कालरात्रि, सिद्धिदात्री, देवियों के नौ रूप जो आतताइयों, राक्षसों से नारियों तथा देवताओं की रक्षा करती हैं पर भारत में ही नहीं पूरे विश्व में मुख्यतः व्याप्त पुरुष प्रधान समाज ने एक ऐसी सामाजिक संरचना का निर्माण किया है, जिसमें प्रत्येक निर्णय लेने संबंधित अधिकार पुरुषों के पास ही सीमित रहे हैं, आदिम समाज से लेकर आधुनिक समाज तक विश्व की आधी दुनिया के प्रति भेदभाव पूर्ण दृष्टिकोण रखा गया है, जिसने कभी भी स्त्री को व्यक्ति के रूप में स्वीकार नहीं किया हैद्य भारतीय समाज में भी प्राचीन नीतिकारों ने स्त्रियों को पिता, भाई, पति या पुत्र के संरक्षण में ही सामाजिक जीवन जीने की शास्वत वकालत की है।

हमारे धर्म धर्मशास्त्रों में भी 'प्राप्ते तू दशम वर्षे, यस्तु कन्या न यछ्सी',अर्थात कन्या को 10 वर्ष तक पहुंचते-पहुंचते उसका विवाह कर दिया जाना चाहिएद्यइस तरह की कुंठित भावनाओं से ग्रसित पुरुष समाज की मानसिकता वाली शिक्षा हर तरफ देखने मिलती है, यह सच है कि पुरुष प्रधान मानसिकता ने स्त्रियों को स्वतंत्र व्यक्ति के रूप में स्वीकार ही नहीं किया था, बल्कि तथाकथित लोकतांत्रिक एवं आधुनिक मूल्यों वाले पश्चिमी समाज ने महिलाओं को 1920 तक व्यक्ति के रूप में स्वीकार नहीं किया था, पश्चिम के देशों में व्यक्ति मतलब उनका तात्पर्य पुरुष और पुरुष समाज से ही था, इंग्लैंड में व्यक्ति को वोट देने का अधिकार थाद्य लेकिन महिलाएं 1918 तक वोट देने के अधिकार से वंचित थी, अमेरिका में 1920 तक महिलाएं वोट देने का अधिकार के बिना ही जीवन यापन कर रही थीद्य विश्व में पहली बार भारत में व्यक्ति के अंतर्गत महिला को शामिल किया गया था इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कोरनेलिया सोराबजी नामक महिला के वकालत करने संबंधी आवेदन को एक व्यक्ति के रूप में स्वीकार किया, इस तरह 1920 में महिला व्यक्ति के रूप में भारत में उच्च न्यायालय द्वारा आदेश देकर स्वीकारोक्ति प्रदान की गई, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1929 के आसपास ही महिला को व्यक्ति के रूप में स्वीकार किया गयाद्य भारत में सदैव नारी को अबला का दर्जा दिया जा कर एक अवैतनिक श्रमिक अथवा भोग की वस्तु के रूप में देखा है। जहां समाज की आधी आबादी को व्यक्ति का दर्जा ही प्राप्त नहीं हो, वहां उसके साथ समानता के व्यवहार की अपेक्षा कैसे की जा सकती हैद्यपूर्व राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन ने नारी को पुरुष से ज्यादा सामर्थ्यवान मानते हुए उसे नर की सहचरी कहा है, प्रसिद्ध लेखिका तस्लीमा नसरीन ने अपने एक लेख में कहा है वास्तव में स्त्रियां जन्म से अबला नहीं होती हैं, उन्हें पुरुष समाज अबला बनाकर रखता है, जन्म से शिशु बालिका की जीवन शक्ति शिशु बालक की तुलना में बहुत प्रबल होती है, लेकिन समाज अपनी संस्कृति, रीति रिवाज,प्रतिमान तथा जीवन के मूल्यों के लिए तथा जीवन शैली के चलते नारी को अबला बना कर रख देता है, पर आज नारी के क्रांतिकारी दर्शन जैसे नारीवाद पर्यावरण वाद मानव अधिकार वाद ने नारी यानी महिला को बराबरी का दर्जा देने का लगातार प्रयास किया है, महिला सशक्तिकरण के प्रयास में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिला दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसकी शुरुआत अमेरिका द्वारा 28 जनवरी 19 को की गई थी आगे चलकर रूस की महिलाओं द्वारा 1917 में महिला दिवस पर रोटी कपड़ा एवं बराबरी के लिए अधिकार की मांग रख हड़ताल भी की गई थी, भारत के परिपेक्ष में देश में नारियों का ऐसा वर्ग भी है जो सजग जागरूक शिक्षित एवं नौकरी पेशा है,उसे अपने अधिकार का तथा सामर्थ का पूर्ण ज्ञान है। भारत की महिला आज पुरुषों के साथ स्वास्थ्य, इंजीनियरिंग, थल, जल, वायु सेना, रेल, बस, प्रशासन तथा अंतरिक्ष में कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रही हैद्य राजनीति में वैश्विक स्तर पर श्रीलंका की श्री मांओ भंडार नायके, ब्रिटेन की मार्गरेट थैचर, भारत की श्रीमती इंदिरा गांधी,इजराइल की गोल्डा मायर ऐसी महिलाएं थी, जिन्होंने इतिहास बनाया है।

वर्तमान में भारतीय मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन तथा मंत्री स्मृति ईरानी, किरण बेदी तथा अंतरिक्ष विज्ञानी स्वर्गीय कल्पना चावला ऐसे उदाहरण है इसके अलावा देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तो इतिहास ही रच दिया है उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेंगा। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपना परचम फैला रही है, भारत सरकार में भी सशक्त महिलाएं कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त कर सरकार मैं अपनी सहभागिता प्रदान कर रही है, अंतरिक्ष में भारतीय मूल की कल्पना चावला ने अपना सर्वस्व त्याग कर राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है, अमेरिका की उपराष्ट्रपति भारतीय मूल की कमला हैरिस भी भारत तथा महिलाओं का गौरव बढ़ाकर महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण बनी है, पर दूसरी तरफभारत की जनसंख्या की 65 महिलाएं ग्रामीण क्षेत्र में केवल 45: शिक्षित है, और शहरी महिलाएं ग्रामीण महिलाओं से थोड़ी ज्यादा शिक्षित हैं पर पूरे 121 करोड़ की जनसंख्या में महिलाओं का भागीदारी का प्रतिशत अत्यंत न्यून है, अत्यंत कम प्रतिशत महिलाएं ही शिक्षा, समानता, निजता के अधिकार का उपयोग कर पा रही, ऐसे में यदि नारी सशक्तिकरण की अवधारणा को माना जाए तो भारत के परिपेक्ष में नारी उत्पीड़न हर क्षेत्र हर प्रदेश तथा देश की राजधानी दिल्ली, मुंबई, कोलकाता तथा बड़े महानगरों में हो रहा है,नारी के ऊपर होते बलात्कार अत्याचार तथा शोषण की कहानियां रोज अखबारों में दिखाई देती है, भारत में नारी सशक्तिकरण की स्थिति बहुत बेहतर नहीं कहा जा सकति है, सर्वे के अनुसार प्रति मिनट भारत में 800 महिलाएं किसी न किसी तरह से प्रताड़ना का शिकार हो रही है,ऐसे में शिक्षित महिलाओं को ही नारी सशक्तिकरण को मजबूत बनाने के लिए शासन प्रशासन से कंधे से कंधा मिलाकर प्रयास करने की जरूरत होगी।

विचार

# ट्रम्प की जीत और भारत-अमेरिका संबंध

*सुरेश हिंदुस्तानी*

व्हाइट हाउस में ट्रम्प की वापसी किसी चमत्कार से कम नहीं है। 130 वर्ष के अमेरिकी इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी ने यह कारनामा किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने लगातार तीसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव लड़ा, जिसमें पहली और तीसरी बार वे सफल रहे, दूसरी बार के चुनाव में जो बाइडेन से पराजित हो गए। इस चुनाव में पराजित होने के बाद ट्रम्प अमेरिका में राजनीतिक तौर पर लगातार सक्रिय रहे। उनका मिशन फिर से राष्ट्रपति बनना ही था, जिसे उन्होंने बखूबी अंजाम देकर एक नया कीर्तिमान बनाया। चुनाव में उनकी प्रतिद्वंदी कमला हैरिस यकीनन राजनीतिक समझ रखती थी, लेकिन यह समझ किसी भी प्रकार से सफलता की परिचायक नहीं बन सकी। हालांकि अमेरिकी मीडिया के एक वर्ग ने तो उनको भावी राष्ट्रपति के रूप में प्रचारित कर दिया। लेकिन यह नैरेटिव भी उनके लिए जीत का मार्ग नहीं बना सका। यहां एक ख़ास तथ्य यह भी माना जा सकता है कि कमला हैरिस को भारतीय मूल का बताने का सुनियोजित प्रयास किया गया। ऐसा इसलिए किया गया कि भारतीय मूल के मतदाताओं को उनके पक्ष में लाया जा सके, लेकिन वे जिन हाथों में खेल रही थी, वह लाइन भारत के लिए राजनीतिक तौर सही नहीं थी।

वैश्विक राजनीति के जानकार डोनाल्ड ट्रम्प की जीत कई निहितार्थ निकाल रहे हैं। कई विश्लेषक ट्रम्प की जीत को भारत की कूटनीतिक सफलता के तौर पर भी स्वीकार कर रहे हैं। इसका एक कारण यह माना जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर भारत सरकार जिस नीति और विचार को लेकर कार्य कर रही है, उसकी झलक ट्रम्प के विचारों में भी दिखाई देती है। इसके अलावा ट्रम्प का कहना है कि अमेरिका की



खोई ताकत को फिर से प्राप्त करना चाहते हैं। आज अमेरिका कहने मात्र को ही महाशक्ति है, लेकिन उसका वैसा दबदबा आज नहीं है, जो पहले हुआ करता था। इस बीच भारत ने महाशक्ति बनने की दिशा में तीव्र गति से अपने कदम बढ़ाए हैं, इसलिए आज विश्व के अनेक देश भारत को महाशक्ति के रूप में देखने लगे हैं। हमें स्मरण होगा कि रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध के दौरान भारत के नागरिक पूरे सम्मान के साथ भारत लौटे थे। उस समय भारत के नागरिकों के समक्ष यूक्रेन की सेना ने अपने हथियार नीचे कर लिए थे। यह केवल एक दृश्य नहीं, बल्कि भारत की शक्ति का ही परिचायक था। भारत की इस बढ़ती शक्ति से अमेरिका भी भली-भांति परिचित है। रूस और यूक्रेन युद्ध के बारे में कई बार यह कहा जा चुका है कि भारत चाहे तो युद्ध रुकवा सकता है। इसका तात्पर्य यही है कि आज का भारत विश्व के लिए एक ताकत बन चुका है।

अमेरिका के इस चुनाव में भारत के लोकसभा चुनाव की तरह ही प्रचार किया गया। कई प्रकार के नैरेटिव स्थापित करने का प्रयास किए गए। वामपंथी विचार के मीडिया ने ट्रम्प की राह में अवरोध पैदा करने के भरसक प्रयास किए। यहां तक कि उनको सनकी और विलेन कहने में भी गुरेज नहीं किया गया। यही तो भारत में किया गया। वामपंथी समूह ने भारत के लोकसभा चुनाव में सरकार के विरोध में जहरीली भाषा का प्रयोग किया। फिर भी नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर आसीन हो गए। अब ऐसा लगने लगा है कि मतदाता बहुत समझदार हो गया है। उसको किसी भी प्रकार से भ्रमित नहीं किया जा सकता। उसे अब देश-दुनिया की समझ हो गई है, इसलिए वह वर्तमान के साथ कदम मिलाकर चलने की ओर अग्रसर हुआ है।

विश्व के कई देश आज कई प्रकार की समस्याओं से जूझ रहे हैं। कोरोना के बाद कई देशों की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है, उसे पटरी पर लाने के लिए उस देश की सरकार की ओर से भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। इन समस्याओं में कई समस्याएं ऐसी हैं, जो सबके सामने हैं। आतंकवाद एक विकराल समस्या बनता जा रहा है। अमेरिका भी इससे ग्रसित है। रूस और यूक्रेन की बीच तनातनी कम नहीं हो रही। इजराइल और हमास के बीच युद्ध जैसे हालात हैं। अमेरिका में ट्रम्प के पुनः राष्ट्रपति बनने के बाद यह लग रहा है कि अब आतंक के सहारे भय का वातावरण बनाने वाले किसी भी कदम को पूरे जोश के साथ रोकने का प्रयास किया जाएगा।

अमेरिका में ट्रम्प की जीत से भारत के पड़ोसी देश यानी पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश में सुगबुगाहट प्रारम्भ हो गई है, क्योंकि यह देश भारत को हमेशा अस्थिर करने की फिराक में रहते हैं। हम वह वाकिया अभी तक भूले नहीं हैं, जब अमेरिका ने आतंक के विरोध में बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए ओसामा बिन लादेन को मौत के घाट उतार दिया था, हालांकि उस समय अमेरिका के राष्ट्रपति ओबामा थे, लेकिन आतंक के विरोध में ट्रम्प का भी वैसा ही रवैया माना जा सकता है। इसी प्रकार चीन के समक्ष भी स्थिति पैदा होती दिखाई दे रही है। हम जानते हैं कि अमेरिका हमेशा से ही पाकिस्तान से आतंक के खिलाफ कार्रवाई करने को कहता है, लेकिन जो देश आतंक के आकाओं के सहारे ही चल रहा हो, वह आतंक के खिलाफ कार्रवाई कैसे कर सकता है। अब अमेरिका में ट्रम्प के पुनः आने के बाद इस बात की संभावना बढ़ गई है कि अब पाकिस्तान दिखावे के लिए ही सही, लेकिन आतंक के आकाओं के खिलाफ एक्शन लेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## न तुम अपनी न जग अपना

**उज्जवल कुमार**

न तुम अपनी न जग अपना
किस पर अपना अधिकार प्रिये
मन दुविधा से है भरा पड़ा
इस पार प्रिये उस पार प्रिये।

देखो दिदार को प्यासी नजरें
तुम्हारे आने की आस छोड़ चली
चाँदनी से भरी मेरी ये निशा
मन को मेरे झकझोर चली

सबको ढोना है सर अपने
अपने किए का भार प्रिये,
जब हम उठे वक्त रूठ गया
जिवन का यही सार प्रिये।

है आज प्रेम में उलझ रहे
सब हम अपना त्याग प्रिये
मन के व्याकुलता में तुम्हें
सौप रहे अपना भाग्य प्रिये।



## राशिफल

**मेषः-** किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। आलस्य त्यागें।

**वृषः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

सिंहः- नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नए कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। कल्पनाओं में न जिएं।

**वृश्चिकः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**धनुः-** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**कुंभः-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# ग्रेट वॉल से लेकर शंघाई के ऐतिहासिक बाजारों तक चीन की जादुई सैर

*अमिताभ*

चीन घूमने जाएं, तो सबसे यादगार अनुभव है ग्रेट वॉल ऑफ चाइना पर चढ़ना और फोटो खिंचवाना। अब तो चीन की महान दीवार न्यू सेवन वंडर्स में शुमार है। वाकई अजूबा है अजूबा! करीब 6400 किलोमीटर से ज्यादा लंबी है। हर साल सवा करोड़ से ज्यादा पर्यटक इस पर चढ़ते हैं, और इनसे कई गुणा चढ़ने के लिए मौके की तलाश में आतुर रहते हैं। इतिहास बताता है कि मंगोलो के हमलों से बचने के लिए चीन ने इतनी लम्बी, ऊंची और बड़ी दीवार खड़ी कर दुनिया को अचम्भे में डाल दिया था। सुनी-सुनाई बातों पर यकघेन करें, तो कहते हैं कि अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखें, तो एकमात्र ग्रेट वॉल ऑफ चाइना ही जरा-जरा दिखाई देती है। यूं तो, दीवार चीन के बड़े हिस्से से गुजरती है, लेकिन बीजिंग से दो घंटे के सड़क सफर की दूरी पर है। आगे पैदल या रोप-वे ट्रॉली से पहाड़ों के ऊपर बनी दीवार पर चढ़ जाते हैं। पैदल दीवार तक पहुंचने में 3 से 4 घंटे लगते हैं।

बीजिंग से करीब 70 किलोमीटर परे ग्रेट वॉल का यह हिस्सा सबसे ज्यादा मजबूत और चढ़ने लायक है। इस हिस्से की लम्बाई 3741 मीटर है। साफ मौसम में, दीवार पर सुबह-सवेरे सूर्योदय का नजारा दिलकश लगता है। उधर कोहरे के दिनों में तो दीवार रोमाचंक हो उठती है। कहीं-कहीं एकदम तीखी चढ़ाई है और जमीन के पत्थर भी घिसे हैं। इसलिए पैर फिसल-फिसल जाते हैं। सो, पाइप पकड़-पकड़ कर चढ़ना-उतरना पड़ता है। दीवार की सैर के लिए अक्तूबर सबसे बेहतर है। इस पर पर्यटकों के मेले तो सारा साल ही लगे रहते हैं। गिफ्ट आइटम और सौगातें बेचते हॉकर दीवार पर ही डेरा जमाए रहते हैं। चीनी मान्यता है कि ग्रेट वॉल पर न चढ़ने वाला अच्छा चीनी नहीं होता। चीनी इस कायदे का कड़ाई से पालन करते हैं, इसलिए जिंदगी में एक दफा इस पर जरूर चढ़ते हैं। और फिर, ऐतिहासिक, बेमिसाल और देखने लायक ग्रेट वॉल का निर्माण ईसा पूर्व सातवीं और छठी सदी में शुरू तो हुआ। लेकिन करीब 2000 सालों तक 20 से ज्यादा राजा और राज वंशों ने दीवार का निर्माण जारी रखा। ग्रेट वॉल का निर्माण खासा जोखिम भरा रहा। बताते हैं कि निर्माण के दौरान हर 100 मीटर दीवार खड़ी होने में 2000 मजदूर मरते गए। करीब 22 साल पहले, सन 2002 से चाइना ईस्ट एयरलाइंस ने नई दिल्ली से बीजिंग तक सीधी उड़ानें शुरू कीं, हिन्दुस्तानी पर्यटकों ने चीन की सैर का रुख ही कर लिया। चीन के खासमखास शहरों में, राजधानी बीजिंग और वित्तीय राजधानी शंघाई हैं। फिर नजिंग और शेनजेन का नम्बर आता है।

बीजिंग की आबादी दिल्ली जितनी करीब 2 करोड़ ही है। पुराना और ऐतिहासिक शहर है बीजिंग। जगह- जगह फुटपाथों पर खुले और मुफ्त जिम बने हैं। लोग देर रात-रात तक जिमों में कसरत करते देखे जा सकते हैं। इन की देखा-देखी ही भारत के महानगरों के बागों में जिम बनाने का चलन चला। हर ओर लोगों की भीड़ है और साइकिलों की भी। अपनी दिल्ली की तरह साइकिल और रिक्शानुमा ठेले आम नजर आते हैं। साइकिलों के लिए सड़क के



एक ओर अलग ट्रेक हैं। करीब-करीब हर फुटपाथ पर साइकिल स्टैंड बने हैं, ताकि लोगों को अपनी साइकिलें खड़ी करने में दिक्कत पेश न आए।

ग्रेट वॉल के अलावा बीजिंग में घूमने लायक हैं फोरबिडन सिटी, समर पैलेस, टेम्पल ऑफ हैवन, इम्पीरियल टोम्स वगैरह। खरीदारी के शौकीनों के लिए अलग-अलग मार्केट हैं- फूलों की फ्लावर मार्केट, औरतों की शॉपिंग के लिए लेडी स्ट्रीट और न जाने क्या-क्या। चीन की चाय और सिल्क वर्ल्ड फेमस है। चाय की दुकानों पर ढेरों फ्लेवर होते हैं। हर चाय पत्ती पसंद कराने के लिए चाय बना और पिला कर बाकायदा टेस्ट करवाते हैं। ताकि पसन्दीदा जायके की चाय खरीद सकें। बीजिंग के लोग गर्मी से खासे घबराते हैं। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस हुआ नहीं कि स्कूल, कॉलेज और ऑफिसों में छुट्टी का ऐलान हो जाता है। इसलिए आमतौर पर चीनी सरकार का मौसम विभाग 40 डिग्री सेल्सियस तापमान होने के बावजूद अधिकारिक तौर पर सूचना सार्वजनिक नहीं करता। ताकि लोगों में घबराहट न पैदा हो जाए। चीन के महान विचारक कंफ्यूजियस के चिंतन का चीनियों पर गहरा प्रभाव है। चीनी उन्हें भगवान मानते हैं। हालांकि, वहां बौद्ध धर्म प्रमुख है। सन1980 से कुछ साल पहले तक चीन में एक दम्पति-एक संतान का कायदा था। नतीजा यह हुआ कि आज करीब 40 साल तक की उम्र वाले किसी चीनी का कोई भाई या बहन नहीं है। खैर, अब तो भाई-बहन होने और बनने लगे हैं। चाइनीज फूड ने तो सारी दुनिया में धाक जमाई है। चाउमिन, मंचूरियन, स्वीट कॉर्न सूप, स्प्रिंग रोल, मोमोज वगैरह सारी दुनिया के बच्चे-बड़े चाव से खाते हैं। इसीलिए हर देश में चाइनीज रेस्टोरेंट खुल चुके हैं। चीनी पतंगें भी दुनिया भर में मशहूर हैं। पतंगों पर ही नहीं ड्रेगन उनकी कथा-कहानियों में भी रचा-बसा है। चीन का राष्ट्रीय जानवर पांडा है। रंग काला-सफेद होता है। चीन अपने पांडा दुनिया के दूसरे देशों के चिड़ियाघरों को बढ़-चढ़ तक गिफ्ट करता है। शंघाई बेशक पुराना शहर है, लेकिन तरक्की और विकास के मामले में किसी यूरोपीय या अमेरिकी शहर से पीछे नहीं है। शंघाई की ओल्ड स्ट्रीट 700 साल पुराना बाजार है। करीब सवा आठ सौ मीटर लम्बा और दुकानें करीब सवा दो सौ होंगी।

यूआन गार्डन को ओल्ड स्ट्रीट को स्माल कॉम्युडिटीज किंगडम भी कहते हैं। क्योंकि यहां पारम्परिक चीनी संस्कृति के साज- सामान के 30 से ज्यादा स्टोर हैं। यहीं है सबसे पुरानी सनद् 1798 से चालू कैंचियों की निराली दुकान। यहां 1000 से ज्यादा अलग-अलग किस्म की कैंचियां बिकती हैं। देखेंगे, तो दंग रह जाएंगे। इसे 'शंघाई फेमस ब्रेंड' का दर्जा हासिल है। यहीं और है सनद् 1888 से चालू किस्म- किस्म के पंखों की दुकान। कंघी, छड़ी, चॉपस्टिक्स और म्यूजिकल यंत्रों की दुकानें भी हैं, जो किसी म्यूजियम से कम नहीं लगतीं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# खनिज अधिकारी ने ट्रक मालिक के सिर पर डंडा मार कर किया जख्मी, कानपुर में भर्ती

- पैसे के लेन-देन को लेकर हुआ था विवाद
- डीएम ने जांच कमेटी गठित कर चौबीस घंटे के अन्दर रिपोर्ट देने को कहा



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात मौरंग भरे वाहनों की जांच कर रहे खनिज अधिकारी व ट्रक मालिक के मध्य पैसे को लेन देन को लेकर हुये विवाद में खनिज अधिकारी ने ट्रक मालिक के सिर पर डंडा से वार कर दिया जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गये, गंभीर हालत में ट्रक मालिक को कानपुर में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है वही जिलाधिकारी ने रविवार को एडीएम की अध्यक्षता मे दो सदस्यीय जांच कमेटी बनाकर जांच के आदेश कर दिये है। वही ट्रक मालिक ने कोतवाली पुलिस से खनिज अधिकारी की लिखित शिकायत की है।

पुलिस के मुताबिक स्थानीय गौरा देवी मोहाल निवासी महेश शर्मा के कई ट्रको के मालिक है। शनिवार देर रात खनिज अधिकारी वशिष्ठ यादव ट्रकों की जांच कर रहे थे तभी कुछेछा चौकी के पास ट्रक मालिक वही से गुजर रहे थे पीडित महेश शर्मा ने पुलिस को बताया कि जिला खनिज अधिकारी ने उनसे दस लाख रुपये मांगे थे जैसे ही उन्होने सिर झुकाकर पैसे के लिये माफी मांगने लगे वैसे ही खनिज अधिकारी ने सिर पर डंडा से कई वार कर दिया जिससे सिर उनका फट गया और वह बुरी तरह जख्मी हो गये। महेश शर्मा को आनन फानन जिला अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया जहा पर डाक्टरों ने उन्हे कानपुर रिफर कर दिया है। महेश शर्मो को कानपुर रिजेंसी अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया है। जहा पर उनकी हालत नाजुक बतायी जाती है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मामले को गंभीरता से लेते हुये अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी व अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता को जांच सौपी है जांच रिपोर्ट चौबीस घंटे में देने को कहा है। वही एडीएम वित्त श्री तिवारी का कहना है कि जांच की जा रही है साक्ष्य जुटाये जा रहे है जो दोषी होगा उसके खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी। पैसे को लेन देन को लेकर खनिज विभाग व मौरंग व्यापारियो के मध्य आय दिन विवाद होता रहता है। अब मारपीट की नौबत आ गयी है। इसके पहले भी कई मर्तवा विवाद व्यापारियो से हो चुका है। खनिज विभाग का कहना है कि मौरंग व्यापारी बिना रवन्ना के मौरंग विक्री के लिये ले जाते है यदि इसमे रोकथाम लगायी जाती है तो लोग इसका विरोध करते है जिससे विवाद होता रहता है।

### जांच जारी, कमेटी बोली- मारपीट व लेन-देन की पुष्टि नहीं

**हमीरपुर।** खनिज अधिकारी द्वारा ट्रक मालिक के साथ मारपीट के मामले में जांच कमेटी ने बताया कि जांच में प्रथम दृष्टया मारपीट की कही पुष्टि नही हो रही है न ही कोई लेन देन का मामला सामने आ रहा है। कमेटी का कहना है कि ट्रक मालिक द्वारा खनिज अधिकारी के फोन पर सात मर्तवा काल किया था मगर उन्होने उठाया नही था,वही महेश शर्मा की तीन ट्रको का चालान ओवर लोड व बिना रायल्टी के संचालन को लेकर किया जा चुका है। इसके पहले भी गाड़ियों का चालान किया जा चुका है। कमेटी का कहना है कि जांच चल रही है। मगर ट्रक मालिक को चोट कैसे लगी इसका रिपोर्ट में कोई जिक्र नही किया गया है। जांच में खनिज अधिकारी को क्लीन चिट मिल गयी है। कमेटी का कहना है कि जांच अभी जारी है।

### थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महोबकंठ गणेश कुमार द्वारा गठित की गई व.उ.नि. सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा एकनफर अभियुक्त भागीरथ श्रीवास पुत्र स्व. तुलैया उम्र करीब 62 वर्ष निवासी ग्राम इटौराबुजुर्ग थाना महोबकंठ जनपद महोबा जिसके कब्जे से एक बोरी में 20 अदद पाउच 200एमएल. देशी शराब नाजायज बरामद करते हुए ग्राम कनकुआ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं. 210/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

# जिले में स्थापित सभी आरओ वाटर प्लांट की होगी जांचः खाद्य सुरक्षा आयुक्त

- उचित टीडीएस न देकर उपभोक्तओं के सेहत के साथ कर रहे है खिलवाड़, रोजाना पानी का टीडीएस डायरी में होना चाहिये दर्ज, नियम-कानून को ताक में रखकर संचालित हैं आरओ वाटर प्लांट



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में संचालित करीब डेढ़ दर्जन आरओ वाटर प्लांट उचित टीडीएस युक्त पेयजल मुहैया कराने के नाम पर लोगो के सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे है।खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त दिवतीय ने सभी आरओ वाटर प्लांटों की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

जानकारी के मुताबिक जिले में शुद्ध पानी मुहैया कराने के लिये जिले में करीब डेढ़ दर्जन आरओ प्लांट संचालित है पेयजल की टीडीएस(टोटल डिजाल्व सालिड) कम से कम सौ होना चाहिये इससे कम नही होना चाहिये ज्यादा हो जाये तो नुकसान नही होता है। बताया जाता है कि इसके स्थापना के लिये अनुमति लेना चाहिये यही नही पानी के बोर के लिये भी लाइसेंस होना चाहिये टीडीएस कितना होना चाहिये इसके लिये एक व्यक्ति तकनीकि जानकार होना चाहिये। पानी में तमाम ऐसे तत्व होते है जो उनको नष्ट करने से बचाना चाहिये जो मिनरल नष्ट करना होता है उनको ही नष्ट होना चाहिये मगर ऐसा कुछ नही हो रहा है। विभाग के डीओ डा. गौरीशंकर का कहना है कि विभागीय टीम लगाकर मामले की जांच करायी जायेगी। ताकि लोगो के सेहत के साथ खिलवाड़ न हो सके। वही विभाग के मुख्य खाद्य निरीक्षक मनोज श्रीवास्तव का कहना है कि जो लोग आरओ प्लांट स्थापित किये है उनको चाहिये कि हर रोज तिथिवार पानी की टीडीएस नोट करना चाहिये क्योकि जांच में यह देखा जा सके कि संबंधित वाटर प्लांट से कब कितना टीडीएस जा रहा है वह सेहतत के लिये उचित है या नही उनका कहना है कि आरओ वाटर खुला पानी है इसका सैम्पल नही भरा जा सकता है यदि पाउच में बिकता होता तो इसका सैंपल भरने का नियम है फिलहाल आरओ वाटर प्लांट के सेहतकी सुरक्षा की दृष्टि से बहुत नियम कानून कायदे है। जिनका पालन करना आवश्यक होता है। समय मिलते ही जांच करायी जायेगी। बताया जाता है कि इसके पहले एक आरओ प्लांट की जांच की गयी थी जिसमे कई प्रकार की अनियमितताएं पायी गयी थी। जो चिंता का विषय बना हुआ है। सबसे ज्यादा आरओ प्लांट में राठ क्षेत्र में बताये जाते है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई थी रामकुमार की मृत्यु, झाडियों में मिला था शव, हुई शिनाख्त

**राठ(हमीरपुर)।** दो दिन पहले हमीरपुर मार्ग स्थित धनौरी मंडी के झाड़ियों में बाइक सवार युवक का शव खून से लथपथ मिला था। रविवार को युवक की शिनाख्त हो गई है। स्वजनों ने अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो जाने की बात कही है। शुक्रवार की दोपहर हमीरपुर रोड स्थित धनौरी मंडी के पास झाड़ियों में बाइक सहित 35 वर्षीय युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। वहां से निकल रहे ग्रामीणों ने घायल युवक को पड़ा देख एंबुलेस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल युवक को सीएचसी लाई थी। जहां डॉ चंद्रशेखर सिंह ने युवक को मृत घोषित कर दिया था। युवक की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को सीएचसी के शव गृह में रखवा दिया था। रविवार को युवक की शिनाख्त कोतवाली के धनौरी गांव निवासी 35 वर्षीय रामकुमार पुत्र भवानी दीन पाल के रुप में हुई। मृतक के छोटे भाई दिनेश पाल ने बताया कि शुक्रवार को पूर्णिमा के दिन देवरा गांव में अपनी बहन मन्नू के यहां बाइक से टटिया खोलने जा रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई है। बताया कि शाम तक वह बहन के पास नहीं पहुंचा तो उसकी खोजबीन की। बताया कि रविवार को सोशल मीडिया पर फोटो के माध्यम से उसके भाई की पहचान हुई है।

## सभी आश्रमों का मूल गृहस्थ आश्रम ही हैः स्वामी नारायणानंद

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के बड़ी देवी मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय बुंदेलखंड रामोत्सव महाकुम्भ में श्रीराम महायज्ञ एवं श्री रामकथा ज्ञानयज्ञ के अवसर पर आचार्यचरण अनंतश्री विभूषित श्री काशीधर्मपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद ने कहा कि सभी आश्रमों का मूल गृहस्थ आश्रम ही है। जहाँ पर भगवान श्री राम कृष्ण एवं अन्यान्य महापुरुष अवतार लेकर जनमानस के लिए अभी भी आदर्श स्थापित कर रहे हैं। जैसे पृथ्वी सबको धारण करती है जल सबको तृप्ति प्रदान करता है वैसे ही हम सबको प्राणिमात्र के प्रति समरसता स्थापित करना चाहिए। ऐसी स्थिति आने



पर हमारा जीवन ही यज्ञमय हो जायेगा। क्योंकि प्रकृति ही हमें यज्ञ करने की शिक्षा देती है।वैदिक सनातन धर्म एक ज्ञान-विज्ञान है, जो हमें धर्म नियंत्रण की शिक्षा देता है। जहाँ धर्म के द्वारा नियंत्रण नहीं होगा, वहां उच्छृंखलता पैदा हो जायेगीए आतंकवाद-नक्सलवाद पैदा हो जायेगा, समाजए राष्ट्र और विश्व के लिए खतरा पैदा हो जायेगा। महाराजश्री ने आगे कहा कि जब शिष्य के भीतर शक्ति का जागरण होता है तो वास्तव में यह आंतरिक गुरु का ही उन्नयन है। यही वह केंद्र है जिसकी खोज जिज्ञासु युगों से करते रहे हैं। अगर सनातन धर्म की गुरु परम्परा में नहीं आएंगे आचार्य गुरु और शास्त्र के अनुशासन का पालन नहीं करेंगे तो यह रहस्य समझ में आने वाला नहीं है। उक्त कार्यक्रम का आयोजन नारायण सेवा समिति हमीरपुर द्वारा किया गया है।

# सिसोलर में दंगल और दौड़ के साथ महाराजा बाबा का मेला संपन्न

- शील्ड के लिए संदीप राणा व श्यामजी की कुश्ती बराबर पर छूटी, जयकरण ने जीती 800 मी. की रेस

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



17 नवंबर मौदहा विकास खण्ड के बड़ी आबादी वाले गांव सिसोलर में महाराजा बाबा का तीन दिवसीय मेला रविवार को विशाल इनामी दंगल व दौड़ प्रतियोगिता के साथ सम्पन्न हुआ। दंगल में शील्ड के लिए दो पहलवानों के बीच हुई कांटे की टक्कर बराबरी की रही है। वहीं आठ सौ मीटर रेस में सिसोलर के जयकरण ने बाजी मारी है।

जिसमें पलरा के अविलास और खप्टिहा की कुस्ती बराबर पर रही राधेश्याम मिरगहनी ने धर्मवीर आगरा को पछाड़ानंदू पहलवान मूंगुस ने युति पहलवान दिल्ली को पछाड़ा इटावा के डिंपल ने मथुरा के राहुल को पराजित किया दतिया के इंद्रजीत ने आगरा के अरुण को सिकस्त दी है। शील्ड की कुस्ती संदीप राणा उरई और श्याम जी पहलवान झांसी के बीच बराबरी पर छूटी है।दंगल में मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री बादशाह सिंह भाजपा नेता केशव बाबू शिवहरे आशवी हास्पिटल के डायरेक्टर व पूर्व चिकित्सा अधीक्षक डॉ शत्रुघन यादव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लाला राम निषाद समाजसेवी विजय शंकर पाण्डेय सपा जिलाध्यक्ष इदरीस खान पूर्व प्रधान रणधीरसिंह यादव महेश कुमार शुक्ला जितेन्द्र तिवारी दिनेश सिंह मुन्नी अरुण यादवसपा नेता घनश्याम साहूए परेहटा प्रधान प्रतिनिधि कामता प्रसाद ए भैसमरी प्रधान प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सिंह ए ग्राम पंचायत अधिकारी दिगंबर सिंह रेफरी लल्लू पहलवान मवई सूरजपाल सिंह तिलसरस आदि मौजूद रहे। आठ सौ मीटर की इस प्रतियोगिता में बत्तीस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें सिसोलर गांव के जयकरण पुत्र सतेन्द्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।दूसरे नंबर पर गांव मसगांव निवासी विकास सिंह पुत्र वीर सिंह और तीसरे स्थान पर गांव भौंरा निवासी इंद्र कुमार पुत्र रामबहोरी रहे हैं। सिसोलर एसएचओ कल्पना सिंह ने प्रथम विजेता को शील्ड व पारितोषिक प्रदान किया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला को लगी गोली

- महिला गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती, परिजनों ने देवर पर गोली मारकर घायल करने का लगाया आरोप



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के अजनर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मझगुआं में देवर ने अपने साथियों के साथ मिलकर शौच के लिए गई भाभी को गोली मारकर घायल कर दिया। महिला को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। जहां तैनात डॉक्टरों द्वारा महिला का इलाज किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मामला महोबा जिले के अजनर थाना क्षेत्र के मझगुआं गाँव का है। जहां बबीता अपने पति महेंद्र निवासी ग्राम रावतपुरा से विवाद के कारण अपने पिता के पास मायके में रह रही थी। दरअसल दहेज को लेकर बबीता का ससुरालीजनों से विवाद चल रहा था। परिजनों का आरोप है कि आज शाम करीब 8 बजे बबीता शौचक्रिया के लिए गई थी । तभी अचानक मायके से आकर देवर ने अपने साथियों के साथ अपनी भाभी बबीता पर तमंचे से फायर कर दिया। जिससे बबीता गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाताल में भर्ती कराया। बबीता की हालत गम्भीर होने के कारण डॉक्टरों ने बबीता को महोबा जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। घटना की सूचना पर सीओ कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार मौके पर पहुंची। सीओ ने परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपियों की तलाश कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए है।

# युवा समाजसेवी पुत्र ने पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर करवाया मुढारी गांव में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**महोबा।** ग्राम पंचायत सचिवालय मुढारी में परमपूज्य स्वर्गीय रामगोपाल राजपूत जी की प्रथम पुण्यतिथि का आयोजन इनके युवा समाजसेवी पुत्र डॉ संदीप राजपूत के द्वारा किया गया। जिसके उपलक्ष्य में ब्लड कलेक्शन एवं ट्रांपोर्टेशन वैन जिसे रक्तकोष जिला चिकित्सालय जनपद महोबा के द्वारा भेज कर मुढारी में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का युवा समाजसेवी की माता जी श्रीमती शिवकुमारी राजपूत ने फीता काटकर शुभारम्भ किया जिसमें ब्लड वैन में उपस्थित डॉक्टरों की टीम डॉ राजेश भट्ट व डॉ वरुण, डॉ सरद चंद्रा, डॉ नदीम, रोहित, पवन, रघुवीर, ग्यादीन आदि ने जाँच कर मौके पर उपस्थित युवा समाजसेवी छः लोगों शैलेन्द्र सिंह राजपूत, संदीप राजपूत, अनिल राजपूत, अंकित राजपूत, कृष्णकांत सोनी,




मोनू राजपूत आदि के रजिस्ट्रेशन किये इसके उपरांत सभी ने गरीब, असहाय आदि को मदद के तौर पर यह कहकर कि रक्तदान महादान एवं रक्तदान जीवनदान बोल अपनी सहमति एवं पूर्ण इच्छा से स्वैच्छिक रक्तदान किया एवं उन्हें मौके पर ही बाँदा से आई डॉक्टरों की टीम ने प्रमाण पत्र देकर समाज में लोगों को जागरूक कर उत्साहित करने की सलाह देते हुए अवगत कर सुझाव दिया की आपके द्वारा किया गया रक्तदान मानव जीवन को बचाने की दिशा में एक उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय प्रयास साबित होगा।

**मिशन शक्ति का विशेष अभियानः फेज-05**

# कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तीकरण को महिलाओं को किया जागरुक

- महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का किया गया निस्तारण

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस



अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया गया तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया गया । साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

# जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालय में फायर सेफ्टी से संबंधित व्यवस्थाओं का किया गया निरीक्षण

**महोबा।** डा. आशाराम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी एवं फायर सर्विस से देवेश तिवारी, महोबा का द्वारा संयुक्त रूप से जिला पुरूष चिकित्सालय एवं



जिला महिला चिकित्सालय, महोबा का निरीक्षण किया गया। जिसमें चिकित्सालय की आग लगने पर फायर सेफ्टी से सम्बन्धित व्यवस्थाओं को जाँचा परखा गया। एवं चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो विशेषकर, एनआरसी, एनबीएसयू, चिल्ड्रिन वार्ड, पीकू वार्ड आदि में आपातकालीन निकास द्वार बनाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिये गये कि चिकित्सालय में किसी भी प्रकार के विद्युत वायर खुले न रखे जाए। एवं वार्डो में एक्जास्ट फैन लगवाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय आग बुझाने वाले यंत्र क्रियाशील पाये गये।

# तीन दिवसीय संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

- एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब ने आयोजित की थी प्रतियोगिता

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सम्भाग स्तरीय खेलकूद का समापन समारोह शिशु शिक्षा निकेतन डी. ए. वी. खेल मैदान महोबा में सम्पन्न हुआ। इस खेलकूद समारोह में दक्षिण उत्तर प्रदेश के 10 जिले, जिसमे कानपुर महोबा, झांसी, चित्रकूट, हमीरपुर, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, कौशाम्बी और यमुनापार से लगभग 360 खिलाड़ी सम्मिलित हुए।

बालक वर्ग कबड्डी की प्रतियोगिता का फाइनल मैच सुल्तानपुर और यमुनापार टीम के साथ खेला गया। जिसमें अंचल सुल्तानपुर की टीम विजेता हुई। बालिका वर्ग कबड्डी का फाइनल मैच फूलपुर और महोबा के बीच खेला गया जिसमे टीम फूलपुर ने बाजी मारी। बालक-बालिका खिलाड़ियों की लम्बी कूद, ऊंची कूद एवं दौड़ में 10 खिलाड़ी प्रथम स्थान प्राप्त किये, जिसमे 400 मीटर की दौड़ में अंजली व लवलेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुश्ती में 45 किलो में अरविंद, 48 किलो में धर्मेंद्र, 51 किलो में चंदन, 55 किलो भार में कुंजबिहारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।समापन समारोह कार्यक्रम का संचालन श्री ओमप्रकाश संभाग



अभियान प्रमुख दक्षिण उत्तर प्रदेश ने किया। समारोह के मुख्य वक्ता केंद्रीय बजट विभाग प्रमुख धीरज गुप्ता जी ने कहा कि एकल अभियान विगत 35 वर्षो से शिक्षा जगत में सेवा का कार्य कर रहा है 60 विद्यालय से प्रारंभ या एकल विद्यालय आज पूरे भारतवर्ष के एक लाख गांव में शिक्षा के साथ अन्य चार शिक्षाएं देने का कार्य कर रहा है उन्होंने बताया कि इस समारोह में जो बच्चे अपने प्रतिभा दिखाकर प्रथम स्थान प्राप्त किये हैं वह फरवरी माह मे आयोजित राष्ट्रीय खेलकूद समारोह उड़ीसा भुवनेश्वर में भाग लेंगे।इस कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि माश जीतेन्द्र जी उपजिला अधिकारी महोबा ने समारोह में आए हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा इस तरह का आयोजन खिलाड़ियों के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म बताया एवम इस प्रतियोगिता से गांव की छिपी हुई प्रतिभाओं को निकालने के साथ साथ बच्चो को खेल के प्रति रुचि जागृत करना है ताकि भविष्य में अपने देश के प्रति प्रतिनिधित्व कर सकेगे।

श्रीमान अवधेश गुप्ता जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने आयोजन समिति को धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं निरंतर चलती रहे ताकि अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक खिलाडी निकल सके और भविष्य मे खेल जगत मे देश का नाम रोशन कर सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री कालका प्रसाद जलज ने सभी खिलाड़ी आचार्य, कार्यकर्ता बंधु अभिभावक गण तथा अतिथि व मंचस्थ समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विनोद पुरवार, कार्यक्रम संयोजक कमलेश चंद्र चौरसिया, प्रशांत कुमार गुप्ता (संभाग प्राथमिक शिक्षा अध्यक्ष) शिवकुमार गोस्वामी, कैलाश गाजिया, आशीष शिवहरे, नरेश गुप्ता, तेज प्रताप, मजबूत सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विजय बिन्द, विजय कुमार, लवकुश, मंगेश्वर, कीर्तिमणि, अमित पटेरिया जी आदि उपस्थित रहे।

# गौशाला निरीक्षण में खामियां मिलें तो करें कार्रवाई : नायक

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में आज प्रमुख

- सीएम की प्राथमिकता में शामिल गौशालाओं की नियमित हो देखरेख
- वृहद गौशाला जुगराजपुर, नुनवई को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित किया जाए

सचिव सचिवालय प्रशासन, दुग्ध विकास, मत्स्य एवं पशुधन विभाग रविंद्र नायक ने विभागीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने जनपद में चल रही गौशालाओं, पशुपालन और मत्स्य पालन योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

रविंद्र नायक ने कहा कि जनपद की सभी गौ आश्रय स्थलों पर उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से भूसा, हरा चारा, पानी, चोकर, सफाई, और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। यह योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल है, और इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम विकास अधिकारियों व केयर टेकरों को गौशालाओं के देखभाल के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि गौवंश को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा उन्होंने नोडल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र की गौशालाओं का नियमित भ्रमण करने




का निर्देश दिया और कहा कि अगर कहीं अव्यवस्था पाई जाए, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि पशु चिकित्सा अधिकारी गौशालाओं में नियमित रूप से जाकर गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करें और कृत्रिम गर्भाधान तथा बधियाकरण योजनाओं की सफलता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गौवंश का शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी से बचाव हो सके। साथ ही, मुख्यमंत्री सहयोगिता योजना के तहत कुपोषित बच्चों के परिजनों को गाय सौंपने की प्रक्रिया में प्रगति लाने निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निदेशालय को समय पर डिमांड भेजने के निर्देश दिए। वहीं, सर्दियों के मद्देनजर उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को द्वारा पुराने बोरे से काऊ कोट बनाने की योजना को प्रोत्साहित किया, जिससे न केवल गोवंश को गर्माहट मिलेगी, बल्कि स्थानीय महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने वृहद गौशाला जुगराजपुर और नुनवई को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित किया जाए। उन्होंने मोबाइल वेटरनरी यूनिट 1962 की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की और निर्देशित किया कि यदि यूनिट में कोई चिकित्सक छुट्टी पर जाता है तो इसकी जानकारी सुनिश्चित की जाए और सेवा में कोई बाधा न आने पाए। इसके अलावा, मत्स्य विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि मत्स्य विभाग को अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित रहे, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आमजन तक पहुंच सके। उन्होंने मनरेगा के तहत तालाबों के सुधार कार्यों को प्राथमिकता देने और अधिक से अधिक मत्स्य क्रेडिट कार्ड जारी करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बैठक में दिए गए निर्देशों के सम्यक् अनुपालन के क्रम में सभी योजनाओं का कार्यान्वयन प्रभावी ढंग से किया जाएगा। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, प्रभारी जिला विकास अधिकारी महेंद्र चौबे और अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पांच वाहन चोर सरगना गिरफ्तार



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

एसओजी, सर्विलांस टीम के साथ उरई कोतवाली व आटा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग दौरान झांसी-कानपुर हाइवे पर संकट मोचन मंदिर के समीप नर्सरी के पास पांच वाहन चोर सरगनाओं को पकड़कर उनके कब्जे से चोरी की गयी 11 बाइकों को बरामद कर किया।

उक्त मामले का खुलासा करते हुये पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने बताया कि लंबे समय से दोपहिया वाहन चोरों का गिरोह जनपद में विभिन्न स्थानों से दोपहिया वाहनों की चोरी करने में संलिप्त थे जिनकी धरपकड़ के लिये एसओजी, सर्विलांस टीम, सदर कोतवाली व आटा थाना पुलिस संयुक्त रूप से वाहन चोर गिरोह की गतिविधियों पर नजर रखे हुये थे तभी दौरान चेकिंग जैसे ही संयुक्त पुलिस टीम को सूचना मिली कि नेशनल हाइवे के समीप नर्सरी संकट मोचन मंदिर के पास कुछ लोग एकत्रित हैं जो दोपहिया वाहनों से आये हुये है। उक्त सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने उनकी घेराबंदी कर ललकारा तो वह भागने का प्रयास करने लगे तभी पुलिस ने प्रवेश विश्वकर्मा उर्फछोटू पुत्र पन्नालाल निवासी कहराह थाना आटा, सुर्याश पांचाल उर्फ सूर्या पुत्र कुलदीप पांचाल निवासी खरका थाना डकोर, आकाश राजपूत पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी सुनहटा थाना आटा, राहुल पुत्र रमेशचंद्र बरार निवासी चुर्खी बाईपास कोतवाली उरई, अनूप पुत्र अजय बरार निवासी चुर्खी बाईपास उरई को दबोच लिया इसके बाद उसने कब्जे से 11 चोरी की बाइकों को बरामद किया। उन्होंने यह भी बताया कि पकड़े गये पाचो वाहन चोरों के विरुद्ध चार-चार मुकदमे विभिन्न थानों में पंजीकृत है। जो एक पेशेवर वाहन चोर गिरोह से जुड़े हुये हैं।

## खबरें एक नजर में

### डाई के सेवन से नवविवाहिता अचेत, अस्पताल में भर्ती

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** रविवार को 19 वर्षीया नवविवाहिता महिला के द्वारा डाई पीने से बेहोश हो गई। अचेत अवस्था में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया है। चिकित्सालय सूत्रों के मुताबिक कालपी से सटे कानपुर देहात सीमा के ग्राम दौलतपुर थाना भोगनीपुर निवासिनी 19 वर्षीया युवती मर्तबा पत्नी इरफान के द्वारा कथित रूप से डाई का सेवन कर लिया गया। फल स्वरूप महिला बेहोश हो गई। हालत बिगड़ने पर महिला को उसके ससुर लाला एवं पारिवारिक जनों ने कालपी के सीएससी में लाकर भर्ती कराया। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गोपाल जी द्विवेदी तथा चीफफार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार की टीम के द्वारा महिला का इलाज किया गया। हालत में सुधार न आने पर महिला को मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रेफर कर दिया गया है। वही वही इस मामले को चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गोपाल जी के द्वारा शासकीय मेमो के माध्यम से कोतवाली कालपी में जानकारी के लिये पत्र भेजा गया है।

### जमीनी विवाद में पुलिस ने तीन लोगों पर की कार्रवाई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** जमीन के बंटवारे को लेकर आपस में विवाद व मारपीट के मामले में पुलिस ने दो पक्षों के तीन लोगों के खिलाफकार्रवाई की है।
कोंतवाली क्षेत्र के ग्राम ग्राम औरेखी निवासी एक पक्ष के पारसनाथ व गोविंद नारायण और दूसरे पक्ष के अरविंद के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों के बीच चल रहे विवाद के मामले में रविवर की सुबह उनके बीच गाली, गलौज व हाथापाई हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों व्यक्तियों के खिलाफकार्रवाई की है।

### सड़क में हुये गड्ढे तो ठेकेदार आये लपेटे में

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** कुठौंदा बुजुर्ग से काशीपुरा तक लगभग ढाई किमी मार्ग पर गड्ढे हो गए हैं। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने पर शिकायतकर्ता को अवगत कराया गया है कि संबंधित ठेकेदार के खिलाफकार्रवाई की जा रही है और दूसरे ठेकेदार को कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। कुठौंदा बुजुर्ग से काशीपुरा तक संपर्क मार्ग का निर्माण वर्ष 2022 में किया गया था। लेकिन सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्व न होने के आरोप तभी ग्रामीणों ने लगाए थें। इसके बाद जब सड़क बनकर तैयार हुई तो दो साल भी नहीं चल सकी। बारिश के मौसम में सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। इसकी शिकायत कुठौंदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने अधिकारियों से की थी। लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने पुनः आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। जिसके जबाव में लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड एक के अधिशासी अभियंता ने शिकायतकर्ता को लिखित रूप से अवगत कराया कि लगभग ढाई किमी लंबे मार्ग पर बारिश के चलते गड्ढे हो गए हैं। यह मार्ग डिफेक्ट लायबिल्टी पीरियड में है। सड़क को गड्ढा मुक्त न करने पर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं साथ ही यह मार्ग किसी अन्य ठेकेदार से कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। शीघ्र ही मार्ग को दुरूस्त करा दिया जाएगा।

### सफाई न होने से पक्के तालाब में भरा पानी दे रहा दुर्गन्ध, लोग परेशान

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** पक्के तालाब में सफाई न होने से उसमें भरा पानी से बदबू आने लगी है। तालाब में सफाई के साथ ही दवा भी डाली जाए। यह मांग नगर के लोगों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की है। नगर के अशफाक राईन ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि नगर के मध्य में ऐतिहासिक मुरली मनोहर तालाब स्थित है। इस तालाब के सुंदरीकरण के बाद लोग यहां सुबह शाम घूमने के लिए जाते हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए हाल ही में झूले आदि भी लगवाए गए थे। लेकिन उनमें से कुछ झूलों की हालत सही नहीं है। तालाब में सालों से पानी को बदला नहीं गया है, सफाई भी नियमित नहीं होती है। यही कारण है कि तालाब में भरे पानी से बदबू आने लगी है। इससे तालाब पर घूमने आने वाले लोगों के साथ ही आसपास रहने वाले लोगों को भी बदबू से परेशान होना पड़ता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि तालाब के पानी को बदलवाया जाए। जब तक पापी नहीं बदला जाता है तब तक तालाब की सफाई करा दी जाए और उसमें दवा डलवा दी जाए। ताकि बदबू कम हो सके। इसके अलावा वहां बच्चों के मनोरंजन के लिए लगे झूलों को भी दुरूस्त करा दिया जाए।

### रापटगंग में लगे विद्युत पोल से आई केबिल में अक्सर होते हैं फाल्ट

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला रापटगंज में 70 मीटर दूर लगे बिजली के खंभे आई केबिल में अक्सर फाल्ट होते हैं। पीड़ित वृद्धा ने एसडीएम से एक खंभा लगवाने की मांग की है। मोहल्ला रापटगंज निवासी विमला देवी ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि छह वर्ष पूर्व घरेलू बिजली संयोजन लेने के बाद भी 70 मीटर दूर पोल से बिजली लानी पड़ रही है। जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। वह पूर्व में दो बार शिकायत कर चुकी है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं। पीड़िता ने एसडीएम से एक पोल लगवाए जाने की मांग की है।

### पंचनद दीप महापर्व का पांचवां संस्करण चंबल संग्रहालय ने पोस्टर किया जारी



**जगम्मनपुर (जालौन), समृद्धि न्यूज।** चंबल संग्रहालय, पंचनद द्वारा विश्व के अनोखे पांच नदियों के महासंगम पर आयोजित 'पंचनद दीप महापर्व' का पांचवां संस्करण आगामी 26 नवंबर, 2024 को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन संग्रहालय पदाधिकारियों ने साझे तौर पर किया। इस वर्ष के पंचनद दीप महापर्व को भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में चंबल अंचल के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में विशेष तौर पर आयोजित किया जा रहा है। इसके सफल आयोजन के लिए औरैया, इटावा, जालौन, बाह, भिंड, मुरैना सहित बीहड़ के इलाकों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। विभिन्न टीमें प्रचार-प्रसार सामग्री के साथ इस कार्य में जुटी हुई हैं।

## एडीएम प्रशासन ने गोल्ड मेडल जीत कर बढ़ाया मान

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

जिला रायफल क्लब के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय ऑल इंडिया ओपेन शूटिंग प्रतियोगिता अयोध्या शूटिंग रेंज में रविवार को पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हो गई। इस प्रतियोगिता में जिले के अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने गोल्ड मेडल जीत कर जिले का मान बढ़ाया है।

वहीं अयोध्या शूटिंग रेंज के जैनुल आबदीन ने दो स्वर्ण पदक जीत कर इस उपलब्धि में अपना भी नाम दर्ज कर दिया है।प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एसपी सिटी मधुबन सिंह, विशिष्ट अतिथि सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह तथा नगर कोतवाल अश्वनी कुमार पाण्डेय रहे जिनके द्वारा विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता संयोजक अयोध्या



- ऑल इंडिया ओपेन शूटिंग प्रतियोगिता में जीता पदक

शूटिंग रेंज के अध्यक्ष शनि कुमार वर्मा द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। ऑल इंडिया ओपेन शूटिंग प्रतियोगिता के चैम्पियन ऑफ द चैम्पियन्स स्पर्धा के एयर रायफल आइएसएसएफ वर्ग में प्रनत पाल सिंह प्रथम, आकाश सिंह द्वितीय व संध्या यादव तृतीय रहीं जबकि एनआर वर्ग में अरुण प्रथम,निहारिका द्वितीय व शुभम तृतीय रहे।

इ सी क्रम में एयर पिस्टल आइएसएसएफ वर्ग में साक्षी यादव प्रथम व चंदन वर्मा द्वितीय रहे जबकि एनआर वर्ग में रुपेन्द्र सिंह प्रथम, साक्षी द्वितीय व शरद ठाकुर तृतीय रहे। पुलिस महिला वर्ग में सुरुचि कनौजिया प्रथम,नैना द्वितीय रहीं। पुलिस पुरुष वर्ग के एयर पिस्टल में रितुराज सिंह चौहान प्रथम, अभय प्रताप सिंह द्वितीय व मोईन खान तृतीय तथा एयर रायफल में अश्वनी कुमार पांडेय प्रथम,अमित कुमार द्वितीय व राहुल भारती तृतीय रहे। वेटरेन वर्ग में डॉ. डीआर भुवन विजेता रहे।आर्मी वर्ग में हैदराबाद के 237 मैदानी तोपखाना सिकन्दराबाद से नायक राजकुमार व हवलदार बीडीयादव के साथ प्रतिभागी अवन्तिका ने व्यक्तिगत, टीम व मिक्स टीम वर्ग में विजेता बन तीन स्वर्ण पदक जीता।वहीं प्रियांशु, रुद्रा राज व आयुष्मान यादव ने एक-एक स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा जैनुल आबदीन, शुभांकर वार्षणेय, अर्पिता, सुखजीत, अनुष्का, अशोक चौरसिया, निखिल अग्रवाल, तिरंकरी मणि, आकृष्ट, डॉ. दिनेश मिश्र, डॉ. एमएस विष्णु, डॉ. अजय सिंह, डॉ. धीरेन्द्र मणि त्रिपाठी व ध्रुव सिंह अपने वर्ग में विजेता रहे। प्रतियोगिता में जैनुल अबादीन खान, बृजेश, अशरफ, सपना, मेहविश, श्रेया, प्रखर व सुरजन सिंह ने ऑफीसियल की भूमिका निभाई।

## मीटिंग में एसडीएम ने राजस्व कर्मियों को लंबित मामले निपटाने के दिये निर्देश

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह अध्यक्षता में लेखपालों तथा राजस्व कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों तथा राजस्व समस्याओं के मामलों को जल्द निपटाने के लिए जोर दिया गया।

तहसील सभागार में आयोजित बैठक में लेखपालों को निर्देश देते हुए उप जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व के मामलों को प्राथमिकता से निस्तारण किया जाये। आइजीआरएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों का तत्परतापूर्वक मौके पर जाकर के गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण नियत तिथि से 3 दिन पहले किया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि गांवों में सरकारी भूमि में अतिक्रमण पर कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाये। उप जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कुरा बंटवारे की जो पत्रावलियां लम्बित है उनमें रिपोर्ट तैयार कर नियत तिथि से पहले न्यायालय में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के मार्ग निर्देशन के मुताबिक निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम को निष्पक्षता तथा ईमानदारी से निपटाया जाए। बैठक में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायाब तहसीलदार तारा शुक्ला, चंद्रमोहन, नीलमणि, राजस्व निरीक्षक प्रमोद, अनूप, रामराजा राजपूत, सदर लेखपाल जितेंद्र कुमार, जयवीर, प्रियंका, अमित, एसके महान, शिव मंगल, सलीम, मतदाता पंजीकरण केंद्र प्रभारी शशांक के अलावा राजस्व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## संगीतमयी भागवत कथा में पांचवें दिन कृष्ण की बाललीलाओं की सुनाई गई कथा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के सरायरावत गाँव में अधिवक्ता एवम प्रधान संतोष शुक्ला के आवास पर चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के 5वे दिन रविवार को भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। वृंदावन धाम से आये कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का विशद व मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने गोवर्धन पूजा की कथा में भगवान श्री कृष्ण के माध्यम से देवराज इंद्र की बजाय प्रकृति को महत्व देने के सिद्धांत का प्रतिपादन किया और प्रकृति के करीब रहने की बात कही।

कथा व्यास जी ने कहा कि दुनिया में यदि सुख है तो दुख भी है, पाप है तो पुण्य भी है, सुजाति के साथ कुजाति, दानव के विपरीत देव, अमृत के विपरीत विष भी है। ऐसी दशा में विवेकशील व्यक्ति को अपना मन राम और कृष्ण की ओर उन्मुख कर देने से व्यक्ति काममय होने के बजाय राममय कृष्णमय होकर अपने जीवन को कृतार्थ कर सकता है।

भागवत कथा में पहुंचे युवा अधिवक्ता सोमिल शुक्ला ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री, मंच पर विराजमान सभी वक्ताओ एवं यजमान विमलेश शुक्ला,संतोष शुक्ला, बाबा बख्श शुक्ला आदि को अंग वस्त्र भेंट कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर मुख्य यजमान संतोष कुमार शुक्ला, बाबा बक्श शुक्ला, गोकर्ण प्रसाद मिश्रा धर्मेंद्र मिश्रा सिद्धनाथ तिवारी ओमप्रकाश अवस्थी मोहित मिश्रा राजेश तिवारी अनिल तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### निःशुल्क नेत्र शिविर में 105 रोगियों का उपचार, 19 मरीजों के ऑपरेशन

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** रविवार को रोज बर्ल्ड पब्लिक स्कूल के परिसर में नेत्र चिकित्सक डॉ. सौम्या चतुर्वेदी के नेतृत्व में विशाल नेत्र नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान 105 नेत्र रोगियों का परीक्षण करके उपचार किया गया तथा 19 मरीजों का ऑपरेशन के लिए ले जाया गया। जिला अंधता निवारण समिति के तत्वावधान में आयोजित शिविर में डॉ. जवाहरलाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय कानपुर के चिकित्सकों की मौजूदगी में डॉ. सौम्या चतुर्वेदी, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. शुभम, विजय कुमार आदि के द्वारा 10 बजे से मरीजों का परीक्षण करके इलाज शुरू किया गया। डॉ. शुभम ने कहा कि आँखों की किसी भी प्रकार की परेशानी को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेत्र रोगियों को चिकित्सकों की सलाह से ही उपचार कराना चाहिए, इससे समय रहते नेत्र की बीमारियों पर नियंत्रण हो सकता है। शिविर में चिन्हित 19 रोगियों को ऑपरेशन के लिए कानपुर चिकित्सालय ले जाया गया।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार ट्रक के नीचे आया, मौके पर मौत

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बाईपास सिद्धौर मार्ग पर दो बाइक की आपस में भिड़ंत में एक बाइक सवार ट्रक के नीचे आने से मौके पर दर्दनाक मौत होगी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के जैदपुर कस्बा के बाईपास अंतर्गत सिद्धौर मार्ग के पास ताज होटल के निकट का है

जहां पर रविवार करीब 4=30 बजे दो बाइक की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक सवार भिड़ंत के उपरांत अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा। तभी सामने से आ रहे ट्रक ने युवक को रौंद दिया। जिससे युवक की मौके पर काली दीन पुरवा मजरे मुतज्जीपुर निवासी ओमप्रकाश 34 वर्ष पुत्र राम फेर रावत की मौत हो गयी। जो अपनी




मोटरसाइकिल यूपी 32 एम एक्स 2399 लखनऊ जा रहे तभी बाईपास के निकट दो बाइक की भिंडत हुई जिसमें वह सड़क पर गिर गया और इतने में ही सामने से आ रहे ट्रक पीबी,13 बी एफ, 7415 ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। और ट्रक चालक मौके से ट्रक छोड़कर फरार हो गया। वही इस घटना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच पड़ताल में जुटी।

### श्रमजीवी प्रेस क्लब ने मृत आत्माओं को याद कर दी श्रद्धांजलि

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** श्रमजीवी प्रेस क्लब की बैठक वरिष्ठ पत्रकार राजेश द्विवेदी के आवास पर हुई जिसमें जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामपुरा शैलेन्द्र सिंह राजावत की माताजी रानी देवी एवं कालपी नगर के पत्रकार कैफरजा के पिताजी हैदर रजा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार सतेन्द्र पस्तोर, सुरेश खरकया, राजेश द्विवेदी, ब्रजेश मिश्रा, संजय शर्मा, राकेश बाथम, अजय सोनी, राकेश तिवारी, अरविंद दुबे, प्रिंस द्विवेदी, श्याम सक्सेना, गोविंद सिंह दाऊ, अंकुर, बीरेन्द्र, बीरेन्द्र, शिवम शर्मा, विष्णु चंसौलिया, कुलदीप, शत्रुघन यादव, राजेश, अशोक, नारायण तिवारी, पवन, संदीप, अजय, विवेक, मनोज, धीर प्रशांत, मुन्नवर, प्रमोद, रोहित, नीतेश सिंह, बीपी सिंह आदि तमाम पत्रकारों ने दोनों घटनाओं पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दो मिनट मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति एवं शोकाकुल परिवारों को धैर्य धारण करने की क्षमता प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

## पल्हरी स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक टाटा मैजिक में लगी आग से मचा हड़कंप

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिले के सफदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पलहरी के निकट रविवार करीब 4 बजे एक टाटा मैजिक वाहन में अचानक अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई और देखते ही देखते मैजिक आग का गोला बन गई । और हाईवे पर काफी देर तक हड़कंप मचा रहा और जाम जैसी स्थिति रही, स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और सफदरगंज पुलिस को दी सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशकत के बाद आग पर काबू



पाया आसपास के लोगों ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया की मैजिक मे सवारी भरकर जा रही थी तभी शार्ट शर्किट के चलते आग लग गई धुँआ निकलता देख मैजिक मे सवार लोगों मे हड़कंप मच गया और आनन फानन मे मैजिक से बाहर निकले वहीं हल्की सी शार्ट सर्किट से देखते ही देखते मैजिक आग के गोला मे तब्दील हो गई और जलकर खाक हो गई फिलहाल पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया लेकिन तबतक मैजिक का अधिकांश हिंस्सा जलकर खाक हो चुका था वहीं जब इस सबंध मे सफदरगंज गंज थाना प्रभारी से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन काट दिया और जब दोबारा संपर्क किया गया तो बताया मामले की जानकारी नहीं है जानकारी करके बताएंगे।

### ई-रिक्शा की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ई रिक्शे की टक्कर से आज फिर एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गयी जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ई रिक्शे को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक लगातार बढ़ रही ई रिक्शे की संख्या के चलते आये दिन कोई चोटिल तो किसी को अपनी जान गवाना पड़ता है। थाना क्षेत्र खुशहालपुर निवासी 60 वर्षीय कमरुद्दीन पुत्र अब्दुल खालिक, शनिवार को अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल पर बैठ एक गांव कुछ काम से गये वे। अहमदपुर टोल प्लाजा के कुछ आगे तेज रफ्तार में आ रहे एक ई रिक्शा चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिनके सर गम्भीर चोटें आयीं उपचार हेतु लखनऊ ले जाया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जबकि दूसरा साथी गम्भीर रूप घायल हैं। जिनका इलाज चल रहा है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद उनको सुपुर्देखाक किया गया। पुलिस द्वारा ई रिक्शे को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल जारी है।

## 60 साल की महिला ने तेल छिड़ककर लगाई आग, इलाज के दौरान मौत

- बचाने दौड़ा बेटा भी झुलसा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



थाना कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम मदारपुर की 60 वर्षीय महिला ने शरीर पर डीजल छिडक कर आग लगा ली जिसे बचाने दौडा पुत्र भी झुलस गया।

गम्भीर अवस्था में जली महिला को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर ले जाया गया जंहा से सिविल अस्पताल लखनऊ भेजा गया।जंहा उपचार के दौरान रविवार को महिला की मौत हो गई। ग्राम मदारपुर के शेष कुमार वर्मा की 60 वर्षीय पत्नी ललिता देवी कुछ दिनों से तनाव ग्रस्त थी। शनिवार को घर में रखा डीजल अपने शरीर पर छिड़क कर आग लगा ली लपट तेज होते ही वह चीखने चिल्लाने लगी आवाज सुनकर बेटा विकास आग बुझाने लगा जिससे उसके भी दोनों हाथ झुलस गए।परिजन ललिता देवी को गम्भीर अवस्था में संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर ले गए जंहा प्राथमिक उपचार करने के बाद डाक्टरों ने सिविल अस्पताल लखनऊ रेफर कर दिया जंहा उसका उपचार चल रहा था। रविवार को सिविल अस्पताल लखनऊ में गम्भीर रूप से जली महिला की मौत हो की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजन बिलखते रहे।

## डेढ़ माह तक चलेगा श्री महानारायण दिव्य रुद्र सहित शत सहस्त्र चंडी विश्व शान्ति महायज्ञ

- रामनगरी स्थित कारसेवक पुरम में होगा भव्य आयोजन
- महायज्ञ अनुष्ठान आज से

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

प्रभु श्री राम की नगरी में अपनी तरह से पूरी तरह भिन्न महायज्ञ होने जा रहा है।एक तो यह आयोजन डेढ़ महीने यानी ( अठारह नवम्बर से पहली जनवरी ) तक चलेगा,दूसरा जिस राम यन्त्रम का सान्निध्य रहेगा उसका जुड़ाव राजा दसरथ के समय का है।तीसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि पूरे देश से एकत्रित 1200 वैदिक ऋत्विक इसे सम्पूर्ण विधि विधान से सम्पन्न कराएंगे।

श्रीराम यन्त्रम को लेकर सज्जित रथ आज अयोध्या पहुंच रहा है।यह गुप्तारघाट और जहां पुत्रेष्टि यज्ञ हुआ था उस मखभूमि (वर्तमान नाम- मखौड़ा) जाएगा।प्रभु श्रीराम की कुल देवी बड़ी देवकाली (मान्यतानुसार मां कामाक्षी का अवतार) के मन्दिर पर देर शाम श्रीराम यन्त्रम रथयात्रा पहुंच गई।कारसेवक पुरम में कल 18 नवम्बर से प्रारम्भ हो रहे इस महायज्ञ के मुख्य समन्वयक डी.एस.एन.मूर्ति ने बताया कि वैदिक ग्रन्थों के अनुसार ऋषि दुर्वासा ने दक्षिण में श्रीराम यन्त्रम की स्थापना की थी।पुत्र न होने से चिन्तित राजा दसरथ विद्वत्जनों के सुझाने पर कांची में श्रीराम यन्त्रम की पूजा करने गए थे।इसके बाद ही उन्होंने पुत्रेष्टि यज्ञ का विधान किया था।श्री मूर्ति के अनुसार मार्कण्डेय पुराण में इसका उल्लेख है।श्री मूर्ति बताते हैं की बीते अगस्त में देवी मां ने मन्दिर के मुख्य अर्चक सुरेश शास्त्री को रात में सोते समय प्रेरणा दी कि महायज्ञ करके श्री राम यन्त्रम की स्थापना अयोध्या में की जाय। तभी से इस दिशा में काम आरम्भ कर दिया गया था।डेढ़ महीने के लिए एक बड़ी जगह की आवश्यकता थी।

बहुत सारे लोगों के लिए जाड़े में रहने खाने का इंतजाम करना था,सो श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय से श्री मूर्ति की चर्चा होने के बाद कारसेवक पुरम में आयोजन पर सहमति बनी थी।श्री मूर्ति ने बताया कि उपरोक्त देवी देवताओं के नाम पर होने वाला महायज्ञ आध्यात्मिक रूप से पूरे विश्व के लिए हितकारी है। समन्वयक के अनुसार 150 किलो भार का स्वर्णमड़ित श्रीराम यन्त्रम श्री कांचीपुरम मठ के मुख्यालय में स्थापित प्राचीन यन्त्र के आधार पर तैयार किया गया है।

तिरुपति से अयोध्या तक दो हजार किलोमीटर इसे भव्य रथयात्रा के माध्यम से लाया जा रहा है।भगवान वेंकटेश्वर तिरुपति के पवित्र स्थान से कांची कामकोटि पीठ के सत्तरवें शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती ने श्रीराम यन्त्रम रथयात्रा का शुभारंभ कराया।

नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक भी यात्रा में पहुंचे। आयोजकों के अनुसार डॉ भागवत ने अयोध्या आने की भी बात कही है।रथयात्रा पांच राज्यों से होकर अयोध्या पहुंची है। कारसेवक पुरम में आयोजन सम्बन्धी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तेरा विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 17/11/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत तेरा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18/11/2024 से 24/11/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24/11/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अंबुज के घर से अनुज के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 4.10 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | अहिरन के घर से पप्पू के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 3.90 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | पंचायत भवन तेरा में छत मरम्मत, खिड़की व दरवाजे, पुताई एवं इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 1.64 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्तें- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान ( हाकिम सिंह) ग्रा0पं0 तेरा, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव ( शैलेंद्र त्रिपाठी )

# सभी वीडीओ 70 वर्ष प्लस की सूची तैयार करें: डीएम


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

यू विन पोर्टल पर वैक्सीनेशन एवं सभी जन्मे बच्चों की फीडिंग शत-प्रतिशत की जाए। डिलीवरी प्वाइंट पर ही रजिस्ट्रेशन किया जाए। बच्चों को समय से वैक्सीनेशन डोज मिले। यह निर्देश जिलाधिकारी ने बैठक में अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में यूविन पोर्टल में फीडिंग से संबंधित बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यू विन पोर्टल पर ग्राम वाइज ड्यू लिस्ट शतप्रतिशत सही होना चाहिए। उन्होंने ब्लॉक वार पांच- पांच गांवो की ड्यू लिस्ट चेक किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि जितनी ट्रांसपेरेंसी में कार्य करेंगे उतनी ही सफलता मिलेगी। उन्होंने खंड विकास अधिकारियो को निर्देश दिए कि सर्वे कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में 70 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के नाम, उम्र आदि की सूची तैयार की जाए। जिससे जिन लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने है। उनके कार्ड समय से बनाये जा सके। इसी प्रकार नगर क्षेत्र में प्रक्रिया को अपनाए जाने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को लेटर जारी किए जाने हेतु निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि पूर्व की भांति सीएचओ की मीटिंग शुरू कराई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण रहे।

### बच्चों को निपुण बनाने के लिए तीन टीमों का किया गठन

जिलाधिकारी ने बच्चों को निपुण बनाने व धरातलीय प्रगति जानने, सुधार लाने हेतु 03 टीमों का गठन किया गया है। तीनों टीमों के द्वारा विद्यालयों का सघन निरीक्षण कर बच्चों को निपुण बनाया जाए। शिक्षक और बच्चों की उपस्थित शतप्रतिशत होनी चाहिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद के 89 संघर्षशील स्कूल को सक्षम स्कूल बनाए जाने हेतु विशेष ध्यान दिया जाए।

**डीएम बोले, जिन लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने उनके कार्ड समय से बनाएं जाएं**

# बीज नहीं हुआ अंकुरित तो जोत दी आलू की फसल, किसान हो रहे है चिंतित

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**


आलू फसल का बीज अंकुरित न होने पर जोताई करता ट्रैक्टर

बीते दिनों पहले मौसम में अभूतपूर्व गर्मी के चलते किसानों की आलू की गढ़ाई की गई लेकिन किसानों का मौसम ने साथ न देने से बीज सड़ जाने से अंकुरित न होने से आखिर खेत की जोताई करने को मजबूर होना पड़ा है। मलिकपुर क्षेत्र के किसानों ने बीते अक्टूबर माह व नवम्बर पहले सप्ताह में आलू की गढ़ाई की गई लेकिन मौसम के साथ न देने से इस बार बीज काफी मात्रा में सड़ जाने से मलिकपुर निवासी देवेंद्र सिंह ने अपनी तीन बीघा आलू फसल की जोताई कर दी गई। वहीं शैलेन्द्र सिंह ने अपनी पांच बीघा आलू अंकुरित अच्छा न होने से जोताई कर दी गई इसी तरह समधन निवासी किसान अफताब ने अपनी डेढ़ बीघा आलू की फसल जोताई कर दी गई। इस बार किसानों का मौसम का साथ न देने से आलू की गढ़ाई की फसल के बीज का जमाव अच्छा न होने से हजारों रुपये लागत लगाकर किसानों के चेहरे पर चिन्ता लकीरें उनके माथे पर साफ़ झलक रही है।

# श्री बाबा खाटूश्याम सेवा समिति ने निकाली 6100 निशान यात्रा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



श्री बाबा खाटू श्याम निशान यात्रा शहर के मां कालका देवी मंदिर से प्रारंभ होकर रामलीला ग्राउंड तक बाबा श्याम के भजनों के साथ खेलते हुए श्रद्धालु पहुंचे श्री बाबा खाटू श्याम निशान यात्रा भाव रूप से मां कालका देवी मंदिर सौरिख रोड से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग होते हुए श्री बाबा खाटूश्याम सेवा समिति द्वारा 6100 निशान यात्रा रामलीला मैदान तक पहुंची खाटूश्याम यात्रा की शुरुआत श्री बाबा खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने भगवान गणेश की व हनुमान, दुर्गा आरती के साथ हुई मां कालिका देवी मंदिर से नगर मे काई जगहो पर यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया।

मुख्य मार्ग पर गुरू दयाल पेट्रोल पम्प पर पूर्व राज्यमंयमंत्री व विधायक अर्चना पाण्डेय ने महिलाओ के साथ निशान ऊठाया और यात्रा का जोरदार स्वागत भी किया फिर मुख्य बाजार होती हुई विशुनगंढ रोड रामलीला मैदान मे जाकर समाप्त हुई इस दौरान आनंद गुप्ता,सन्दीप दुबे,राहुल गुप्ता,पिंकी पाण्डेय, छोटे मिश्रा,मोनू मिश्रा,आनंद वर्मा,प्रदीप गुप्ता राना सहित हजारो लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी सह प्रभारी निरीक्षक चंद्र प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में भारी मात्रा में पुलिस बल निशान यात्रा के साथ रहा।

# फर्जी बैनामा कर वृद्ध से लाखों रूपये की हुई ठगी

**लकड़ी व्यापारी जमील उर्फजीमल ने उसे एक बीघा भूमि की बिक्री करने और उसके बदले चार बीघा भूमि खरीदवा देने का लालच दिया था**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

दलालों ने वृद्ध को अपने जाल में फंसा लिया और भूमि का फर्जी बैनामा कर लाखों रूपये की ठगी कर ली। पीड़ित वृद्ध ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम खुर्रमपुर्वा निवासी वृद्ध उजागर लाल पाल पुत्र स्वर्गीय सोनेलालल पाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि ग्राम सौसरापुर निवासी लकड़ी व्यापारी जमील उर्फ जीमल ने उसे एक बीघा भूमि की बिक्री करने और उसके बदले चार बीघा भूमि खरीदवा देने का लालच दिया था। जिस पर उसने गांव की करुणेश देवी को अपनी 21 डिसमिल भूमि को आठ लाख रूपये में अप्रैल 2023 में बिक्री कर दिया। इसके बाद उसने लगभग पांच लाख रूपये गुगरापुर के ग्राम रमपुरा निवासी कल्लू कुम्हार के खाते में ट्रांसफर कर दिए और दो लाख रूपये कल्लू को नगद दे दिए।

जबकि जमील ने 50 हजार रूपये दलाली के ले लिए। इसके बाद जमील ने फोन कर बैनामा के लिए चारों बहुओं को लेकर आने की बात कही। जिस पर वह एक मई 2023 को अपनी चारों बहुओं और पत्नी को लेकर सदर तहसील कन्नौज पहुंचा। जहां चारों बहुओं व पत्नी की फोटो खिचवाने के बाद दलाल ने षडयंत्र कर बहुओं को क्रेता बना दिया और पूरे परिवार को अपने जाल में फंसा कर फर्जी बैनामा करा दिया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लापता युवक का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**तालग्राम थाना में दर्ज है सूचना, पिता ने जताई हत्या की आशंका**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम खाड़ेदेवर स्थित रेलवे ट्रैक पर लापता युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव हटवाकर शिनाख्त की और परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों में शव देख चीख पुकार मच गई। मृतक के पिता ने युवक का अपहरण कर हत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना तालग्राम के ग्राम ताहपुर निवासी लल्लू सिंह ने बताया कि उसका पुत्र विवेक उर्फबड़े (18) का शव रविवार को ग्राम खाड़ेदेवर स्थित रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। उसका पुत्र 31 अक्टूबर से लापता चल रहा था। जिसकी सूचना भी थाना तालग्राम में दर्ज कराई गई थी। इसके बाद भी पुलिस उसके पुत्र को तलाश नहीं कर सकी। मृतक के पिता ने पुत्र का अपहरण कर हत्या करने की आशंका जताई है। मृतक खेती का कार्य कर भाई व पिता का सहयोग करता था। वह एक भाई दो बहन था। सूचना पर पहुंचे समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### अभियुक्त को आठ वर्ष कठोर कारावास व आठ हजार रुपये के अर्थदण्ड से किये दण्डित

**छिबरामऊ कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र छिबरामऊ के अंतर्गत पास्को एक्ट की घटना का निर्णय में न्यायालय द्वारा दोषियों को किया गया दंडित अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने व गलत काम जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप न्यायालय प्रेषित किया गया । पुलिस महानिदेशक उप्र लखनऊ के निर्देशन में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था। अभियुक्त गोपीचंद पुत्र लाला राम को 8 वर्ष का कठोर कारावास 8000 का जुर्माना न्यायालय द्वारा किया गया संदीप पुत्र लालाराम के खिलाफ 500 का अर्थ दंड लगाया गया।

## खबरें एक नजर में

### सुजानगंज पुलिस ने चलाया सघन अभियान

**जौनपुर, समृद्धि न्यूज।** सुजानगंज क्षेत्र के सुजानगंज चौराहे तथा बेलवार तिराहे पर ट्रेनी पीपीएस अधिकारी शाहरुख खान के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें बाइक सवार यात्रियों को सुरक्षा के बारे में जानकारी दी और बिना हेलमेट व 3 सवारी वाले यात्रियों को रोककर समझाते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही साथ लगभग 40 वाहनों का चालान भी काटा गया। पूछे जाने पर पीपीएस अधिकारी शाहरूख खान ने कहा कि यह अभियान लोगों को सड़क सुरक्षा से जागरूक करने के लिए चलाया गया है और जब तक हमारी मौजूदगी रहेगी। इसे प्रतिदिन चलाया जाएगा। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सुजानगंज राजीव मल्ल, उप निरीक्षक प्रदीप मिश्रा, हेड कांस्टेबल मानस तिवारी, कांस्टेबल अमित यादव, संजीव यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### 82 किलो गांजा संग अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्वापम औषधि व मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्थानीय पुलिस व एएनटीएफ की टीम को बड़ी सफ्लता मिली है। टीम ने मिले सुराग के आधार पर बजरंगनगर के पास से 82 किलो गांजा, एक मोबाइल ओप्पो, चार पहिया वाहन स्कार्पियो के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह व एएनटीएफ प्रभारी निरीक्षक लखनऊ दर्शन यादव की टीम को गश्त के दौरान सुराग लगा कि बजरंगनगर बाजार के पास 4 पहिया वाहन में गांजा लेकर सप्लाई के लिए एक युवक मौजूद है। तत्परता दिखाते टीम ने उसे दबोच लिया। तलाशी में स्कार्पियों वाहन से 82 किलो गांजा, एक ओप्पो मोबाइल बरामद हुआ। पूछने पर उसने अपना नाम हेमंत सिंह पुत्र अमरेन्द्र सिंह निवासी विशुनपुर बताया। पुलिस ने अपराध से संबंधित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर युवक का चालान कर दिया।

### मेघावी छात्र किये गए पुरस्कृत

**जौनपुर, समृद्धि न्यूज।** सिरकोनी ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मनहन रसूलपुर पर रविवार को मेरा देश मेरी जिम्मेदारी ट्रस्ट द्वारा एक प्रतियोगी परीक्षा सकुशल संपन्न आयोजित की गयी जिसमें क्षेत्र के प्राइमरी, जूनियर और इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कक्षा 4 से प्रथम नयन, द्वितीय दिव्यांश, कक्षा 5 से प्रथम अनुपम, द्वितीय अंश आर्यन, कक्षा 6 से प्रथम रितिका, द्वितीय अंश निषाद, कक्षा 7 से प्रथम गणेश, द्वितीय शिवम, कक्षा 8 से प्रथम शौर्य मौर्य, द्वितीय संगम भारती, कक्षा 9 से प्रथम अस्मित उपाध्याय, द्वितीय ध्रुव उपाध्याय कक्षा 10 से यश उपाध्याय, द्वितीय अनुष्का पाल, कक्षा 11 से प्रथम राजेश्वर निषाद, द्वितीय अनुज्ञा कुमारी कक्षा 12 से प्रथम शौर्य कुमार, द्वितीय शिवानी कुमारी को विजेता घोषित करके विशेष पुरस्कार एवं परीक्षा देने वाले सभी छात्र और छात्रा को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम में लक्ष्मीशंकर सरोज रमेश पाल राहुल गुप्ता अखिलेश सिंह, प्रदीप मौर्य, डॉ अरुण पाल अरविंद निषाद, कपिल, विनोद पाल, श्रीमती वंदना, राजू निषाद आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग दिए।

# अग्निशमन के अधिकारियों ने मेडिकल कॉलेज के फायर सिस्टम का किया चेक

**फायर सिस्टम, अलार्म तथा पानी की लाइन को किया चेक**

**तिर्वा, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


इमरजेंसी वार्ड में लगे फायर सिस्टम को देखते अफसर

झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने से हुए हादसे के बाद जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। रविवार को अग्निशमन विभाग के अफसरों ने मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर लगे फायर सिस्टम का चेक किए। कुछ फायर बाक्स में छुटपुट खामियां मिलने पर तुरन्त उनको दुरस्त कराने के निर्देश दिए। तिर्वा अग्निशमन विभाग के अधिकारी संदीप तंबर, रामकेवल तथा जीत सिंह रविवार की दोपहर एक बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचे। अफसरों ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी वार्ड तथा शैक्षणिक भवन में लगे फायर सिस्टम, अलार्म तथा पानी लाइन को चेक किया। अफसरों को इस दौरान इमरजेंसी तथा ओपीडी वार्ड में कुछ स्थानों पर फायर अलार्म खराब मिले, तो कुछ जगहों पर वायरिंग खराब मिली। जिनको जल्द सही कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि झांसी मेडिकल कॉलेज में हुई घटना के बाद से सभी अस्पतालों तथा मेडिकल कॉलजों का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होने अस्पताल संचालको फायर सिस्टम को ठीक रखने के निर्देश दिए है।

# धरोहर बनेगी विश्व की सबसे ऊंची अशोक की लाट

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

**लक्षीराम नगला में जनवरी में होगा भूमि पूजन**

नगर से लगे ग्राम लक्षीराम नगला में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के आवास पर आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के अध्यक्ष भंते शीलरतन ने कहा यहां बनने जा रही विश्व की सबसे ऊंची अशोक की लाट धरोहर बनेगी और यह जगह जनपद कन्नौज का सबसे प्रमुख टूरिस्ट हब बनेगा। उन्होंने कहा जिस तरह हर किसी के सहयोग से भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बना वैसे ही इस कार्य के लिए भी सभी का सहयोग अत्यंत आवश्यक है जनवरी माह में भूमि पूजन के साथ इसका शुभारंभ होगा। महा समता बुद्ध विहार संकिसा के भिक्षु चेतसिक बोधि ने कहा अशोक स्तंभ का निर्माण यहां के लिए ऐतिहासिक कार्य है। इससे कन्नौज जिले का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ेगा अतः इसमें सभी को सहयोग करना चाहिए। तथागत बुद्ध विहार, सम्राट अशोक चेरिटेबिल ट्रस्ट के संरक्षक ओमकार शाक्य ने कहा महान सम्राट अशोक के सम्मान में तथागत बुद्ध विहार नगला लक्षीराम में ऐतिहासिक विश्व के सबसे ऊँचे (101 फीट) अशोक स्तम्भ एवं तथागत बुद्ध विहार का निर्माण प्रस्तावित है। मैं चाहता हूं कि इसके निर्माण में सभी की सहभागिता हो। इसके अलावा ओमप्रकाश शाक्य एडवोकेट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य, पूर्व प्रधान द्वारका प्रसाद, राज बहादुर शाक्य, गौरव शाक्य, हसेरन के ब्लॉक प्रमुख पुष्पेंद्र शाक्य, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने भी विचार व्यक्त करते हुए सर्व समाज से सहयोग की अपील की। मिर्जापुर से आए मूर्तिकार शाक्य आलोक मौर्य ने तकनीकी जानकारी देते हुए कहा सम्राट अशोक महान की लाट मिर्जापुर के पास चुनार के बलुआ पत्थर से बनाई जाएगी। इसकी ऊंचाई दुनिया में सबसे अधिक होने के कारण इसका फाउंडेशन भी कंक्रीट से उसी के अनुसार बनाया जाएगा और इसकी लागत लगभग एक करोड़ होगी। छिबरामऊ देहात के प्रधान अनुज शाक्य ने 25563 रुपए का दान देने की घोषणा की। अध्यक्षता कर रहे रामचंद्र कुशवाहा ने सभी के प्रति आभार जताया।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में लगा मरीजों का जमावड़ा

**शिशु मंदिर विद्यालय में आयोजित हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का प्रथम चरण**

**तिर्वा, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


दीप पृज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत कराते तहसीलदार

कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह ने दीप पृज्जवलन कर किया। शिविर में क्षेत्र से पहुंचे 260 मरीजों में 108 को ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर कानपुर के शंकरा नेत्र चिकित्सालय में भेजा गया। श्री राम मोहन लाल गहोई की पुण्य स्मृति में नि:शुल्क नेत्र शिविर के प्रथम चरण का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे तहसीलदार ने कहा कि हम सभी को अपनी आंखो का सही से देखभाल करना चाहिए। जीवन जीने के लिए आंख होना बहुत जरूरीर है। जिसमें शंकर नेत्र चिकित्सालय कानपुर के डॉ.पलास, डॉ. गोल्डी, खुशबू, पूजा कटियार, संघप्री वर्मा, गौरव की टीम द्वारा शिविर में आए मरीजों का परीक्षण किया गया। जिसमें 108 मरीजों को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। सभी मरीजों को ऑपरेशन के लिए शंकरा नेत्र चिकित्सालय में भेज दिया गया। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज के डॉ.संजीव तिवारी, डॉ.शेखर, डॉ.अंबर खरे ने शिविर में भाग लेकर वीपी तथा सुघर पीड़ित मरीजों की जांच की। बाद में सभी को दवाईयां वितरित की। इस मौके पर आयोजक अंशुल गुप्ता ने आए सभी गणमान्य लोगों को धन्यवाद दिया। शिविर मे गोपाल दास गुप्ता, देवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रशांत तिवारी, उमेश यादव, ओमप्रकाश, कूक्कू चैहान राजेश गुप्ता, इन्द्रेश यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रक पर युवक का शव मिलने से सनसनी

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**



रेलवे ट्रक के किनारे पड़ा लावारिस शव देखकर लोगों में सनसनी फैल गई आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना जानकारी दी गई। समधन चौकी क्षेत्र के दारासराय व ग्राम खाडेदेवर के बीच रेलवे ट्रक के किनारे रविवार सुबह करीब 10 बजे अज्ञात युवक का शव पड़ा देखकर स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई आनन-फानन में पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। घटनास्थल पर समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया लेकिन कोई सुराग न मिलने से शव को मोर्चरी भिजवाया उधर थाना तालग्राम के अंर्तगत ग्राम ताहपुर निवासी लल्लू सिंह यादव का करीब 18 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार बीते 17 दिन पहले घर साइकिल से अचानक गायब हो गया था जिसकी गुमशुदगी परिजनों ने थाना तालग्राम में दर्ज कराई गई थी पीड़ित पिता लल्लू सिंह यादव को पुलिस ने जानकारी दी गई तब वहां समधन चौकी पर पहुंचे लेकिन शव न मिलने से वहां मोर्चरी में जाकर शव की शिनाख्त विवेक कुमार के नाम से की गई। वाद में चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने शव का पंचनामा भरा गया।

# ऑल-विमेन राफ्टिंग टीम को डीएम ने किया रवाना

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

### मेंहदीघाट से रिवर राफ्टिंग टीम को फ्लैग ऑफ कर कानपुर के लिए किया गया रवाना


टीम को रवाना करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, प्रभागीय वनाधिकारी हेमन्त सेठ एवं सीएमओ बीएसएफ डॉ प्रवीण कुमार झा, कमांडेड इन चीफ मनोज सुंदर याल की उपस्थित में गंगोत्री से प्रारंभ होकर गंगा सागर तक जाने वाली ऑल-विमेन राफ्टिंग अभियान की महिला टीम को हर्षोल्लास के साथ विदाई कर मेंहदीघाट से रिवर राफ्टिंग टीम को फ्लैग ऑफ कर कानपुर नगर के लिए रवाना किया। जिलाधिकारी ने टीम को जनपद का इत्र भेट किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तत्वाधान में गंगोत्री से गंगासागर के लिए बीएसएफ महिला जवानों का दल एक ऐतिहासिक यात्रा के लिए मां गंगा की गोद में निकला है।

पूरी टीम राफ्टिंग के माध्यम चल रही है और जो महत्वपूर्ण स्थान हैं वहां लोगों से मिलकर दो संदेश दे रहे हैं। जिसमे एक मां गंगा की निर्मलता व अविरलता बनाये रखने और दूसरा महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं को स्वालंबन की बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि एक दल कन्नौज में रुककर कन्नौज के इत्र व कल्चर, भूमि, पर्यावरण का अनुभव लिया। बच्चों के उत्साह बर्धन व महिलाओं के मोटिवेशन हेतु कई कार्यक्रम हुए जिसमें राफ्टिंग टीम की बालिकाओं, महिलाओं ने अपना- अपना अनुभव भी साझा किया। कहा कि ऑल-विमेन राफ्टिंग अभियान टीम अगले पढ़ाव के लिए जनपद से प्रस्थान कर रही है। उनकी यह मेहनत निश्चय रूप से मां गंगा की निर्मलता व अविरलता और महिलाओं को जागरूक करने में सहायक बनेगी।

### निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**सुलतानपुर, समृद्धि न्यूज।** जनपद के जयसिंहपुर अंतर्गत सेमरी बाजार में लोकाधिकार सेवा समिति द्वारा रविवार को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों का पहले निशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। फिर जरूरतमंदों को चश्मा भी वितरित किया गया। इस मौके पर 7600 लोगों को नि:शुल्क चश्मा वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने संस्था के लोगों के इस प्रयास का सराहना किया। तहसीलदार हृदयराम तिवारी ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर संस्था के कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया। लोकाधिकार सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि प्रतिवर्ष संस्था द्वारा हर वर्ग के लोगों को बिना भेदभाव के निशुल्क कंबल व चश्मा का वितरण किया जाता है।

# ग्रामसभा की जमीन अवैध रूप से कर दी बिक्री, जांच शुरू

**ग्रामीण ने डीएम से रखी शिकायत, जांच करने पहुंचे नायब तहसीलदार**

**तिर्वा, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


जमीन की पैमाइश करती राजस्व विभाग की टीम

हसेरन कस्बे में ग्राम सभा की जमीन की अबैध रूप से बिक्री करने के मामले को लेकर रविवार को नायब तहसीलदार ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। उन्होने मामले की पूरी रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम को भेज दी है।

हसेरन निवासी जितेन्द्र कुमार ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि गांव के ही राजेश शुक्ला पुत्र अंगद प्रसाद ने ग्रामसभा की सरकारी जमीन को अबैध रूप से बेचा दिया है। डीएम ने एसडीएम तिर्वा को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए थे। डीएम के आदेश पर एसडीएम तिर्वा ने रविवार को नायब तहसीलदार को राजस्व विभाग की टीम के साथ हसेरन भेजकर मामले की जांच करने को कहा। एसडीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की।

पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम को सौंप दी। मामले में एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार ने बताया कि बिक्री की गई जमीन पर मकान व दुकानें बनी हुई है। नायब तहसीलदार की रिपोर्ट के आधार पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

शहनाइयों की गूंज से गुलजार हुआ क्रिश्चियन ग्राउंड....

# 180 युगल जोड़े के कराये गये पाणिग्रहण संस्कार

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह

- दांपत्य जीवन शुरू करने पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दीं शुभकामनायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाज कल्याण विभाग की ओर से क्रिश्चियन इंटर कालेज फर्रुखाबाद के क्रीड़ास्थल में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। प्रथम पूज्य श्री गणेश भगवान व अन्य देवताओं की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कई मण्डपों में वैवाहिक संस्कार सम्पन्न किये गये। मुस्लिम युगल के निकाह हेतु एक मण्डप सुसज्जित किया गया था। कुल 185 विवाह कराने का रजिस्ट्रेशन हुआ था, लेकिन मौके पर 180 ही पहुंचे। जिस पर 179 का विवाह व 01 का निकाह सम्पन्न कराया गया। गायत्री मंत्र के साथ पाणिग्रहण संस्कार कराये गये। सामूहिक रुप से वधू-वर एक दूसरे को वरमाला पहनायी। पंडितजी ने वर-वधू से सात वचनों का उच्चारण कराकर साथ निभाने की शपथ दिलायी। चार भांवरों में लड़की आगे रही व तीन भांवरों में लड़का आगे रहा। इस प्रकार सात भांवरें पूरी करायी गयीं। सभी देवों को वर वधू ने प्रणाम किया। मथुरा-वृन्दावन की नृत्य मंडली द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किये गये। नृत्य के बोल थे, बजावे बीन मथुरा की जिगर के पार हो जावे,। सामूहिक विवाह संस्कार सम्पन्न होने के उपरान्त जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, अमृतपुर के विधाक सुशील शाक्य, भोजपुर के विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, कायमगंज की विधायक डॉ. सुरभि, जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अरविन्द मिश्रा व नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार, उप जिला मजिस्ट्रेट फर्रुखाबाद सदर आदि ने विवाह के प्रमाण पत्र, उपहारों का ब्रीफकेस के साथ अपना आशीर्वाद वर वधू को दिया व उनके ऊपर पुष्पवर्षा की। तदोपरान्त अतिथियों ने भोजन ग्रहण किया। इस प्रकार नव विवाहित युगलों ने सुखद भविष्य की आशाओं के साथ जीवन के नवीन सोपान में पदार्पण किया।



युगल जोड़ों पर पुष्पवर्षा करते जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी

# खेत से ट्रैक्टर निकालने पर दबंगों ने पिता-पुत्र को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

खेत से ट्रैक्टर निकालने पर दबंगों ने पिता-पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव बराविकू निवासी शिवम पुत्र राजेश ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि वह गाँव के अवनीश का ट्रैक्टर चलाकर गुजर बसर करता है। रविवार को समय लगभग 9:30 बजे सुबह ट्रैक्टर लेकर खेत जोतने जा रहा था। रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे गॉव के नवनीत, अजीत, विकास पुत्रगण रामदास व रामदास पुत्र नामालूम अपने हाथों में लाठी-डन्डे लेकर आये तथा नवनीत हाथ में तमन्चा लिए था। उपरोक्त लोगो ने मुझे ट्रैक्टर से खींचकर मां-बहन की गलियाँ देते हुए लाठी-डन्डों से मारने पीटने लगे। चीखने चिल्लाने पर उसके पिता राजेश बीच बचाव के लिए आ गये। उपरोक्त लोगों ने उन्हें भी मारपीटा और नवनीत ने तमंचे की वट से मारा तथा मेरी जेब से पाँच हजार रुपये व मोबाइल फोन निकाल लिया। गाँव वाले आ गये जिन्होंने बीच बचाव कराया। उपरोक्त लोगों ने कहा अगर तूने दोबारा ट्रैक्टर मेरे खेत से निकाला, तो तुम्हें जान से मार देंगे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर पिता-पुत्र का मेडीकल परीक्षण करवाया।



घटना की जानकारी देते पीड़ित पिता-पुत्र



सीएचसी में भर्ती घायल बालक

## आवारा कुत्ते के हमले से बालक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** आवारा कुत्ते के हमले में बालक घायल हो गया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार आवारा नगर में अवारा कुत्तों का काफी आतंक है। बालक पर हमले का यह कोई पहला मामला नहीं है। बीते दो महीनों में करीब आधा दर्जन लोगों पर हमला कर आवारा कुत्ते हमले कर जख्मी कर चुके हैं। इसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है, जबकि नगरवासी कई बार आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग कर चुके हैं। ऐसा ही एक मामला रविवार को सामने आया। कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव जिजौटा बुजुर्ग निवासी देवांश उम्र 6 वर्षीय पुत्र शिवकुमार सिंह घर के बाहर शौच करने गया था, तभी आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्चे की चीख पुकार सुनकर लोग लाठी-डन्डे लेकर दौड़ पड़े और कुत्ते को भगाया तथा घायल बच्चे को परिजन तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

# बाइक व टेंपो की भिड़ंत में टेंपो चालक की मौत, तीन घायल

- मृतक के दो पुत्र हैं राजेपुर के प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह सोलंकी आदि पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार बाइक व टेंपो की भिड़ंत में टेंपो चालक की मौत हो गयी, जबकि बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये। घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान टेंपो चालक की दर्दनाक मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चित्रकूट निवासी ज्ञानेंद्र पुत्र ब्रजपाल सिंह उम्र 40 वर्ष टेम्पो चलाने का कार्य करता था। ज्ञानेन्द्र गाँव में सड़क किनारे मकान का निर्माण करा रहा था। वह ट्रैक्टर से मौरम लेकर अपने आ रहा था। अचानक टेंपो उन्होंने घर के सामने मोड़ दिया। तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवारों ने टेंपो में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार 50 मीटर उछलकर जमीन पर जा गिरे, जबकि बाइक टेंपो में घुस गयी। जिससे टेंपो चालक ज्ञानेंद्र के साथ ही बाइक सवार 17 वर्षीय उपेन्द्र पुत्र धनीराम, 25 वर्षीय सागर व 24 वर्षीय अभी पुत्र संजय निवासी कनकापुर राजेपुर घायल हो गये। चारों को 108 एम्बुलेंस के ईएमटी सूरज ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ उपचार के दौरान टेंपो चालक ज्ञानेंद्र ने दम तोड़ दिया। ज्ञानेद्र की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी मधु का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के दो पुत्र हैं। राजेपुर के प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह सोलंकी आदि पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।



मृतक का फाइल फोटो



घटनास्थल पर पड़ी क्षतिग्रस्त बाइक, मौजूद पुलिस व ग्रामीण आदि

# आजीवन कारावास की सजा काट रहे केंद्रीय कारागार के कैदी की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय कारागार में निरुद्ध आजीवन कारावास के कैदी को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल लाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पर पुलिस ने जाँच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद हरदोई के निवासी 71 वर्षीय नन्हें पुत्र बोदिल कनिवासी कुतुआपुर बिलग्राम हरदोई केंद्रीय कारागार में एक हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। रविवार सुबह 4:50 बजे नन्हें की हालत गम्भीर होने पर बंदी रक्षक अनूप कुमार व जितेन्द्र कुमार ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ चिकित्सक नें कैदी नन्हें को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मृतक की पत्नी रामश्री व गोद लिया भतीजा अनिल कुशवाहा लोहिया अस्पताल पहुंचे। अनिल ने बताया कि साल 1983 में नन्हें ने गाँव के ही विजय बहादुर की हत्या कर दी थी। जिसके बाद साल 2018 में नन्हें को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया था। भाईदूज पर अनिल जेल में बंदी नन्हें से मुलाकात करने गया था। सेन्ट्रल जेल के कारापाल ने बताया कि नवंबर 2022 में बंदी नन्हें को जिला कारागार हरदोई से सेन्ट्रल जेल फतेहगढ़ शिफ्ट किया गया था। बंदी को श्वांस लेने की तकलीफ थी। जिसके चलते जेल अस्पताल में भी भर्ती किया गया था।




केंद्रीय कारागार फतेहगढ़

## खबरें एक नजर में

### कढ़ाई में गिरकर महिला झुलसी



सीएचसी में मौजूद घायल महिला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विवाह में खाना बना रही महिला का पैर फिसल जाने से वह कढ़ाई में गिरकर गम्भीर रुप से झुलस गयी। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र से सटे ग्राम प्रेम नगर निवासी सत्यवती उम्र 60 वर्ष शादी विवाह में खाना बनाने का काम करती है। रविवार सुबह बुढ़नापुर गाँव में खाना बना रही थी, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया। जिससे वृद्धा खौलते घी की कढ़ाई पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। आनन्द-फानन में घायलावस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

### पुरानी रंजिश में मारपीट कर किया घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की एनसीआर दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के ग्राम ईसापुर निवासी सलीम उर्फ पप्पू पुत्र शहनूर ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया कि मैं मस्जिद नवाज पढ़ने गया था। नमाज पढ़कर वापस आते समय पुरानी रंजिश को लेकर एहशन उर्फ हंबा पुत्र इसरार, जावेद पुत्र आसन ने गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एनसीआर पंजीकृत कर ली है।

### घर में घुसकर पीटा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव हमीरपुर निवासी अंकित तिवारी ने गांव के रहीस, अमित, आदेश, शिवा, विकास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया है कि विगत 16.11.2024 की सायं 7.30 बजे मैं खेत से घर आ रहा था, तभी रास्ते में रहीस अपने दरवाजे पर खड़े होकर हमें गाली-गलौज करने लगा। मैं अपने घर भाग आया। पीछे सभी नामजद आरोपीगण भी लाठी-डन्डा लेकर मेरे घर घुस आए और मुझे मारने पीटने लगे। मेरे चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव वाले मुझे बचाने आए, तो आरोपियों ने उन्हें भी मारापीटा। हमें जान से मारने की धमकीं देकर चले गये।

### बरगदिया घाट गंगा किनारे पड़ी अपशिष्ठ सामग्री को किया भू-विसर्जित



गंगा किनारे पड़ी अपशिष्ठ सामग्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा फतेहगढ़ मण्डल के मीडिया प्रभारी राहुल राठौर ने बरगदिया घाट पर गंदगी देखकर नाराजगी जतायी और अनेक प्रकार की पड़ी सामग्री को भू-विसर्जित किया। पिछले दिनों बरगदिया घाट पर तुलसी विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। साथ ही कार्तिक पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में लोगों ने गंगा घाट पहुंचकर स्नान किया था। बड़ी संख्या में पॉलीथिन व अन्य सामग्री एवं कूड़ा पड़ा देखकर हैरानी जतायी और गड्ढा खोदकर अपशिष्ठ सामग्री को भू-विसर्जित किया। उन्होंने संदेश दिया कि घाटों की साफ-सफाई रखे यह हम सबका दायित्व है और गंदगी न रखे। आचार्य पवन मिश्रा ने खंडित मूर्तियां व अन्य सामग्री को भू-विसर्जित करवाया।

## खेत जोतने गये ग्रामीण को दबंगों ने भगाया

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खेत जोतने गये दबंगों ने ग्रामीण को अपना खेत बताकर भगा दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहरा लगायी है।

पीड़ित आनन्द शर्मा पुत्र रामसरन शर्मा निवासी ग्राम बीसलपुर बांगर थाना नवाबगंज का निवासी है। पीड़ित की पैतृक भूमि गाटा संख्या-44/0.0285हे0 भूमि ग्राम बीसलपुर में स्थित है। जिस पर पीड़ित का ही कब्जा है। पीड़ित ने अपने खेत की परेवट दिनांक 10.11.2024 को की थी। पीड़ित जब 15.11.2024 को ट्रैक्टर से खेत जुतवाने के लिए गया, तो गांव के ही संदीप कुमार, प्रदीप कुमार पुत्र हरीशंकर यादव निवासी उपरोक्त ने पीड़ित को गाली-गलौज कर खेत से भगा दिया। जबकि उपरोक्त लोगों ने करीब छह माह पूर्व प्रार्थी व उपरोक्त लोगों के खेतों की पैमाइश क्षेत्रीय लेखपाल व कानूनगो द्वारा करायी गयी थी और अब उपरोक्त लोग पीड़ित के खेत को अपना कहने लगे हैं।

# पूर्व सांसद राजवीर सिंह ने सांसद के भाई को दी श्रद्धांजलि



सांसद के साथ मौजूद राजवीर सिंह राजू भैया व अन्य

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

- पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू भैया का किया गया स्वागत

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह के पुत्र पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू भैया का जोरदार स्वागत किया गया।

बताते चलें कि बीते दिन सांसद मुकेश राजपूत के भाई राजीव राजपूत का निधन हो गया था। जिस पर रविवार को पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू भैया थाना नवाबगंज के ग्राम अचरा रोड वीरपुर में पहुंचे। जहां उनका भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने स्व. राजीव राजपूत को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, सांसद मुकेश राजपूत के अलावा अन्य कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

# डीएम का आदेश बेअसर, आवारा घूम रहे जानवर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रशासन के तमाम प्रयास के बाद भी नगर में आवारा जानवर भ्रमण करते दिखायी दे रहे हैं। जो कभी-कभी राहगीरों के लिए दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।

जानकारी के अनुसार जहां शासन हर ब्लाकों में गौशालाओं का निर्माण करवा रहा है, ताकि आवारा जानवरों को गौशाला में रखा जाये, लेकिन शासन के इस आदेश का शत-प्रतिशत पालन नहीं हो रहा है। जिससे कई आवारा जानवर नगर में भ्रमण करते दिखायी दे रहे हैं।

कभी-कभी तो यह आवारा जानवर राहगीरों के लिए दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। बीते माह कादरीगेट पर एक आवारा सांड ने एक वृद्ध को पटक दिया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी थी। ऐसे कई मामले हैं जिसमें राहगीर आवारा जानवरों से चोट खा चुके हैं। नगर पालिका केवल खानापूर्ति तक ही सीमित रहती है। बीते दिन जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह ने आवारा जानवरों को गौशाला में बंद करने के आदेश दिये थे, लेकिन जिलाधिकारी के आदेश का पालन नहीं हो रहा है।



नगर में विचरण करते आवारा जानवर

# युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत से क्षेत्र में छाया मातम



मृतक का फाइल फोटो

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव हुसैनपुर हड़ाई निवासी युवक की जनपद मैनपुरी में मार्ग दुर्घटना में अकस्मात मौत हो गई। जिससे क्षेत्र में मातम छा गया।

जानकारी के अनुसार अभिजीत प्रताप सिंह उर्फ सौरभ पुत्र अनिल कुमार सिंह निवासी हुसैनपुर हड़ाई अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। वहीं वह ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे सौरभ की दर्दनाक मौत हो गई। युवक की 4 नवंबर 2023 को पिछले वर्ष ही शादी हुई थी। एक वर्ष बाद ही मार्ग दुर्घटना ने युवक की जान ले ली। दुर्घटना की जानकारी होते ही सौरभ की पत्नी पूनम और माता मंजू का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस घटना ने पूरे ही परिवार को झकझोर कर रख दिया है। मैनपुरी जनपद में मृतक युवक के शव का पोस्टमॉर्टम होने के उपरांत युवक की अंत्येष्टि पांचाल घाट फर्रुखाबाद के लिए ले जाया गया। और रविवार की रात अंतिम संस्कार किया गया। सैकड़ों लोगों ने युवक को नम आंखों से विदाई दी।

- दुर्घटना की जानकारी होते ही सौरभ की पत्नी पूनम और माता मंजू का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस घटना ने पूरे ही परिवार को झकझोर कर रख दिया

## रील बनाने के चक्कर में भाभी ने देवर को पिटवाया

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी अनीस पुत्र रणधीर सिंह ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 16.11.2024 को समय करीब 10.30 बजे मेरे साथ मेरे भाई के साले विकास पुत्र अजीत सिंह, आकाश पुत्र अजीत सिंह निवासी तेरावास पोस्ट गंधिया थाना राजेपुर मेरे घर आए एवं मामूली विवाद जो की मेरी भाभी मोबाइल पर रील बनती थी उसका मैंने विरोध किया था। इसी वजह से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एनसीआर दर्ज कर ली है।



सीएचसी में भर्ती युवक

## महिला समेत दो की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग स्थानों पर महिला सहित दो की हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां डियूटी पर तैनात चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सधवाड़ा निवासी अर्चना उम्र 48 वर्षीय पत्नी संजीव कुमार की हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने अर्चना को मृत घोषित कर दिया। वहीं कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जटवारा निवासी सौरभ उम्र 35 वर्षीय पुत्र चन्द्र सिंह की भी हालत गम्भीर होने पर परिवारीजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 अमित कुमार ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही दोनों के परिजनों में कोहराम मच गया।

# शौच करने गई दलित युवती के साथ दबंगों ने की छेड़छाड़

- विरोध करने पर आरोपियों ने बंदूक व लाठी-डंडों से पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शौच करने गई दलित युवती के साथ दबंगों ने की छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों व उनके परिजनों ने लाठी-डंडों से पीटा। साथ ही बन्दूक से धमकाया। पीड़िता ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित परिवार की 19 वर्षीय युवती ने शमशाबाद थाना क्षेत्र के ही गांव गदनपुर चैन निवासी सुमित कुमार पुत्र बबलू, विजय कुमार पुत्र नामालूम तथा संजू, गुड्डू, अरुण कुमार एवं गोविंद सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा वह एक दलित परिवार कठेरिया जाति की युवती है। 17 नवंबर की शाम 6:30 बजे के करीब शौच करने नाले की तरफ गई थी। पहले से घात लगाए बैठे सुमित तथा विजय ने रास्ता रोक लिया और जबरन छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों द्वारा गाली-गलौज किया गया। शोर मचाए जाने पर आरोपियों के परिजनों संजू, गुड्डू, अरुण तथा गोविंद आ गए। उनके हाथों में लाठी-डंडे तथा बंदूक थी। बंदूक के साए में आरोपियो ने लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। साथ ही जाते-जाते जातिसूचक गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने सभी आरोपियों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना पुलिस के अनुसार पीड़ित युवती द्वारा तहरीर दी गई है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने बनाये पदाधिकारी

## मुकेश को मण्डल संगठन के अलावा मिली जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी


प्रमोद गुप्ता को मनोनयन पत्र सौंपते प्रदेश मंत्री आदेश अवस्थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री आदेश अवस्थी ने प्रमोद गुप्ता को संगठन का कार्यकारी जिलाध्यक्ष घोषित करते हुए उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। कानपुर मंडल के संगठन मंत्री पद पर मुकेश गुप्ता के नाम की घोषणा की। प्रदेश मंत्री ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग का हवाला देते हुए संगठन को पूरी क्षमता के साथ संचालित करने की पदाधिकारियों से अपेक्षा की।

कादरीगेट नरकसा स्थित रिद्ध-सिद्धि पैलेस में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रमोद गुप्ता ने जिला कमेटी के पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए सर्वेश अग्रवाल को जिला चेयरमैन तथा प्रीति तिवारी को भारतीय महिला उद्योग व्यापार मंडल का जिलाध्यक्ष घोषित किया। इसके साथ ही अजय मेहरोत्रा को नगर अध्यक्ष सदर तथा रविकांत गुप्ता को फतेहगढ़ का नगर अध्यक्ष बनाया।

कार्यकारी जिलाध्यक्ष ने संदेश अग्रवाल को युवा व्यापार मंडल का जिलाध्यक्ष एवं प्रबल महेश्वरी को युवा जिला महामंत्री घोषित किया। अन्य पदाधिकारियों में जितेंद्र अग्रवाल को नगर महामंत्री, सुभाष बंसल को जिला उपाध्यक्ष, नरेन्द्र नाथ अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष, अर्चना द्विवेदी को महिला जिला महामंत्री व अर्चना वर्मा को महिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंकज गुप्ता को जिलाध्यक्ष उद्योग मंच, आनंद मोहन वर्मा को जमापुर व्यापार मंडल अध्यक्ष, वीरेंद्र सिंह को महामंत्री जमापुर बनाया गया। मुकेश गुप्ता को जिला मीडिया प्रभारी की अतरिक्त जिम्मेदारी सर्वसम्मति से सौंपी गयी।

जिलाध्यक्ष बने प्रमोद गुप्ता ने सभी को साथ लेकर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि व्यापार और व्यापारी के हित में वह सभी के साथ खड़े हैं। मण्डल संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता ने कहा कि संगठन चाहे जितने ने हो सभी का उद्देश्य एक है व्यापारियों का हित, इसलिए हम किसी से अलग नहीं हैं सामंजस्य बनाकर काम किया जायेगा और राष्ट्रीय अध्यक्ष की अपेक्षा पर खरे उतरने का प्रयास होगा। उन्होंने बताया कि पांच दर्जन से अधिक व्यापारियों ने दूसरे गुटों से इस्तीफा देकर हमारे साथ आने की घोषणा की है सभी का स्वागत है।

जिले में आए दिन बनने वाले नए व्यापारिक संगठनों के बारे में पूछने पर कानपुर मंडल के नए बने संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता ने बताया कि संगठन चाहे कितने भी बने सभी संगठनों का एक ही उद्देश्य होना चाहिए व्यापारिक हित में कार्य करना। इस प्रकार जितने भी ज्यादा संख्या में व्यापारिक संगठन बनेंगे, उतने ही ज्यादा कार्य व्यापारी हित के लिए संपन्न होंगे।

जिस प्रकार दीपक चाहे मिट्टी का हो या किसी धातु का चाहे तेल से जलाया जाए चाहे घी डालकर जलाया जाए सभी दीपकों का उद्देश्य केवल प्रकाश करना ही होता है इसी प्रकार सभी व्यापारिक संगठनों का उद्देश्य एक समान ही होना चाहिए केवल व्यापारिक कल्याण। मुकेश गुप्ता ने बताया कि हम किसी भी व्यापारिक संगठन का कभी भी विरोध नहीं करते हैं, विभिन्न संगठनों का कार्य करने का अपना-अपना अलग-अलग तरीका हो सकता है, लेकिन जहां कहीं भी व्यापारिक हित की बात आए तो हम सभी संगठनों को एक मत होकर आपस में सामंजस बनाकर कार्य करना चाहिए ना कि आपस में विरोधाभास उत्पन्न करके किसी टकराव के उत्पन्न करने की कोशिश करें।

### 68 व्यापारियों ने उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट छोड़ा

**फर्रुखाबाद।** दूसरे गुटों से व्यापार मण्डल छोड़कर आये पदाधिकारियों में सर्वेश अग्रवाल, सुभाष बंसल, नरेन्द्र पाल, अरविन्द गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, मुकेश गुप्ता, जितेन्द्र अग्रवाल, मुकेश मिश्रा, अजय मेहरोत्रा, गनेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, गौरव रस्तोगी, प्रदीप गोयल, आदर्श कटियार, मिथलेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, रविकांत गुप्ता, प्रबल महेश्वरी, संदेश अग्रवाल, आकाश गुप्ता, संदीप सक्सेना, प्रशांत राठौर, राजेश गुप्ता, संदीप सक्सेना, लाल जी सक्सेना, अखिलेश पाण्डेय, नितिन गुप्ता, राहुल बंसल, सम्मी पाण्डेय, अनिल गुप्ता, आनंद मोहन वर्मा, सुशील अग्रवाल, गनेश गुप्ता, राजीव पुरवार, संजय सक्सेना, मुकेश बाथम, बृजेश गुप्ता, राजीव गुप्ता, अखिल वर्मा, सुभाष गोयल, दीपिका गुप्ता, आनंद गुप्ता, प्रीती तिवारी, अर्चना वर्मा, अर्चना द्विवेदी, स्नेहलता अग्निहोत्री, गायत्री मिश्रा, राममोहन राठौर, संजय रस्तोगी, अरुण कुमार गुप्ता, आलोक गुप्ता, अंकित कटियार, सनी गुप्ता, लकी कनौजिया, अनुराग, सोमिल अग्रवाल, किशन शर्मा, अर्पण अग्रवाल, राहुल कुमार, कुलदीप, सौरव गुप्ता, शिवम अग्निहोत्री, शुभम राजपूत, गोविन्द कश्यप, शुशांत शर्मा, अमन शर्मा, उपेन्द्र राजपूत आदि 68 लोगों ने आरोप-प्रत्यारोप के बीच उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट छोड़कर भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की सदस्यता ग्रहण की। शीघ्र ही पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। उसमें जनपद के व्यापारी भाग लेगें।

# प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभा यात्रा

**इटावा।** कलितारन गुरु नानक आया श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव को मुख रखते हुए शोभा यात्रा गुरुद्वारा करमगंज से निकाली गई जिसमें संगतों ने भक्ति में लीन होकर गुरु महाराज जी की खुशियां प्राप्त की। शोभा यात्रा में गुरु नानक देव का संदेश अव्वल अल्लाह नूर उपाया, कुदरत के सब बन्दे एक नूर ते सब जग उपज्या कौन भले कौ मंदे भजनों चित्रों स्लोगन आदि के माध्यम से दिया गया। बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे गुंजायमान हुए श्री गुरु ग्रंथ साहिब का स्वरूप यात्रा में साथ था गुरु ग्रंथ साहिब को नमन करने में कोई भी श्रद्धालु एक दूसरे से पीछे नहीं रहना चाहता था जिसकी सेवा मुख्य ग्रंथी इटावा संभाल रहे थे। पुष्प वर्षा के बीच जगह-जगह श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी में चल रहे पांच प्यारों के साथ ही विशेष पोशाकों में सजे बच्चों का भी स्वागत सत्कार किया।

# सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह आज, 76 जोड़े होगें एक-दूजे के

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


समारोह की तैयारियों का जायजा लेते आयोजक मनोज अग्रवाल

17वां सेवावृत दिवस सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह का आयोजन 18 नवम्बर सोमवार को मधुर गेस्ट हाउस में सम्पन्न होगा। पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल अपने पिता स्व0 विशन स्वरुप अग्रवाल के संस्कारों से प्राप्त सेवावृत दिवस समारोह को मना रहे है। सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह में 76 जोड़े एक-दूजे के होगें। पिछले 17 सालों से मनोज अग्रवाल व उनकी पत्नी चेयरमैन वत्सला अग्रवाल सामूहिक विवाह करा रहे है। उनका उद्देश्य है कि जो लोग अपनी बेटियों की शादी करने में असमर्थ है हम अपने प्रयासों से ऐसी बेटियों का विवाह कराने के लिए तत्पर रहते है। इस बार 76 बेटियों का विवाह होगा। जिसकी तैयारियां पूर्ण हो गयी है। सोमवार को मधुर मिलन गेस्ट हाउस में मंच एवं मंडप तैयार हो गये है। देर शाम मनोज अग्रवाल व उनके पुत्र देवांश अग्रवाल ने पहुंचकर मधुर मिलन में पाण्डाल का जायजा लिया और व्यवस्था ठीक-ठाक रखने के निर्देश दिये। मंगल अनुष्ठान शाम 5 बजे से सम्पन्न होगा, जो देर रात तक चलता रहेगा। नगर पालिका के ठेकेदार व अन्य समर्थक भी मौजूद रहे।

# वोटर्स पार्टी ने हवन पूजन कर मनाया स्थापना दिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


स्थापना दिवस पर हवन करते वोटर्स पार्टी के लोग

वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल के आठवें स्थापना दिवस पर भारत विकलांग संयुक्त मोर्चा वीपीआई लोधी रोड फतेहगढ़ कार्यालय पर हवन पूजन कर स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि सादेश अली मसीह द्वारा विश्व परिवर्तन मिशन केंद्र कार्यालय एवं जिलाध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र सिंह राजपूत के चयन का प्रस्ताव किया।

सभा में करतल ध्वनि से प्रस्ताव स्वीकार किया गया। उन्होंने पार्टी के अब तक किए गए संघर्षों के बारे में अवगत कराते हुए आगामी दिल्ली में 25 नवंबर से सांसद राहुल गांधी के साथ व सांसद डिंपल यादव एवं सांसद चंद्रशेखर आदि के आवासों पर संवैधानिक लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन में भागीदारी करने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम संयोजक व प्रदेश अध्यक्ष वैद्य वीरेंद्र कुमार आर्य ने कहा कि संगठन को मजबूत किया जायेगा और ऊर्जावान दिव्यांगजनों के सम्मेलन पर विचार रखा। उनको न्याय व उचित अधिकार दिलाने के लिए विचार व्यक्त किये। इस मौके पर श्याम सिंह राजपूत, देवराज सिंह, रामराज सिंह, नरेश गांधी, सुरेश चंद्र, परशुराम, राम लड़ैते, सुनीता, मालती, महताब, रीतू देवी आर्या, दिव्या आर्या, ऐश्वर्या आर्या, कांति, शीला, कुंती, सिया देवी, शिल्पी, रोली आदि मौजूद रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा का बकाया परिश्रमिक भुगतान किये जाने की उठायी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संतोष दुबे व सतेन्द्र सिंह

पुलिस भर्ती परीक्षा में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के पारिश्रमिक भुगतान किये जाने को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संतोष दुबे व जिला संयुक्त मंत्री सतेन्द्र सिंह ने जिला विद्यालय कार्यालय पहुंचकर डीआईओएस को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि विभिन्न विद्यालयों में पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन 23, 24, 25 व 31 अगस्त को हुआ था। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने निर्धारित ड्यूटी की थी। परीक्षा के बाद कुछ केंद्रों से जानकारी हुई है कि अभी तक परीक्षा ड्यूटी का पारिश्रमिक भुगतान नहीं हुआ है। जिसमें रखा बालिका इंटर कालेज, एनएकेपी बालिका इंटर कालेज, रामानंद बालिका इंटर कालेज के परीक्षा का पारिश्रमिक भुगतान नहीं हुआ है। जबकि अन्य केंद्रों का परीक्षा पारिश्रमिक भुगतान कर दिया गया है। पुलिस भर्ती परीक्षा में शेष केंद्रों का भुगतान किया जाये। जिसको लेकर ज्ञापन सौंपा।

# पुष्कर भारद्वाज का फेडरेशन कप दिल्ली के लिया हुआ चयन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


पुष्कर भारद्वाज

19 से 23 नवंबर तक फेडरेशन कप प्रतियोगिता के लिए जनपद के पुष्कर भारद्वाज का चयन किया गया। इंडिया आर्गेनाइजेशन द्वारा दिल्ली में स्थित तालकटोरा स्टेडियम में प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें नेशनल शोतोकन कराटे एसोसिएशन इंडिया द्वारा जनपद से पुष्कर कराटे एकेडमी में पुष्कर भारद्वाज का चयन हुआ है।

आरती भारद्वाज व पारस भारद्वाज ने कहा कि यह गर्व की बात है कि नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है जो जनपद के लिए गौरव की बात है। संस्था के संरक्षक ठाकुर सर्वेद्र सिंह, सोनू ठाकुर, लालजी सक्सेना, सुमन राठौर, सतीश तिवारी, प्रदीप गौर, प्रतिष्ठा ठाकुर, पप्पी गुप्ता, संजीव कटियार आदि ने पुष्कर भारद्वाज को बधाई दी है। वह प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हुए। सभी ने उन्हे बधाई देकर दिल्ली भेजा।

# कुर्क कृषि भूमि पर खड़ी सरसों की फसल को किया गया नष्ट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


मौके पर मौजूद अधिकारीगण

माफिया की कुर्क की गई कृषि भूमि पर कुछ दबंगों ने सरसों की फसल बोकर कब्जा कर लिया। जिसकी जानकारी होने पर राजस्व टीम ने पुलिस के साथ पहुंचकर कुर्क भूमि पर खड़ी फसल को नष्ट करवाकर जमीन को दबंगों से मुक्त कराया।

ग्राम अर्राहपहाड़पुर के निकट मण्डी व रेलवे क्रासिंग के मध्य भूमि वक्फ हनुमान जी महाराज विराजमान मंदिर बाग नम्बर 436 के नाम से तहसील अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि पर माफिया अनुपम दुबे व उसके सहयोगियों द्वारा अपराध करके अर्जित की गई है। जिसे कोतवाली फर्रुखाबाद पर धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट में जिला मजिस्ट्रेट के आदेश 18 मई 2023 के अनुपालन में तहसीलदार सदर को प्रस्तावक नियुक्त कर उपरोक्त भूमि को उनके स्वामित्व में दिया गया था। 17 नवम्बर को सूचना मिली कि उक्त कुर्क भूमि पर सरसों की फसल खड़ी है। सूचना मिलने पर थाना मऊदरवाजा द्वारा मय फोर्स राजस्व विभाग की टीम की मौजूदगी में कुर्क भूमि पर खड़ी फसल को नष्ट कर कुर्क भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

# नवनिर्मित मंदिर में हुई शिव परिवार की मूर्ति स्थापना

जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।

मोहल्ला फर्दनवीस में नव निर्मित मंदिर में शिव परिवार के साथ मां दुर्गा व हनुमानजी की मूर्ति स्थापना को लेकर नगर में गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के बाद मंदिर में हवन, पूजन व वैदिक रीति रिवाज के साथ मूर्ति की स्थापना की गई।

नगर के मोहल्ला फर्दनवीस में महादेव सर्वेश्वर महाराज के मंदिर का निर्माण कराया गया है। काशीनाथ निवासी लोकतंत्र सेनानी रहे ओमप्रकाश श्रीवास्तव के पुत्रों द्वारा निर्मित कराए गए मंदिर में भगवान शिव, माता पार्वती, नंदी, मां दुर्गा व हनुमानजी की मूर्ति स्थापित थी। मंदिर में स्थापित कुछ मूर्तियां खंडित हो गई थीं। मंदिर में नई मूर्तियों की स्थाना के लिए रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ शुभ मुहूर्त में स्थापना स्थल से हुआ। मंदिर से निकली शोभायात्रा पानी की टंकी, टाउन बिजली, झंडा चौराहा, द्वारिकाधीश मंदिर, बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर, सब्जी मंडी होते हुए साहनी वाली गली से पुनः मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा में भक्त भजनों की मधुर ध्वनि पर थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे।

# गोवंश की सेवा ही सच्ची सेवा, गोवंशों को गुड़ खिलाकर किया पूजन

- गोसेवा आयोग के सदस्य ने चतेला पहुंच गौशाला का किया निरीक्षण

कदौरा, जालौन, समृद्धि न्यूज।


चतेला गोशाला का निरीक्षण करते राजेश सिंह सेंगर।

गोसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने विकास खंड के ग्राम पंचायत चतेला स्थित गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गोवंशो की नियमित देखरेख करें। भूसा, चारा पानी आदि की कमी नही होनी चाहिए।

विकासखंड कदौरा के गांव चतेला में रविवार को गोसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने गोशाला पहुंचकर गोवंशों को गुड़ खिला कर फूल माला डालकर पूजन किया। गोवंशों के लिए भूसा, हरा चारा, दाने के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बेहतर गोशाला संचालन के लिए प्रधान की सराहना की। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) संतोष बाबू गौतम ने बताया कि गोशालाओं में तैनात केयर टेकर दिन व रात्रि में ड्यूटी करते है।

पशुपालन की टीम नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करती है। सेक्टर प्रभारियों के साथ साथ नोडल अधिकारी भी बनाए गए है। जो गोशालाओं का निरीक्षण करते है। सभी गौशालाएं सीसीटीवी कैमरों से लैस है।

आयोग के सदस्य ने नगर पंचायत द्वारा संचालित कान्हा गोशाला और क्षेत्र की खुटमिली गांव स्थित गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखी। इस दौरान प्रधान मोहम्मद आवेश, सचिव अर्चना प्रजापति, मनोज वर्मा, रामसिंह, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# संजीव मिश्रा बने व्यापार मण्डल के प्रांतीय उपाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा ने जनपद की स्थिति को देखते हुए संजीव मिश्रा बॉबी को प्रदेश कमेटी में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनित किया है। साथ ही जनपद में व्यापारियों में आपसी फूट को दूर करने के लिए निर्देशित किया कि व्यापारियों में समन्वय बनाकर संगठन को मजबूत करें।

पिछले दिनों सदानंद शुक्ला को जिलाध्यक्ष, पालीवाल को महामंत्री, उपाध्यक्ष लालू कनौजिया व राजू गौतम को बनाया गया था। एक कार्यक्रम में संजीव मिश्रा बॉबी को नहीं बुलाया गया। जिससे नाराज होकर समर्थक मिश्रा गुट छोड़ने लगे। इस बात को संज्ञान में लेकर प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने संजीव मिश्रा बॉबी को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनित किया।


संजीव मिश्रा बॉबी

संजीव मिश्रा बॉबी के प्रांतीय उपाध्यक्ष बनने पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला व जिला उपाध्यक्ष लालू कनौजिया सहित अन्य व्यापारियों ने उन्हे बधाई दी। संजीव मिश्रा बॉबी ने बताया कि मुझे मनोनयन पत्र प्राप्त हो गया है। संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए सबके साथ मिलजुल कर कार्य किया जायेगा और रेलवे रोड की समस्या का निराकरण के लिए व्यापार मण्डल का प्रतिनिधित्व मण्डल चेयरमैन व ईओ से मिलेगा।

# आरोपियों पर कार्यवाही करने के बजाय पुलिस ने पीड़ित को ही थाने में बैठाया

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

गंगा स्नान करने आये युवक के साथ हुई लूट की घटना के मामले में अभी तक क्या कार्यवाही हुई इसकी जानकारी करने जब वह शमशाबाद थाने पहुंचा तो एसओ ने उसके साथ अभद्रता की और उसे ही थाने में बिठा लिया, पीड़ित ने ऐसा आरोप लगाया है।

बताते चले कि दीपक पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम मोती नगला पैलानी उत्तर थाना कलान जनपद शाहजहांपुर जो 15 नवम्बर को करीब समय सुबह 10 बजे अपने रिश्तेदार ड्राइवर जयवीर पुत्र खूब सिंह निवासी हुस थाना निगोही जनपद शाहजहांपुर की ओमनी गाड़ी संख्या यूपी 27एई/1739 के साथ पूर्णिमा पर्व पर गंगा स्नान करने आया था। ढाई घाट शमशाबाद से स्नान करके वापस गाड़ी से जाने लगे, तभी बारामासी बाबा आश्रम के पास 15 लोग लाठी-डंडे लिये थे, जिन्होंने मेरी गाड़ी रोंक ली। सभी ने मिलकर ड्राइवर के साथ मारपीट शुरु कर दी। मोबाइल व 10300 रुपये व दुकान व घर की चाबी जबरियन जेब से निकाल ली। हम बचाने गये तो आरोपियों ने मुझे भी मारा और गले से सोने की चेन तोड़ ली। गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। कुछ लोगों को मैने पहचान लिया। जिसमें एक व्यक्ति उमेश पुत्र नरेन्द्र व उसका पिता, हरीराम पुत्र नामालूम, विपिन, सर्वेश पुत्र नामालूम निवासी मंझा शरीफपुर थाना शमशाबाद के विरुद्ध थाने में तहरीर दी थी। उस दौरान पुलिस ने पीड़ित से कहा था कि जांच कर कार्यवाही करेंगे। रविवार को जब वह थाने शमशाबाद पहुंचकर घटना के संदर्भ में दिये गये प्रार्थना पत्र अभी तक क्या कार्यवाही हुई जानकारी करनी चाहीं तो पीड़ित का आरोप है कि थानाध्यक्ष ने भद्दी भद्दी गालियां दी और थाने में बैठा लिया और तूझे जेल भेजेगें। इस संदर्भ में संवाददाता ने जानकारी करनी चाहीं तो कोई सम्पर्क नहीं हो सका।

# ताईबाई की प्रतिमा देवनगर चौराहे पर ही लगनी चाहिए: सिंह

जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।


ताई बाई की फोटो के साथ मौजूद अतिथिगण।

ऐतिहासिक व्यक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। उनकी स्मारक लोगों को इतिहास से परिचित कराते हैं। इसलिए नगर की गौरव रही ताई बाई कर प्रतिमा नगर के देवनगर चौराहे पर लगाई ही जानी चाहिए। यह बात पूर्व आईपीएस नरेंद्र प्रताप सिंह ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही।

पूर्व विधायक चौधरी गरीब दास के आवास पर आयोजित एक बैठक में पूर्व आईपीएस नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता पूर्व जालौन एक राज्य रहा है। सन् 1840 में महाराजा गोविंदराव की मृत्यु के बाद अंग्रेजों ने जालौन राज्य को ईस्ट इंडिया कंपनी में मिलाने की घोषणा कर दी। लेकिन जालौन राज्य की जनता और जालौन राज्य की अंतिम शासिका ताईबाई ने इस विलय को स्वीकार नहीं किया। बिठूर के पेशवा नाना धुंधू पंतज ने तात्या टोपे को भेजकर पेशवाई के अधिकार से नाना गोविंद राव की नातिन ताई बाई के पांच वर्षीय पुत्र गोविंदराव को जालौन राज्य का राजा घोषित कर दिया और उनके संरक्षक के रूप में ताई बाई को शासन चलाने की जिम्मेंदारी सौंपी गई। ताई बाई ने जालौन राज्य में स्वतंत्र क्रांतिकारी सरकार की घोषणा कर दी। अंग्रेजों को यह बर्दाश्त नहीं हुआ और 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में ताईबाई ने डटकर अंग्रेजों का मुकाबला किया था। लेकिन अंग्रेजों के संसाधानों के आगे उन्हें पराजित होना पड़ा।

इसके बाद भी उन्होंने अंग्रेजों की दासता स्वीकार नहीं की। जिसके बाद अंग्रेजों ने उन्हें बिहार की मुंगेर जेल में जीवन पर्यत के लिए भेज दिया। 1870 में जेल में ही उनकी मृत्यु हुई। वहीं अंग्रेजों ने जालौन भव्य किले को नष्ट कर दिया। किले को खोदकर तत्कालीन अंग्रेज अफसर पीजे व्हाइट ने व्हाइट गंज बाजार बना दिया जिसे अब बैठगंज कहते हैं। उन्होंने कहा कि जालौन राज्य के लिए जान देने वाली क्रांतिकारी शासिक का अंग्रेजों ने इतिहास में स्थान नहीं दिया। लेकिन अब उन्हें याद किए जाने की आवश्यकता है। ताकि आने वाली पीढ़ियां उनसे पराक्रम से परिचित हो सकें। ऐसे में नगर के देवनगर चौराहे पर न सिर्फ उनकी प्रतिमा लगाई जाए बल्कि उनके ऐतिहासिक पराक्रम से भी लोगों को परिचित कराया जाए। बैठक का संचालन कैलाश पाटकार ने किया। इस मौके पर बौद्धिक काउंसिल ग्रुप के अध्यक्ष वाचस्पति मिश्रा, महेंद्र प्रताप सिंह, बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रदुम्न दीक्षित, एके त्रिवेदी, भगवती प्रसाद मिश्रा, योगेंद्र राठौर शशिकांत आदि मौजूद रहे।

असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा

# भाजपा की सरकार बनते ही सहारा में फंसा पाई-पाई लौटाएंगे

एजेंसी

**गोड्डा।** असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि आपकी जो पीड़ा है, वो भाजपा का कष्ट है। हम आपसे वादा करते हैं कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही सहारा में फंसा आपलोगों को पाई-पाई धन लौटा देंगे। सरमा रविवार को महगामा में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा, हेमंत सोरेन बोले थे कि जब लड़कियों की शादी होगी तो उनको सोने का सिक्का मिलेगा। ये सोने का सिक्का कहां गया। ये सारा सोना का सिक्का आलमगीर आलम खा गए। उनके घर से 35 करोड़ रुपये बरामद हुए। सोने का सिक्का गरीब को नहीं मिला लेकिन आलमगीर आलम को मिला ताकि ये लोग वोट जिहाद कर सकें। सरमा ने कहा कि 20 तारीख को महगामा में चुनाव होने वाला है। 43 सीटों पर चुनाव हो चुका है। मैं कह सकता हूं कि भाजपा सरकार बनाने के लक्ष्य में आगे बढ़ी है। भाजपा को रोकने में कोई सफल नहीं होगा।

सरमा ने कहा कि पिछली जनसभाओं में लोग मुझको आकर कह रहे थे जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में शुक्रवार को स्कूल बंद होते हैं। क्योंकि, लोगों को नमाज पढ़ना होता है। शुक्रवार को नमाज पढ़ने के लिए बंद होते हैं तो मंगलवार को भी हनुमान पूजा के लिए बंद होना चाहिए। इन लोगों के दिमाग में घुस गया है कि हमें एक ही पक्ष का वोट चाहिए। आपका वोट नहीं चाहिए। उनको उन्हीं लोगों का वोट चाहिए जो लोग शुक्रवार को स्कूल बंद करते हैं।

सरमा ने कहा कि रामनवमी पर कोई जुलूस निकलना चाहता है तो पुलिस बाधा डालती है। गढ़वा में दुर्गा पूजा का विसर्जन करने नहीं देते। लोहरदगा में विसर्जन करने नहीं देते लेकिन मोहर्रम पर शोभा यात्रा होती है, जुलूस निकलते हैं। डंडा लेकर लोग घूमते हैं। हिंदू भाइयों को पीटा जाता है। पुलिस कुछ नहीं करती है।

क्योंकि, इस झारखंड सरकार को खाली घुसपैठियों से प्यार है। हमारे साथ उनका कोई संबंध नहीं है। विधानसभा में नमाज पढ़ने के लिए रूम बना देते हैं। मुस्लिम विधायकों को नमाज पढ़ने के लिए अलग रूम चाहिए तो हिंदू भाईयों को हनुमान चालिसा पढ़ने के लिए अलग रूम नहीं चाहिए क्या।

सरमा ने कहा कि संथाल परगना में 1951 में हिंदू 90 प्रतिशत थे लेकिन आज घटकर 67 प्रतिशत हो गए जबकि मुसलमान बढ़कर 31 प्रतिशत हुए। क्या ये देश का मुसलमान है या हमारे देश में घुसपैठिए आ चुके हैं। एनडीए उम्मीदवार आशोक कुमार को जिता दीजिए। घुसपैठियों को चुन-चुनकर हम बाहर निकालेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे समाज और हमारी संस्कृति पर झारखंड में खतरा में है। घुसपैठिया आते हैं और हमारी आदिवासी बेटियों को बरगलाकर जमीन हड़पने के लिए शादी करते हैं। मुखिया चुनाव लड़ने के लिए शादी करते हैं।

### तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने हमारे वृहद झारखंड के अधिकारों को रौंदा : हेमंत सोरेन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि भाजपा की तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने हमारे वृहद झारखंड के अधिकारों को रौंदा।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को पोस्ट पर लिखा है कि वृहद झारखंड को अलग-अलग टुकड़ों में अन्य राज्य में रहने दिया। अब भाजपा झारखंड को टुकड़े-टुकड़े करना चाहती है। भाजपा सासंद संसद में बयान देते हैं कि संथाल को अलग कर देंगे। सोरेन ने लिखा कि झामुमो और मेरे खून का एक-एक कतरा तब तक इनसे लड़ेगा, जब तक ये हार नहीं जाते। झारखंड एक था, एक है और एक रहेगा। राज्य की मंईयां ने तानाशाहों के खिलाफ उलगुलान का आह्वान कर दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के सर्वोच्च पुरस्कार का नाम भगवान बिरसा मुंडा, भगवान सिदो-कान्हू के नाम पर होगा। अबुआ सरकार की पहली कैबिनेट का यह पहला फैसला होगा।



## जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस कर रही योग्यता की हत्या : पीडीपी

एजेंसी

**श्रीनगर।** पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने आज जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) पर योग्यता की हत्या करने का आरोप लगाया और कहा कि पार्टी द्वारा आरक्षण को तर्कसंगत बनाने के लिए किए गए झूठे वादे सच्चाई से परे हैं।

मुफ्ती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आरक्षण को तर्कसंगत बनाने के झूठे वादों के जरिए जम्मू-कश्मीर के युवाओं को धोखा देने वाली पार्टी द्वारा योग्यता की दिन-दहाड़े हत्या की जा रही है । उनकी टिप्पणी अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज द्वारा विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में रिक्तियों के लिए विज्ञापन जारी करने के बाद आई है। उपलब्ध 17 सीटों में से केवल तीन ओपन मेरिट उम्मीदवारों के लिए हैं, जबकि अन्य सीटें पिछड़े क्षेत्रों के निवासियों (आरबीए) अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) सहित विभिन्न श्रेणियों के लिए आरक्षित हैं।पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी और मीडिया सलाहकार इल्तिजा मुफ्ती ने एनसी पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य का दर्जा ही एकमात्र मांग है, जिसके लिए वे निर्बाध सत्ता का आनंद लेना चाहते हैं। हाल ही में हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए अपने घोषणापत्र मे एनसी ने केंद्र शासित प्रदेश में आरक्षण नीति की समीक्षा करने और असंतुलन को ठीक करने का वादा किया था।



## विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी, नवंबर में अभी तक निकाले 22,420 करोड़ रुपए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली पिछले सप्ताह भी लगातार जारी रही। नवंबर के महीने में विदेशी निवेशक अभी तक स्टॉक मार्केट से 22,420 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। माना जा रहा है कि घरेलू शेयर बाजार के हाई वैल्यूएशन, डॉलर इंडेक्स में आई तेजी, अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में हुई बढ़ोतरी और चीन में बढ़ रहे एलोकेशन की वजह से विदेशी निवेशक दुनिया के कई शेयर बाजारों की तरह भारतीय शेयर बाजार में भी बिकवाली करके अपना पैसा निकल रहे हैं।



स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार नवंबर के महीने में अभी तक विदेशी निवेशक लिवाली और बिकवाली को मिलाकर 22,420 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी कर चुके हैं। इसके पहले अक्टूबर के महीने में भी विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 94,017 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। अक्टूबर महीने में बिकवाली का ये आंकड़ा घरेलू शेयर बाजार के इतिहास में विदेशी निवेशकों द्वारा किसी एक महीने में की गई बिकवाली का अभी तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

इसके पहले मार्च 2020 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में एक महीने में 61,973 करोड़ की शुद्ध बिकवाली की थी। अक्टूबर के पहले सितंबर के महीने में विदेशी निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में 57,724 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जो पिछले 9 महीने का सर्वोच्च स्तर था। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि आने वाले दिनों में विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रह सकती है। खासकर चीन द्वारा राहत पैकेज का ऐलान करने के बाद विदेशी निवेशक अपनी पूंजी बड़ी मात्रा में चीन के स्टॉक एक्सचेंज में शिफ्ट कर रहे हैं। इसके लिए वे भारत समेत दुनिया के कई स्टॉक एक्सचेंज में पिछले 1 महीने से लगातार बिकवाली करके पैसे की निकासी कर रहे हैं। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि अमेरिकी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद डॉलर इंडेक्स मजबूत हुआ है। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में भी बढ़ोतरी हुई है। इसकी वजह से विशेष रूप से अमेरिकी निवेशक दुनिया भर के बाजारों से अपना पैसा निकालने में लगे हुए हैं।

### डॉ. भागवत ने नवनिर्मित शेर सिंह कार्की विद्यालय भवन का किया लोकार्पण



**देहरादून, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को नेपाल और चीन की सीमा से सटे उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में मुवानी स्थित नवनिर्मित शेर सिंह कार्की विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। दरअसल, संघ प्रमुख डॉ. भागवत चार दिवसीय दौरे पर शनिवार को ही पिथौरागढ़ पहुंचे हैं। 19 नवंबर तक उनके विभिन्न कार्यक्रम हैं। पिथौरागढ़ में रात्रि विश्राम के बाद रविवार को संघ प्रमुख जिला मुख्यालय से मुवानी पहुंचे। मुवानी स्थित नवनिर्मित शेर सिंह कार्की विद्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। उनके स्वागत पर स्कूली बच्चों ने लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान उन्होंने विधिवत दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत सरसंघचालक डॉ. भागवत ने नवनिर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण किया।

## खबरें एक नजर में

### रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के कस्टमर केयर नंबर पर मिली धमकी

**मुंबई।** मुंबई स्थित रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के कस्टमर केयर नंबर पर शनिवार को धमकी भरा फोन मिलने के बाद पुलिस एलर्ट हो गई है। रिजर्व ऑफ इंडिया की सुरक्षा रक्षक की तरफ से इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एमआरए पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस के अनुसार शनिवार को अज्ञात व्यक्ति ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के कस्टमर केयर नंबर पर फोन कर कहा कि वह लश्कर-ए-तैयबा का सीईओ है, पीछे का रास्ता बंद कर दीजिए, इलेक्ट्रिक कार खराब हो गई है। इसके बाद फोन करने वाले ने फोन डिसकनेक्ट कर दिया। फोन कॉल के बाद बैंक के सुरक्षा रक्षक ने एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है।

### प्रधानमंत्री ने मराठी समुदाय की जड़ों से जुड़े रहने के लिए की सराहना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नाइजीरिया के मराठी समुदाय की अपनी संस्कृति एवं जड़ों से जुड़े रहने के लिए सराहना की। प्रधानमंत्री ने यह सराहना नाइजीरिया के मराठी समुदाय द्वारा मराठी भाषा को एक शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त किये जाने के अवसर पर की। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, नाइजीरिया में, मराठी समुदाय ने मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। यह वास्तव में सराहनीय है कि वे अपनी संस्कृति एवं जड़ों से कैसे जुड़े हुए हैं।

### हमारी सरकार अच्छी चल रही है जेकेएनसी अध्यक्ष : फारूक अब्दुल्ला

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में एनसी-कांग्रेस सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है व उन्होंने अपने चुनावी घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने का आश्वासन दिया। जेकेएनसी अध्यक्ष अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा कि हमारी सरकार बहुत अच्छी चल रही है हम अपने घोषणापत्र में किए गए वादों को 5 साल में पूरा करेंगे। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती के उस बयान के बारे में पूछे जाने पर जिसमें उन्होंने जेकेएनसी से अनुच्छेद 370 पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा था उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसे बयान नहीं देने चाहिए हमारा घोषणापत्र इस (अनुच्छेद 370) के बारे में स्पष्ट है।

### आयोग ने आचार संहिता उल्लंघन 7,784 शिकायतों का समाधान किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में चुनाव आयोग (ईसी) ने पिछले एक महीने में आचार संहिता उल्लंघन की 7,784 शिकायतों का समाधान किया है और 557 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय द्वारा रविवार को दी गयी जानकारी में बताया गया कि विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए 15 अक्टूबर से 16 नवंबर के बीच पूरे राज्य में सी-विजिल एप्लिकेशन पर कुल 7,820 शिकायतें प्राप्त हुईं। नागरिक चुनाव आयोग द्वारा विकसित सी-विजिल मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन के बारे में शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

### ज्ञान परंपरा की भूमि रही है नालंदा : राज्यपाल

**राजगीर।** बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने नालंदा की भूमि को ज्ञान परंपरा की भूमि बताया और कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा सभी विषयों को स्पर्श करती है। श्री आर्लेकर ने रविवार को नालंदा विश्वविद्यालय के परिसर में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से आयोजित नालंदा ज्ञान कुंभ के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नालंदा की भूमि ज्ञान परंपरा की भूमि रही है। यहां आए हुए प्रतिनिधि, शोधार्थी एवं शिक्षाविद ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा सभी विषयों को स्पर्श करती है। वर्ष 2047 में हम सभी भारतीय ज्ञान परंपरा को साथ लेकर विकसित भारत के निर्माण में सहयोग करेंगे।

### सीएम हेमंत को संताली समाज की चिंता नहीं : चम्पाई सोरेन

**गिरिडीह।** झारखंड के कोल्हान टाईगर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को गिरिडीह के गांडेय की भाजपा प्रत्याशी मुनिया देवी के समर्थन में चुनावी सभा में भाजपा प्रत्याशी के सर्मथन में वोट देने की अपील की। चंपाई सोरेन ने सीएम हेमंत सोरेन और कांग्रेस पर जमकर प्रहार किए और कहा कि वोट बैंक बनाने के लिए हेमंत सोरेन सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को मेहमान बना लेगी, ये कौन जानता था। उन्होंने कहा कि उनकी आदिवासी बेटियां और बहनें सुरक्षित नहीं है। अब तो उन्हें खुद भी आदिवासी कहने में संकोच लगता है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में अत्याचार हो रहा है। राज्य के सीएम वोट बैंक की छाया में सो रहे है। ऐसा नहीं चलेगा। या तो सीएम हेमंत को जागना होगा या फिर बांग्लादेशियों को झारखंड में रहने नहीं दिया।

## बीसीसीआई ने दिया बड़ा अपडेट केएल राहुल पूरी तरह से फिट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत होने में अब कुछ दिन ही शेष हैं। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच पर्थ में 22 नवंबर से खेला जाएगा। इस मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल की चोट को लेकर अपडेट दिया है।



बीसीसीआई ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, मैच सिमुलेशन के पहले दिन कोहनी में चोट लगने के बाद केएल राहुल ठीक हो गए हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। वीडियो में टीम के फिजियोथेरेपिस्ट्स ने भी पुष्टि की कि राहुल मेडिकली पूरी तरह से फिट हैं। वहीं केएल राहुल ने कहा कि मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं और पहले टेस्ट मैच के लिए तैयार हूं। केएल राहुल को पहले टेस्ट में रोहित शर्मा के रिप्लेसमेंट का पहला दावेदार माना जा रहा है, क्योंकि रोहित के पहले टेस्ट के दौरान उपलब्ध रहने को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। वह इस टेस्ट के पहले टीम से जुड़ पाएंगे या नहीं यह अभी तक साफ नहीं है। ऐसे में केएल राहुल पर्थ टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग करने के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल चोटिल हो गए हैं।

### भारतीय टीम आज मैत्री फुटबॉल मैच में मलेशिया से भिड़ेगी

**गाचीबावली ।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम मुख्य कोच मनोलो मार्केज के नेतृत्व में सोमवार को एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में चिर प्रतिद्वंदी मलेशिया के खिलाफ खेलने उतरेगी। यह मैच हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम में होगा। भारतीय टीम इस मैच के जरिए साल की पहली जीत तलाश रही है। ऐसे में भारतीय टीम के लिए यह मैच काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। मुख्य कोच मनोलो मार्केज के लिए भी यह अहम मैच होगा। जुलाई में इगोर स्टिमैक की जगह मनोलो मार्केज को भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया गया है। इसके बाद टीम ने उनकी कोचिंग में तीन मैच खेले हैं, जिनमें से एक में उसे हार का सामना करना पड़ा है, जबकि दो मैच ड्रॉ रहे हैं। ओवरऑल भारतीय टीम ने इस साल 10 मैच खेले हैं, जिनमें से छह में उसे हार का सामना करना पड़ा है और चार मैच ड्रॉ रहे हैं। भारतीय टीम ने 12 अक्टूबर को वियतनाम के खिलाफ अपना पिछला मुकाबला 1-1 से ड्रॉ खेला था।

## जरूरतमंदों व वंचितों को सर्दी से बचाने के लिए माण्डवी फाउंडेशन ने वितरित किए कपड़े



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** माण्डवी फाउंडेशन द्वारा राजाजीपुरम तालकटोरा थाने के पास गरीब और वंचित लोगों के बीच कपड़े वितरित करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाने और जरूरी वस्त्र प्रदान करना था। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने बताया कि यह कदम समाज के कमजोर वर्ग के लिए एक छोटी सी मदद है, जो उन्हें सर्दी और अन्य कठिनाइयों से राहत दिलाने में सहायक होगा।

कार्यक्रम में करीब 70 महिलाओं और बच्चों को सर्दी से बचने के लिए नए और उपयोगी कपड़े प्रदान किए गए। इसके अलावा, संस्था ने आने वाले दिनों में ऐसे और भी कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है ताकि इस सर्द मौसम में अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जा सके। इस तरह के कार्यक्रम न केवल जरूरतमंदों को राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में एकजुटता और भाईचारे का संदेश भी फैलाते हैं। कार्यक्रम में शामिल बच्चों और महिलाओं ने इस पहल के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में माण्डवी फाउंडेशन की टीम में प्रज्ञा सिंह, सेनू गुप्ता, चांदनी पाण्डेय, मीनाक्षी देवल (मीना), सोनी रावत, सुधा शर्मा, जैसिका सिंह, साक्षी सिंह, आलोक त्रिपाठी, अजय राजपूत, अंकित पाण्डेय, आलोक कश्यप, सचिन देवल, अमरेन्द्र सिंह, जय सिंह, वीर राठौर आदि ने कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

## परिवारवाद व भ्रष्टाचार में सबसे आगे महाआघाड़ी गैंग

### मुख्यमंत्री धामी ने ठाणे में भाजपा व महायुति संगठन के लिए की मांगे वोट

समृद्धि न्यूज

**देहरादून/महाराष्ट्र।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को महाराष्ट्र के कई विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया। मुख्यमंत्री धामी ने अपनी जनसभाओं में कहा कि महाआघाड़ी गैंग परिवारवाद व भ्रष्टाचार में सबसे आगे है। महाआघाड़ी के नेता खुलेआम वीर सावरकर का अपमान करते हैं और इस पर बाला साहेब ठाकरे का उत्तराधिकारी बताने वाले उद्धव ठाकरे चुप्पी साधे बैठे रहते हैं।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने भायंदर ठाणे विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार नरेन्द्र लाल चंद मेहता, वर्तक नगर ठाणे (ईस्ट) में संयुक्त रूप से कोपरी-पचपखड़ी विधानसभा क्षेत्र से महायुति संगठन व शिवसेना उम्मीदवार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, ओवला मजीवाड़ा सीट से शिवसेना उम्मीदवार प्रताप सरनाइक और ठाणे शहर विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संजय केलकर के पक्ष में जनता से वोट की अपील की। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कांग्रेस में चाचा नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक ने दलितों और बाबा साहेब का अपमान किया है। महाआघाड़ी गैंग के नेताओं ने महाराष्ट्र को तुष्टिकरण की प्रयोगशाला बनाया हुआ है। यह चुनाव महाराष्ट्र की जनता के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। इस चुनाव में हम सभी को एकजुट होकर ऐसी सरकार का गठन करना है जो सनातन संस्कृति में आस्था रखती हो और राष्ट्रवाद एवं विकास को प्राथमिकता देते हुए महाराष्ट्र को विकास के पथ पर तेजी से आगे ले जाने का कार्य करे। धामी ने कहा कि महाआघाड़ी ने कभी भी महाराष्ट्र के विकास को प्राथमिकता नहीं दी। इस गठबंधन को अपने व्यक्तिगत विकास की चिंता है। इनके नेताओं ने हमेशा सनातन का विरोध किया। राजनीतिक स्वार्थ के चलते जनकल्याणकारी योजनाओं को रोकने जैसे कुकृत्य किए। इसके विपरीत, आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महायुति का गठबंधन राष्ट्रवाद और विकास को प्राथमिकता दे रहा है।

इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री अमरजीत मिश्रा, पूर्व महापौर डिंपल मेहता, प्रदेश संयोजक उत्तराखंड सेल महेंद्र सिंह गुंसाई, संजय बागुले, अरविंद टोनी, प्रकाश शिंदे, शैलेश पांडेय, प्रवक्ता रविंद्र दत्ता, मंडल अध्यक्ष हयात सिंह राजपूत, जेडी तिवारी, अनिल, ललिता दलवीर रौतेला, अर्जुन रावत मौजूद रहे।



#### डबल इंजन की सरकार में तेजी से हुआ विकास

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देश में जहां भी डबल इंजन की सरकार बनी है, वहां विकास की गति तेज हुई है। डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में ही उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का कानून बन सका है। इसके अलावा हमने कड़ा धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया है और लैंड जिहाद से मुक्ति के लिए मिशन स्तर पर कार्य करते हुए 5,000 एकड़ से अधिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। धामी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण हो रहा है। प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व में आस्था के केंद्रों का पुनर्स्थापन और वैभव का पुनर्निर्माण संभव हुआ है। यह समय है कि महाराष्ट्र की जनता भी भाजपा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने में सहयोग करे। उन्होंने जनता से भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जनता में भाजपा के प्रति उत्साह और विश्वास दिखाई दे रहा है, यह स्पष्ट है कि ठाणे क्षेत्र की सभी विधानसभा क्षेत्रों में महायुति संगठन की जीत तय है।

### डबल इंजन की सरकार ने झारखंड को पीछे लाने का कार्य किया : कल्पना

**पाकुड़/गिरिडीह।** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में कल्पना सोरेन ने रविवार को पाकुड़ और डुमरी में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। कल्पना सोरेन ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने दोगुनी ताकत से झारखंड को पीछे लाने का कार्य किया। भाजपा के बड़े-बड़े नेता प्रदेश में मंडरा रहे हैं। ये उनकी सत्ता से दूर रहने की बेचैनी का प्रतीक है। कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा जब सत्ता में रही तो हजारों स्कूल बंद कर बच्चों को शिक्षा से वंचित कर दिया, 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर लोगों को अन्न के अधिकार से वंचित कर दिया। यहां के विकास का पैसा केंद्र सरकार के जरिये भाजपा शासित राज्यों को भेजकर झारखंड के लोगों के साथ अन्याय किया लेकिन महागठबंधन की सरकार ने लोगों को उनका अधिकार दिया, उत्कृष्ट विद्यालय शुरू कर बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान कर रहें हैं। हमने आधी आबादी को मजबूत करने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। यह राशि अब एक हजार से 2500 होने वाली है।

## भाजपा झारखंड से बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाने का करेगी काम : जेपी नड्डा

### जनसभा में कांग्रेस, झामुमो व राजद पर जमकर निशाना साधा

एजेंसी

**बोकारो।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस, झामुमो और राजद पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने घुसपैठ के मामले पर कहा कि भाजपा झारखंड से बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाने का काम करेगी। कोई भी बांग्लादेशी आदिवासियों की जमीन नहीं ले पाएगा।



नड्डा रविवार को बोकरो के गोमिया में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कोशिश कर रही है कि बांग्लादेशी घुसपैठ के जरिए लैंड जिहाद कर सके। इसमें हेमंत सरकार भी मदद करती है। उन्होंने कहा कि ये घुसपैठिए मदरसों में ठहरते हैं। इनका आधार कार्ड भी बनता है। इसके बाद हेमंत सरकार इन्हें जमीन उपलब्ध कराने का काम करती है। इसमें सिर्फ हेमंत सोरेन ही नहीं कांग्रेस और राजद भी भ्रष्टाचारी है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। नड्डा ने कहा कि झारखंड में छह लेन का ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण होगाए जो बनारस से कोलकाता वाया रांची तक जाएगा। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना के तहत हर बहन को प्रति माह 2100 रुपये दिया जाएगा और लक्ष्मी जोहार योजना के तहत 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। राज्य में भाजपा की सरकार आने पर दो लाख 87 हजार युवाओं को नौकरी दी जाएगी। साथ ही सरकार पांच लाख युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी।

नड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने आप लोगों के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। झामुमो ने पांच साल में झारखंड के आदिवासी राज्य को केवल लूटा है। उन्होंने 15 नवंबर को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी प्रशंसा की। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी आजकल ओबीसी की बात कर रहे हैं। संविधान की किताब लेकर घूम रहे हैं और कह रहे हैं कि उन्हें ओबीसी की बहुत चिंता है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जब मंडल आयोग की रिपोर्ट आई तो उनकी दिवंगत दादी उस पर क्यों बैठी रहीं और उस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी को मुझे बताना चाहिए कि उन्होंने केंद्र में वीपी सिंह की सरकार बनने और भाजपा का समर्थन मिलने का इंतजार क्यों किया। भाजपा के समर्थन के बाद ही मंडल आयोग लागू किया गया और ओबीसी को आरक्षण का दर्जा दिया गया।